रांची, रविवार
01:10:2023

देश/विदेश 11 | यूक्रेन वनाम रूस के युद्ध से सबक ले चुकी है ... | झारखंड 9 | लाभुकों को... | अभिव्यक्ति 6 | दिल का खिलौना हाय टूट ... | टाइगर श्रॉफ की फिल्म .. 10



अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर

## हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 268 | epaper.rashtriyakhabar.com | आश्विन, कृष्णपक्ष द्वितीया, विक्रम संवत 2080

web: www.rashtriyakhabar.com

## विदुर नीति

यः काममन्यू प्रजहाति राजा पात्रे प्रतिष्ठापयते धनं च।
विशेषविच्छुतवान् क्षिप्रकारी तं सर्वलोकः कुरुते॥

**भावार्थ** : जो राजा काम तथा क्रोध का परित्याग कर देता है, सुपात्र को धन देता है, किसी विषय में विशेषज्ञ होता है, शास्त्रज्ञ होता है तथा कर्तव्य को शीघ्रता से पूर्ण करता है उसको सभी प्रमाण मानते हैं।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
| --- | --- |
| 25.00 °c | 22.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .36 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .40 बजे

## आरोप › छत्तीसगढ़ की बघेल सरकार को भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा बताया

# विपक्ष का महिलाओं की एकजुटता तोड़ने का कुचक्र : प्रधानमंत्री मोदी

- ओबीसी के मुद्दे पर अधिक ध्यान
- जनसभा में निशाने पर कांग्रेस रही
- केंद्र की योजनाओं की तारीफ की



राष्ट्रीय खबर

**बिलासपुर:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला आरक्षण अधिनियम में अन्य पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिए आरक्षण के प्रावधान किए जाने की मांग पर विपक्ष पर सीधा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह महिलाओं की एकजुटता को जातिवाद से तोड़ने के लिए तरह तरह के कुचक्र रच रहा हैं। श्री मोदी ने आज यहां भाजपा परिवर्तन महासंकल्प रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि तीन दशक से लम्बित महिला आरक्षण विधेयक को संसद में मजबूरी में समर्थन देने के बाद उसके पास होने पर घमंडिया गठबंधन के लोग गुस्से से भरे हुए है। उनकी नींद हराम हो गई है।वह डर के कारण नए नए खेल कर रहे है। वह महिलाओं की एकजुटता से डर गए है। उन्होने कहा कि वह नया खेल कर रहे हैं,बहनों में फूट डालना चाहते है। उनकी कोशिश हैं कि महिलाएं संगठित नही हो और उन्हे जातिवाद के जरिए तोड़ा जाय। भांति भांति के झूठ फैला दिया जाय। उन्होंने लोगो से हर परिवार में आपकी बेटी के भविष्य को उज्जवल बनाने वाले इस विधेयक को लेकर विपक्ष की झूठ फैलाने की कोशिशों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि आपकी सतर्कता से उनकी एकजुटता को तोड़ने की कोशिशें कामयाब नही होगी। श्री मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्हे मोदी और मोदी की योजनाएं दोनो ही पसन्द नही है। मोदी से कांग्रेस की नफरत का कारण हैं कि पिछड़े समाज से आया व्यक्ति प्रधानमंत्री कैसे बन गया। मोदी के बहाने वह पूरे पिछड़े समाज को गाली देते है। ओबीसी को गाली देते है। कांग्रेस ने दलित समाज के रामनाथ कोविंद के राष्ट्रपति बनने का विरोध किया तो दूसरी बार आदिवासी समाज की द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने का विरोध किया। उनका विरोध वैचारिक होता तो समझा जा सकता है,पर उन्होने तो भाजपा के ही पूर्व नेता को समर्थन दे दिया।उनके यहां कोई दलित आदिवासी नही बल्कि एक परिवार के यहां हाजिरी लगाने वाला ही बढ़ सकता है।

छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए श्री मोदी ने आरोप लगाया कि वह आकंठ भ्रष्टाचार मे डूबी हुई है और केन्द्र सरकार द्वारा राज्य के विकास के लिए दी जाने वाली राशि और केन्द्र की योजनाओं का सही ढ़ग से क्रियान्वयन नही कर रही है,जिससे लोगो खासकर गरीबों को उसका लाभ नही मिल पा रहा है।राज्य की जनता आतंक, भ्रष्टाचार,एवं कुशासन से त्रस्त है।रोजगार के नाम पर घोटाले ही घोटाले है।हर योजना में भ्रष्टाचार है।उन्होने कहा कि भाजपा की परिवर्तन यात्राओं ने कमाल कर दिया और लोगो ने अब इस सरकार को विदा करने का तय कर लिया है। उन्होने कहा कि पिछले पांच वर्ष में हजारों करोड़ रुपये केन्द्र ने छत्तीसगढ़ को दिए,हमने छत्तीसगढ़ के लिए पैसे की कमी नही होने दी,यह बात वह ही नही बल्कि कांग्रेस सरकार के उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव ने सार्वजनिक मंच से स्वीकार की।

›› पेज 2 भी देखें

### चुनावों में पार्टी की हर बूथ पर जीत जरूरी है

उन्होने कहा कि भाजपा का संगठन छत्तीसगढ़ में बहुत मजबूत है,लेकिन चुनावों में पार्टी की हर बूथ पर जीत जरूरी है। कार्यकर्ताओं को संकल्प लेने की जरूरत हैं कि जब तक हर बूथ पर पार्टी को जीत नही मिलती वह चैन से नही बैठेंगे। भाजपा ने इस रैली का आयोजन गत 15 सितम्बर को राज्य में दो स्थानों दंतेवाडा एवं जशपुर से निकाली गई दो परिवर्तन यात्राओं के समापन के मौके पर किया था। राज्य में नवम्बर में विधानसभा के आम चुनाव होने है।रैली को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव ने भी सम्बोधित किया। अन्य लोगो के अलावा पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा.रमन सिंह भी रैली में मौजूद थे।

## देश को ग्रामीण विकास की राह दिखाता महाराष्ट्र का यह गांव

# हिवरे बाजार को करोड़पतियों का गांव कहा जाता है



- गांव में शराब प्रतिबंधित है पूरी तरह
- श्रमदान से जलस्तर को ऊपर किया
- खेती से तकदीर बदल रहे हैं ग्रामीण

राष्ट्रीय खबर

**मुंबई:** 235 परिवारों और लगभग 1,250 की आबादी वाले इस गांव में सफलता की ऐसी कहानियां भरी पड़ी हैं। 1995 में, प्रति व्यक्ति मासिक आय लगभग 830 रुपये। अब, यह तीस हजार रुपये प्रतिमाह का आंकड़ा पार कर गया है। इस गांव में रहने वाले करीब तीन सौ परिवारों में अस्सी परिवार करोड़पति हैं। इसी वजह से इसे अब करोड़पति गांव भी कहा जाता है।

दो दशक से कुछ अधिक समय पहले, हिवरे बाजार एक उम्मीद विहीन गांव था। यह साल-दर-साल सूखे से जूझता रहा। कुओं में पानी नहीं था। भूमि गंभीर रूप से खराब हो गई थी क्योंकि पेड़ों को काट दिया गया था और जलाऊ लकड़ी के रूप में इस्तेमाल किया गया था या बेच दिया गया था। नौकरी के अवसर नहीं थे। वहाँ अनेक अवैध शराब के अड्डे थे और शराबखोरी सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रही थी। 1972 के बाद जब भीषण सूखा पड़ा तो शांति भंग हो गई। जैसे-जैसे जीवित रहने का संघर्ष गंभीर होता गया लोग चिड़चिड़े और बेचैन हो गए। गांव वालों ने शराब पीना शुरू कर दिया और इससे बबार्दी बढ़ गई। कई लोग अपने खाली खेत छोड़कर दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करने के लिए पास के शहरों में चले गए। जैसे-जैसे भारत ने आर्थिक विकास में तेजी लानी शुरू की, नए अवसर उभरने लगे और युवा भारतीयों ने एक पुनर्जीवित भारत का सपना देखना शुरू कर दिया। हिवरे बाजार के युवाओं को आश्चर्य हुआ कि वे भी उस सपने का हिस्सा क्यों नहीं बन सके। गांव को एक दूरदर्शी नेता की आवश्यकता थी। इस प्रकार, वे 1989 में एक साथ आए और गांव के एकमात्र स्नातकोत्तर पोपटराव पवार को सरपंच के लिए चुनाव लड़ने के लिए राजी किया। पोपटराव

›› पेज 2 भी देखें

## बाघ ने किसानों पर किया हमला

**बहराइच:** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के कतर्नियाघाट संरक्षित वन क्षेत्र अंतर्गत बर्दिया गांव में शनिवार को धान के फसल की रखवाली करने गए किसानों पर बाघ ने हमला कर दिया। आसपास के लोगों के हांका लगाने पर बाघ जंगल की ओर चला गया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। यहां एक घायल की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। भारत-नेपाल सीमा के निकट जंगल से सटे थाना सुजौली क्षेत्र के बर्दिया गांव में सुबह करीब सात बजे फकीरपुरी गांव निवासी वृद्ध किसान बाबूराम (70) पुत्र मोतीराम पड़ोस के गांव बर्दिया में लगे धान के फसल की निगरानी करने गए थे। तभी खेत में मौजूद बाघ ने हमला कर दिया। साथ में मौजूद बर्दिया गांव निवासी महेश (25) पुत्र कल्लू उसे बचाने के लिए दौड़ पड़ा। उस पर भी बाघ ने हमला कर दिया।किसानों की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण हाका लगाते हुए दौड़ पड़े। जिसपर बाघ दोनों को घायल कर जंगल की ओर भाग गया। घटना की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई।

## हाथी दांत के साथ महिला समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

**काशीपुर:** उत्तराखंड के काशीपुर में पुलिस ने शनिवार को चार किलों हाथी दांत के साथ तीन वन्य जीव तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला शामिल है। ऊधमसिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) टीएस मंजूनाथ ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि आईटीआई थाना पुलिस को पिछले दिनों हाथी दांत की तस्करी की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस सक्रिय हो गयी। मुखबिर की सूचना पुलिस ने आज जाल बिछा दिया और तीनों तस्कर आसानी से जाल में फंस गये। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बरामद हाथी दांत का मूल्य 12 लाख रुपये आंका गया है। गिरफ्तार आरोपियों में देवेन्द्र सिंह निवासी गन्ना सेंटर, देवलचौड़, हल्द्वानी, मनोज बोरा निवासी हरिपुर, लालमणि गन्ना सेंटर और सुखमणि निवासी पंचेश्वर, कोट हरखेड़ा, चंपावत शामिल है।

## जयपुर में एक युवक की मौत के बाद तनाव

**जयपुर:** राजस्थान की राजधानी जयपुर के सुभाष चौक क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दो मोटरसाइकिलों के टकराने के बाद एकत्रित लोगों द्वारा मारपीट के मामले में एक युवक की मौत हो जाने पर क्षेत्र तनाव व्याप्त हो गया। तनाव के बाद क्षेत्र एवं आस पास के क्षेत्रो में पुलिस बल तैनात किया गया है वहीं मामले के अधिकांश आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के बाद सुबह सुभाष चौक थाने के सामने लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया। रामगंज में भी जाम लगा दिया गया। बाद में बाजार में भी पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए और लगभग एक दर्जन संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है।

## आंदोलन के लिए टीएमसी कार्यकर्ता दिल्ली रवाना

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ता दिल्ली में दो-तीन अक्टूबर को धरना देने के लिए रवाना हो चुके हैं। पार्टी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, करीब 50 मैक्सी बसें लगभग पांच हजार लोगों को लेकर दिल्ली रवाना होंगी। पूर्वी रेलवे द्वारा कथित तौर पर दिल्ली के लिए पूरी ट्रेन के आरक्षण के अनुरोध को अस्वीकार करने के बाद भी, पार्टी के निर्धारित विरोध आंदोलन के लिए दिल्ली पहुंचने के लिए शुक्रवार से बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और जॉब कार्ड धारक यहां नेताजी इंडोर स्टेडियम में एकत्र हुए। मनरेगा एवं आवास योजना के लाभ से वंचित लोगों में से लगभग पांच हजार लोग दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है, जहां टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी द्वारा आंदोलन में उनका नेतृत्व करने की उम्मीद है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

## मणिपुर भाजपा प्रमुख ने केंद्र सरकार को अलर्ट किया है कि कुछ बड़ा होने वाला है

# शांति कायम करने में नाकाम रही डबल इंजन भाजपा सरकार

- मोदी, अमित शाह और एन बीरेन सिंह के पुतले जलाए
- काकचिंग जिला में हुआ सार्वजनिक विरोध प्रदर्शन
- प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार को विफल बताया



भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी:** मणिपुर हिंसा के बाद हालात में खास सुधार दिखाई नहीं दे रहे हैं। तमाम विपक्षी दल भाजपा पर मणिपुर मामले में विफल रहने का आरोप लगा रहे हैं।विपक्षी पार्टी ने मणिपुर में हिंसा के लिए आज भाजपा को जिम्मेदार ठहराया और पूर्वोत्तर राज्य में शांति एवं सामान्य स्थिति बहाल करने में सरकार की नाकामी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अक्षम करार दिया। आप, कांग्रेस, एजेपी और तृणमूल कांग्रेस ने यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब तक भाजपा सत्ता में है, तब तक देश में शांति और सौहार्द कायम नहीं रहेगा।मणिपुर 4 महीने से अधिक समय से जल रहा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुप हैं। मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अक्षम हैं और देश को बबार्दी की ओर ले जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, उनके पास कोई एजेंडा या विजन नहीं है।

इसी बीच अब भाजपा को अपने भी घेरने लगे हैं। मणिपुर भाजपा प्रमुख ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने राज्य में जातीय हिंसा पर अंकुश लगाने में विफल रहने के लिए अपनी ही सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने पत्र में

›› पेज 2 भी देखें

### आंद्रेई ट्रोशोव को वैगनर की कमान सौंपी पुतिन ने



**मॉस्को:** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भाड़े के वैगनर समूह के पूर्व वरिष्ठ कमांडरों में से एक से मुलाकात की। क्रेमलिन ने कहा, वह अब रक्षा मंत्रालय के लिए काम करता है। आंद्रेई ट्रोशेव दिवंगत वैगनरियन येवगेनी प्रिगोगिन के पूर्व सहयोगी हैं। प्रिगोगिन की अगस्त में एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई थी। उनकी मृत्यु वैगनर की सेना के कुछ समय के लिए मास्को पर आगे बढ़ने के दो महीने बाद हुई। यह बैठक ऐसे समय हुई है जब पुतिन जून में वैगनर के विद्रोह के बाद अपने अधिकार को फिर से स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। क्रेमलिन ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने ट्रोशेव को यूक्रेन में स्वयंसेवी लड़ाकू इकाइयों की निगरानी करने के लिए कहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वैगनर और देश की निजी सेना के अन्य सभी सदस्यों को रूस के प्रति निष्ठा की शपथ लेने का आदेश दिया। उन्होंने शुक्रवार को इस संबंध में एक डिक्री पर हस्ताक्षर किए, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है. वैगनर के नेताओं की विमान दुर्घटना में मौत के दो दिन बाद यह आदेश आया। यह यूक्रेन में सैन्य अभियानों में भाग लेने वाले, सेना का समर्थन करने वाले और क्षेत्रीय रक्षा इकाइयों में सेवारत किसी भी व्यक्ति पर लागू होता है। इस बीच, शनिवार को एक अलग घटना में, वैगनर की एक धुर दक्षिणपंथी उप इकाई, जिसे रूसिच के नाम से जाना जाता है, ने यूक्रेन में सैन्य अभियान की समाप्ति की घोषणा की।

## मध्यप्रदेश के बाद राजस्थान का भी हाल देख परेशान है भाजपा

# शाह और नड्डा ने गुटबाजी रोकने को कहा



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** अमित शाह ने राजस्थान भाजपा के शीर्ष नेताओं के समक्ष अपनी नाराजगी जतायी है। देर रात हुई बैठक में पार्टी में चल रही गुटबाजी को लेकर प्रदेश नेताओं को कड़ी फटकार लगाई गई। पार्टी नेताओं को यह स्पष्ट कर दिया गया है कि पार्टी सबसे ऊपर है। इसलिए टीम की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी को एकजुट होना होगा। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय नेतृत्व मध्य प्रदेश की तर्ज पर राजस्थान में भी कई केंद्रीय मंत्रियों को टिकट देने पर विचार कर रहा है। इस सूची में जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवालेरा शामिल हैं। कई सांसदों को भी टिकट दिया जा सकता है। इसके उलट विजयराजे सिंधिया अब तक अमित शाह के आगे समझौता करने के लिए तैयार नहीं हैं। अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा परसो शाम जयपुर पहुंचे। हालांकि पार्टी की कोर कमेटी के साथ बैठक स्थानीय पार्टी कार्यालय में होने वाली थी, लेकिन अमित शाह ने हवाई अड्डे के पास एक होटल को चुना। सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी ने पंद्रह नेताओं की सूची सौंपी और उन्हें होटल में उपस्थित होने को कहा। सूत्रों के मुताबिक सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री बशुंधरा राजे को बुलाया गया। दोनों पक्षों के बीच करीब पंद्रह मिनट तक मुलाकात हुई। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय नेताओं ने सवाल किया कि राज्य में हाल ही में हुए परिवर्तन मार्च में पर्याप्त लोग क्यों नहीं थे। भाजपा के एक वर्ग के अनुसार, वसुंधरा खेमे ने यात्रा में सक्रिय रूप से भाग नहीं लिया। बैठक में राजे से कहा गया कि पार्टी इसे ठीक से नहीं ले रही है। अगले चरण में, नड्डा और शाह ने राजस्थान के मौजूदा नेता

›› पेज 2 भी देखें

## अनुसंधान › टाइप वन डायबेटिक्स के ईलाज का नया और कारगर तरीका

# प्रत्यारोपित उपकरण सूगर को नियंत्रित करेगा

- बार बार इंजेक्शन से मुक्ति मिलेगी
- उपकरण में ऑक्सीजन की सुविधा
- चूहों पर प्रयोग सफल साबित हुआ

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** एक प्रत्यारोपित उपकरण मधुमेह के इंजेक्शन-मुक्त नियंत्रण को सक्षम कर सकता है। टाइप 1 मधुमेह के इलाज के लिए एक आशाजनक दृष्टिकोण अग्नाशयी आइलेट कोशिकाओं को प्रत्यारोपित करना है जो जरूरत पड़ने पर इंसुलिन का उत्पादन कर सकते हैं, जो रोगियों को बार-बार इंसुलिन इंजेक्शन देने से मुक्त कर सकता है। हालाँकि, इस दृष्टिकोण में एक बड़ी बाधा यह है कि एक बार कोशिकाओं को प्रत्यारोपित करने के बाद, अंततः उनमें ऑक्सीजन खत्म हो जाती है और इंसुलिन का उत्पादन बंद हो जाता है। उस बाधा को दूर करने के लिए, एमआईटी इंजीनियरों ने एक नया प्रत्यारोपण योग्य उपकरण डिजाइन किया है जो न केवल सैकड़ों हजारों इंसुलिन उत्पादक आइलेट कोशिकाओं को ले

›› पेज 2 भी देखें

### अध्ययन के वरिष्ठ लेखक डैनियल एंडरसन कहते हैं

एमआईटी के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर, एमआईटी के कोच इंस्टीट्यूट फॉर इंटीग्रेटिव कैंसर रिसर्च एंड इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल इंजीनियरिंग एंड साइंस (आईएमईएस) के सदस्य और अध्ययन के वरिष्ठ लेखक डैनियल एंडरसन कहते हैं, आप इसे एक जीवित चिकित्सा उपकरण के रूप में सोच सकते हैं जो इंसुलिन स्रावित करने वाली मानव कोशिकाओं से बना है, साथ ही एक इलेक्ट्रॉनिक जीवन समर्थन-प्रणाली भी है। हम अब तक की प्रगति से उत्साहित हैं, और हम वास्तव में आशावादी हैं कि यह तकनीक समाप्त हो सकती है। असली मकसद मरीजों की मदद करना है। जबकि शोधकताओं का मुख्य ध्यान मधुमेह के उपचार पर है, उनका कहना है कि इस तरह के उपकरण को अन्य बीमारियों के इलाज के लिए भी अनुकूलित किया जा सकता है जिनके लिए चिकित्सीय प्रोटीन की बार-बार आपूर्ति की आवश्यकता होती है।

## अपराध की रोकथाम के लिए पीएम ने उच्चस्तरीय बैठक बुलायी

# स्वीडन में पुलिस और सेना संयुक्त अभियान करे

राष्ट्रीय खबर



**स्टॉकहोल्म:** स्वीडन के प्रधान मंत्री उल्फ क्रिस्टरसन ने कहा कि वह सामूहिक हिंसा में वृद्धि से निपटने के लिए शुक्रवार को राष्ट्रीय सेना और पुलिस प्रमुखों से मुलाकात करेंगे, क्योंकि देश इस महीने गोलीबारी में रिकॉर्ड मौतों से जूझ रहा है। क्रिस्टरसन ने गुरुवार को राष्ट्र के नाम एक संबोधन में कहा, कल मैं राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख और कमांडर इन चीफ से मिलूंगा ताकि देख सकूं कि रक्षा बल आपराधिक गिरोहों के खिलाफ अपने काम में पुलिस की कैसे मदद कर सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि स्वीडिश संसद में सभी दल उन मजबूत और पैटर्न-तोड़ने वाली कार्रवाइयों के समर्थन में एक साथ आ सकते हैं जिन्हें उठाए जाने की आवश्यकता है। रिपोर्ट के

›› पेज 2 भी देखें

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग : एनोस

रांची: झारखंड पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सह पूर्व कैबिनेट मंत्री एनोस एक्का के ऊपर पाकरटांड थाना क्षेत्र के कोबांग बेड़ाटोली में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल मैच के दौरान हमला करने की घटना पर झारखंड पार्टी ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। झारखंड पार्टी की केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता अंशु लकड़ा एक्का ने इसे साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री पर सार्वजनिक रूप से हमला का प्रयास होना किसी बड़े साजिश की ओर इशारा करता है । हो सकता है कि पूर्व मंत्री एनोस एक्का की हत्या की नीयत से इस घटना को अंजाम देने की कोशिश की गई हो।सरकार में शामिल पार्टी के कार्यकर्ता किस कदर बेलगाम हो गए है इसका अंदाजा इस घटना से लगाया जा सकता है। अंशु ने कहा कि झिरखंड पार्टी की व एनोस एक्का की जनता के बीच बढी लोकप्रियता से सत्ताधारी पार्टी के लोग बौखलाते जा रहे हैं।

**सम्मेलन** रांची में कांग्रेस महिला मैत्री सम्मेलन का आयोजन

# 'मेरी बूथ, मेरी जिम्मेवारी' का लिया गया संकल्प, सात प्रस्तावों पर लगी मुहर

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** अखिल भारतीय कांग्रेस की ओर से आधी आबादी के बीच मजबूत पकड़ बनाने की कोशिश के तहत शनिवार को झारखंड कांग्रेस की ओर से कांग्रेस महिला मैत्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। रांची के जेके सेलेब्रेशन के खचाखच भरे हॉल में आयोजित महिला कांग्रेस मैत्री सम्मेलन में पार्टी की महिलाओं ने 'मेरी बूथ, मेरी जिम्मेवारी' निभाने का संकल्प लिया। सम्मेलन के दौरान महिला कांग्रेस की ओर से राजनीतिक प्रस्ताव भी पारित किया गया। राज्य में कांग्रेस द्वारा 33% महिला आरक्षण सुनिश्चित करने, 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना और महिलाओं को हर महीने 2000 रुपए की राशि की योजना शुरू करना मुख्य है।इस कांग्रेस महिला मैत्री सम्मेलन में प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा, महिला कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी समिता बेहरा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख, दीपिका पांडेय सिंह, प्रदीप यादव, शिल्पी नेहा तिर्की, गुंजन सिंह, सहित अन्य मंत्रियों, विधायकों और सांसद ने भाग लिया।महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि सोनिया गांधी ने महिला कांग्रेस का मैत्री सम्मेलन करने की सलाह दी थी। राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्षा 1925 में सरोजिनी नायडू बनीं। कांग्रेस ने नारी शक्ति का हमेशा सम्मान किया है। सोनिया गांधी ने पीएम और राष्ट्रपति को पत्र लिखकर तत्काल महिला आरक्षण लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता मतदाता सूची को अपडेट कराएं। हर बूथ पर महिला कांग्रेस की सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी।कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि कांग्रेस ने कभी महिलाओं को धोखा नहीं दिया। उनकी मांग है कि 2024 से ही महिला आरक्षण लागू किया जाए। साथ ही आरक्षण के अंदर एससी, एसटी और ओबीसी की महिलाओं को भी आरक्षण मिलना चाहिए। आलमगीर आलम ने कहा कि राज्य सरकार महिला कल्याण के लिए कई कार्यक्रम चला रही है। राज्य सरकार पंचायती राज के सपने को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि जो राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया है, उससे राज्य की महिलाएं सशक्त होंगी। महिला मैत्री सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि महिला मैत्री सम्मेलन के माध्यम से सभी भूले-बिसरे नेताओं को भी बुलाया गया है। प्रदेश प्रभारी से अनुरोध है कि राज्य में कांग्रेस विधानसभा, लोकसभा और पार्टी संगठन 33% आरक्षण महिलाओं को देने की पूरी कोशिश की जाएगी। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा ने कहा कि 'मेरी बूथ मेरी जिम्मेदारी' की शपथ लेने के बाद अब हम महिलाओं की जिम्मेदारी है कि हम अपने-अपने बूथ को मजबूत करें। महिला मैत्री सम्मेलन आयोजित करने का उद्देश्य देश को बचाना है, क्योंकि देश का भविष्य खतरे में है। नेटा डिसूजा ने कहा कि पीएम मोदी लगातार झूठी और बेकार बातें ही बोलते हैं और हम सच भी नहीं बोल पा रहे हैं। नेता डिसूजा ने कहा कि जिस देश में एक सुई तक नहीं बनती थी, वहां कांग्रेस द्वारा बनाई गई सरकारी संस्थाएं हैं, जिन्हें मोदी सरकार बेच रही है।

# सेल रांची ने स्वच्छता ही सेवा अभियान मनाया

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:**स्वच्छ भारत मिशन की 9वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, सेल रांची इकाइयों ने 15 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2023 तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा हमारे दैनिक जीवन में स्वच्छता और स्वच्छता के महत्व की एक मार्मिक याद दिलाता है। यह स्वच्छ भारत मिशन में पिछले नौ वर्षों में हासिल की गई उल्लेखनीय प्रगति को भी रेखांकित करता है। जो स्वच्छ और स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए चल रही प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। मिशन की रीढ़ स्वच्छता के लिए जन आंदोलन रही है। एसएचएस 2023 का विषय कचरा मुक्त भारत है। पखवाड़े के हिस्से के रूप में नियोजित कार्यक्रम स्वच्छता दिवस 2023 की तैयारी के रूप में काम करते हैं और भारत को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए सभी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। एसएचएस-2023 स्वैच्छिकता और श्रमदान की भावना के माध्यम से स्थानीय निकायों में स्वच्छता के स्पष्ट उच्च क्रम को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। गतिविधियों में सभी महत्वपूर्ण स्थानों से कचरा हटाना, पुराने कचरे को साफ करना, मरम्मत, पेंटिंग, सफाई, स्वच्छता प्रश्नोत्तरी का आयोजन, वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता प्रतिज्ञा आदि शामिल थे।

संकल्प यात्रा के छठे चरण में गोमिया मे गरजे बाबुलाल मरांडी,कहा

# वर्तमान सरकार में है लूट की खुली छूट

**राष्ट्रीय खबर**



**बेरमो /गोमिया :** झारखंड के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा संकल्प यात्रा के छठे चरण में शनिवार को गोमिया के बैंक मोड़ स्थित टैक्सी स्टैंड मैदान में जनसभा को संबोधित किया।वहीं उन्होंने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार आकंठ भ्रष्टाचार मे डुबी हुई है।इस सरकार में कानून नाम की चीज नहीं है।रोजाना कानून तोड़ने का काम किया जाता है।राज्य में बेरोजगारी चरम सीमा पर है। वर्तमान सरकार में जनता के अनाज को बाजार में खुले आम बेचा जाता है,और सरकार के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए रहते है। इस सरकार में बालू,लोहा,कोयला,पत्थर आदि की लूट की खुली छूट मची हुई है। इन सभी चीजों पर लगाम लगाना है तो आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता में काबिज करना होगा। भाजपा के सत्ता में आते ही सभी स्कूलों में शिक्षक,अभी अस्पतालों में डॉक्टर एवं जीवनरक्षक दवाएं उपलब्ध रहेंगी।उन्होंने उपस्थित जन समूह में मौजूद महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की मातृ शक्ति को पहचानने का काम किया। यही कारण है की लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी महिलाओं को आरक्षण देने के लिए कानून बनाने का काम किया है। इस कानून के तहत महिला आरक्षण का सीधा लाभ महिलाओं को मिलने वाला है। वही सभा को संबोधित करते हुए भाजपा बोकारो के पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष लक्ष्मण नायक ने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने यह संकल्प लिया है कि इस सरकार को हम चैन से बैठने नहीं देंगे। इस सरकार को हम जड़ से उखाड़ कर बंगाल की खाड़ी में फेंकने का काम करेंगे ।उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सुन ले सिंहासन खाली करो क्योंकि बाबूलाल मरांडी आ रहे हैं ।उन्होंने कहा कि जिस तरह सूर्य का पूर्व से उग कर पश्चिम में डूबना सत्य है इस तरह बाबूलाल मरांडी का 2024 में आना भी तय है। कोई ताकत बाबूलाल मरांडी को सत्ता में आने से नहीं रोक सकती है।2024 में भाजपा के सत्ता में आते ही बेरमो को जिला और चतरोचट्टी,महुआटांड़ और खैराचातर को प्रखंड बनाने का काम किया जायेगा।

# झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने किया राज्यसभा सांसद मनोज झा का समर्थन

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के दौरान राष्ट्रीय जनता दल से राज्यसभा सांसद सह प्रोफेसर मनोज झा ने ओम प्रकाश वाल्मीकि द्वारा लिखी कविता 'ठाकुर का कुआं' का उल्लेख किया था। सांसद की इस कविता के बाद सियासत गरमायी हुई है। वहीं झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मनोज झा के समर्थन में आगे आए हैं।राजेश ठाकुर ने कहा कि जिन लोगों के नाम में ठाकुर शब्द नहीं जुड़ा है, वे आज आपत्ति जता रहे हैं। कहा कि मेरे नाम में ठाकुर जुड़ा है, मुझे कोई आपत्ति नहीं है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अगर मनोज झा ने कुछ गलत कहा होता तो सबसे पहले मैं विरोध करता क्योंकि मेरे नाम के साथ ही ठाकुर जुड़ा है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ओमप्रकाश वाल्मीकि की लिखी कविता के माध्यम से प्रोफेसर मनोज झा यह कहना चाहते थे कि अहंकार रूपी 'ठाकुर' हम सबों के अंदर है जिसे मारना होगा। उन्होंने बहुत ही गंभीर बात कहीं। उसका भाव समझने की जगह राजनीति की जा रही है।राजद सांसद के राज्यसभा में दिए वक्तव्य और 'ठाकुर का कुआं' कविता पढ़ने को एक जाति विशेष के लोगों का अपमान बताते हुए पहले चेतन आनंद ने इसका विरोध किया। उसके बाद पूर्व सांसद आनंद मोहन ने कह दिया कि अगर वह उस वक्त राज्यसभा में होते तो मनोज झा की जीभ उखाड़ कर सदन की ओर उछाल देते। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भाजपा विधायक नीरज बबलू और जदयू नेता संजय सिंह सहित कई नेता मनोज झा के वक्तव्य का विरोध कर रहे हैं।'ठाकुर का कुआं' विवाद पर राजद नेता शिवानंद तिवारी पहले ही मनोज झा के वक्तव्य को लेकर उनका समर्थन कर चुके हैं। अब लालू प्रसाद ने भी साफ कर दिया है कि मनोज झा ने कुछ भी गलत नहीं कहा है। लालू प्रसाद ने मनोज झा को विद्वान आदमी बताते हुए उनके भाषण का विरोध करने वालों के अंदर समझ में कमी की बात कही है। इस बीच ठाकुर सरनेम वाले झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी मनोज झा का समर्थन कर दिया है।

# सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:**सीएमपीडीआई परिवार के दो सदस्यों के सेवानिवृत्ति के अवसर पर संस्थान के कांफ्रेंस हॉल में एक विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इनमें एसके गोमास्ता-निदेशक एवं बिनोद कुमार ओझा, सुरक्षा सब इंस्पेक्टर शामिल हैं। इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक शंकर नागाचारी एवं निदेशक अजय कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे निदेशक एसके गोमास्ता एवं सुरक्षा सब-इंस्पेक्टर बिनोद कुमार ओझा को पौधा, मान-पत्र,प्रतीक चिह्न व शॉल देकर कंपनी की ओर से सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक शंकर नागाचारी,निदेशक अजय कुमार एवं वरीय सलाहकार एके राणा ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। मौके पर सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक,विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर यूनियन के प्रतिनिधि प्रलय भट्टाचार्या,सतीश कुमार केसरी तथा सीएमओएआई के प्रतिनिधि अमरजीत ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

**महाधिवेशन** महाधिवेशन में हुए संवाद के आधार पर तैयार होगा विजन डॉक्यूमेंट्स

# झारखंड सरकार को भी दिए जाएंगे सुझाव: आजसू

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची:** आजसू पार्टी के मुताबिक पार्टी का तीन दिवसीय महाधिवेशन कई मायने में खास है। इस दौरान झारखंड से जुड़े अलग-अलग महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा, संवाद कार्यक्रम हो रहे हैं। इसके आधार पर विजन डॉक्यूमेंट्स तैयार होगा। इसका लाभ आने वाले दिनों में झारखंड को भी मिलेगा। मोरहाबादी मैदान में शनिवार को प्रेस वार्ता में अधिवेशन की विशेषताओं की जानकारी देते विधायक लंबोदर महतो ने बताया कि राज्य से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा, संवाद कार्यक्रम हो रहे हैं। इसमें देश-विदेश के जाने-माने विशेषज्ञ भी शामिल हैं। उद्योग, पर्यावरण, खनन, पर्यटन, महिला सशक्तिकरण समेत दूसरे अहम विषयों पर चर्चा दूसरे दिन हुई है। संवाद, चर्चा-परिचर्चा के जरिये सामने आए बिंदुओं का लाभ उठाने का प्रयास आजसू पार्टी करेगी। मौके पर पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत भी उपस्थित थे।आजसू पार्टी के मुताबिक पार्टी का तीन दिवसीय महाधिवेशन कई मायने में खास है। इस दौरान झारखंड से जुड़े अलग-अलग महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा, संवाद कार्यक्रम हो रहे हैं। इसके आधार पर विजन डॉक्यूमेंट्स तैयार होगा। इसका लाभ आने वाले दिनों में झारखंड को भी मिलेगा। मोरहाबादी मैदान में शनिवार को प्रेस वार्ता में अधिवेशन की विशेषताओं की जानकारी देते विधायक लंबोदर महतो ने बताया कि राज्य से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा, संवाद कार्यक्रम हो रहे हैं। इसमें देश-विदेश के जाने-माने विशेषज्ञ भी शामिल हैं। उद्योग, पर्यावरण, खनन, पर्यटन, महिला सशक्तिकरण समेत दूसरे अहम विषयों पर चर्चा दूसरे दिन हुई है। संवाद, चर्चा-परिचर्चा के जरिये सामने आए बिंदुओं का लाभ उठाने का प्रयास आजसू पार्टी करेगी। मौके पर पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत भी उपस्थित थे।देव शरण भगत ने बताया कि महाधिवेशन के दूसरे दिन कई अहम विषयों पर संवाद, चर्चा हुई है। इसमें पूर्व कुलपति रमेश शरण, अर्थ शास्त्री हरिश्वर दयाल समेत दूसरी जगहों से कई विशेषज्ञ भी शामिल हुए। चर्चा के दौरान झारखंडी समाज, संस्कृति, भाषा, जमीन जो विलुप्त होने की राह पर है, उसके लिए चिंता जाहिर की गयी। इसके लिए समाधान के लिए चिंतन और जरूरत पड़ने पर संघर्ष करने पर भी विचार हुआ। वास्तव में यह महाधिवेशन एक कॉमन प्लेटफॉर्म की तरह है। इसके जरिये झारखंड के विषयों पर संवाद, मंथन के अलावा नए नेतृत्व, नयी पौध तैयार करने का भी एक प्रयास हो रहा है। झामुमो जैसी पार्टी महाधिवेशन के नाम पर कोई चर्चा, संवाद कार्यक्रम में भरोसा नहीं करती। केवल भाषण बाजी होता है। इसकी तुलना में आजसू पार्टी के महाधिवेशन के जरिये एक विजन डॉक्यमेंट तैयार होगा। इसे सरकार को भी सौंपा जायेगा ताकि झारखंड के हित में इसका लाभ मिले। एक सवाल के जवाब में देव शरण ने कहा कि राज्य में पंचायतों में 50 फीसदी तक महिलाओं को आरक्षण तय करके पार्टी प्रमुख सुदेश महतो ने उदाहरण पेश किया था। पार्टी संगठन में भी महिलाओं को भरपूर आरक्षण दिया गया है।

## पेज एक का शेष

### विपक्ष का महिलाओं की .. .. ..

प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना और जिला खनिज विकास (डीएमएफ) में भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में डीएमएफ का बंटाधार हो गया है और दलितों पिछड़ों आदिवासियों के इन पैसों पर डाका डाला गया है। शराब घोटाला कर क्या कुछ नही किया गया,गोबर को भी नही छोड़ा गया। गौमाता के नाम पर भी भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होने धान खरीद को लेकर कांग्रेस सरकार पर दुष्प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूरा धान केन्द्र सरकार खरीदती है। राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर धान उत्पादकों का पूरा ध्यान रखा जायेंगा।

### हिवरे बाजार को करोड़पतियों .. ..

अभी लगभग बीस वर्ष के थे और उनके परिवार वाले चाहते थे कि वह एक सफेदपोश नौकरी करें क्योंकि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि अगर वह गांव में रहेंगे तो उनके अच्छा प्रदर्शन करने की कोई उम्मीद नहीं होगी। वैसे भी 90 प्रतिशत ग्रामीण पहले ही पलायन कर चुके थे।

वर्षा छाया क्षेत्र में होने के कारण, हिवरे बाजार में वार्षिक वर्षा लगभग 15 इंच ही होती थी। जल्द ही तालाबों और खाइयों ने बारिश के पानी को गाँव से बाहर जाने से रोक दिया। पहले मानसून के बाद, सिंचाई क्षेत्र 20 हेक्टेयर से बढ़कर 70 हेक्टेयर हो गया। 2010 में, गांव में 190 मिमी बारिश हुई, लेकिन जल प्रबंधन के कारण हमने अच्छा प्रबंधन किया, हबीब सैय्यद कहते हैं, जो पोपटराव के साथ मिलकर निगरानी पर काम करते हैं। वाटरशेड प्रबंधन से उन्हें कई फसलें उगाने में भी मदद मिली है। 1995 से पहले, 80-125 फीट पर पानी वाले 90 खुले कुएं थे। आज, 15-40 फीट पर पानी वाले 294 खुले कुएं हैं। ग्रामीणों द्वारा कई चेक बांध बनाए गए क्योंकि पोपटराव ने उनसे कहा था कि उन्हें सक्रिय रहना चाहिए, न कि सरकार द्वारा सब कुछ करने का इंतजार करना चाहिए। हर साल बारिश से पहले पेड़ लगाए जाते थे। बारिश के पानी को संग्रहित करने के लिए तालाब खोदे गए जिससे धीरे-धीरे भूजल स्तर समृद्ध हुआ। 1995 में, इसके 182 परिवारों में से 168 परिवार गरीबी रेखा से नीचे थे। आज, सरकारी अनुमान इसे केवल तीन पर रखते हैं। लेकिन पोपटराव का कहना है कि हिवरे बाजार की परिभाषा के अनुसार, 12 बीपीएल परिवार हैं। वह कहते हैं, हमें हिवरे बाजार को बीपीएल मुक्त गांव बनाने के लिए एक और साल का समय दीजिए। यहां कोई भी गरीब नहीं होगा।

### शांति कायम करने में नाकाम .. ..

सरकार को अलर्ट भी किया है कि मणिपुर में कुछ बड़ा होने वाला है। पत्र में लिखा है कि प्रशासन के खिलाफ लोगों का बढ़ता गुस्सा और विरोध ज्वार को बदल रहा है।

मणिपुर भाजपा प्रमुख ए सारदा देवी के नेतृत्व में पार्टी के शीर्ष आठ पदाधिकारियों ने यह पत्र जेपी नड्डा को भेजा है। इस पत्र में मणिपुर के हालात और आने वाले दिनों को लेकर चिंताएं जाहिर की गई हैं। मणिपुर के इन नेताओं के पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की मांग की गई है। सशस्त्र भीड़ ने इंफाल के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के पारिवारिक आवास और इंफाल पश्चिम में एक भाजपा विधायक के घर पर एक साथ धावा बोला था। भाजपा विधायक ने इन घटनाओं के एक दिन बाद ही हालातों को देखते हुए जेपी नड्डा को पत्र लिखा है।

काकचिंग जिले में प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की अनुपस्थिति के प्रतीक के रूप में एक रैली निकाली और पुतले जलाए। 30 सितंबर को, इंफाल पूर्वी जिले के खुरई निर्वाचन क्षेत्र के तहत विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में महिलाएं एक साथ शामिल हुईं, हाथ में मशाल लेकर सड़कों पर उतरीं। सड़क पर विरोध प्रदर्शन से पहले, खुरई पॉपुलर हाई स्कूल के मैदान में एक सार्वजनिक बैठक आयोजित की गई थी, जिसके दौरान उपस्थित लोगों ने नार्को-आतंकवाद का मुकाबला करने और दो छात्रों के लिए न्याय की मांग करने का संकल्प लिया।

### शाह और नड्डा ने गुटबाजी .. ..

प्रह्लाद जोशी, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन मेघवाल, कैलास चौधरी, राज्य विपक्ष के नेता राजेंद्र राठौड़ के साथ बैठक की। इसके बाद पार्टी के अखिल भारतीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष चर्चा में शामिल हुए। प्राथमिक लक्ष्य के रूप में तय, पार्टी मेवाड़, मारवाड़, शेखावाटी, हाडोती और पूर्वी राजस्थान में अधिक सीटें जीतने के लिए कूद पड़ेगी।

### प्रत्यारोपित उपकरण सूगर .. ..

जाता है, बल्कि इसकी अपनी ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन फैक्ट्री भी है, जो शरीर में पाए जाने वाले जल वाष्प को विभाजित करके ऑक्सीजन उत्पन्न करती है।

शोधकताओं ने दिखाया कि जब मधुमेह के चूहों में प्रत्यारोपित किया गया, तो यह उपकरण चूहों के रक्त शर्करा के स्तर को कम से कम एक महीने तक स्थिर रख सकता है। शोधकर्ता अब च्युइंग गम की एक छड़ी के आकार के उपकरण का एक बड़ा संस्करण बनाने की उम्मीद कर रहे हैं, जिसका अंततः टाइप 1 मधुमेह वाले लोगों में परीक्षण किया जा सकता है। एमआईटी अनुसंधान वैज्ञानिक सिद्धार्थ कृष्णन पेपर के मुख्य लेखक हैं।

एंडरसन कहते हैं, इंसुलिन पर निर्भर अधिकांश मधुमेह रोगी खुद को इंसुलिन का इंजेक्शन लगा रहे हैं, और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनके पास स्वस्थ रक्त शर्करा का स्तर नहीं है। एक बेहतर विकल्प उन कोशिकाओं को प्रत्यारोपित करना होगा जो रोगी के रक्त शर्करा के स्तर में वृद्धि का पता चलने पर इंसुलिन का उत्पादन करती हैं। कुछ मधुमेह रोगियों को मानव शवों से प्रत्यारोपित आइलेट कोशिकाएं प्राप्त हुई हैं, जिससे मधुमेह पर दीर्घकालिक नियंत्रण प्राप्त किया जा सकता है; हालाँकि, इन रोगियों को अपने शरीर को प्रत्यारोपित कोशिकाओं को अस्वीकार करने से रोकने के लिए प्रतिरक्षादमनकारी दवाएं लेनी पड़ती हैं। शोधकताओं ने स्टेम कोशिकाओं से प्राप्त आइलेट कोशिकाओं के साथ इसी तरह की सफलता दिखाई है, लेकिन जिन रोगियों को ये कोशिकाएं प्राप्त होती हैं उन्हें भी प्रतिरक्षादमनकारी दवाएं लेने की आवश्यकता होती है। एक महत्वपूर्ण लाभ यह है कि इसमें किसी तार या बैटरी की आवश्यकता नहीं होती है। इस जल वाष्प को विभाजित करने के लिए एक छोटे वोल्टेज (लगभग 2 वोल्ट) की आवश्यकता होती है, जो अनुनाद प्रेरक युग्मन के रूप में ज्ञात घटना का उपयोग करके उत्पन्न होता है। शरीर के बाहर स्थित एक ट्यून्ड चुंबकीय कुंडल डिवाइस के भीतर एक छोटे, लचीले एंटीना को शक्ति संचारित करता है, जिससे वायरलेस पावर ट्रांसफर की अनुमति मिलती है। इसके लिए एक बाहरी कुंडल की आवश्यकता होती है, शोधकताओं का अनुमान है कि इसे रोगी की त्वचा पर पैच के रूप में पहना जा सकता है।

### स्वीडन में पुलिस और सेना .. ..

अनुसार, स्कैंडिनेवियाई राष्ट्र इस महीने रिकॉर्ड संख्या में गोलीबारी से दहल गया है, बड़े शहरी क्षेत्रों से लेकर छोटे शहरों तक गिरोह हिंसा फैल गई है। सितंबर में 11 बंदूक से हत्याएं हुईं, जिससे यह दिसंबर 2019 के बाद सबसे घातक महीना बन गया। समाचार एजेंसी के अनुसार, पुलिस ने कहा कि स्वीडन में लगभग 30,000 लोग सीधे तौर पर गिरोह अपराध से जुड़े हैं या उससे जुड़े हुए हैं। स्वीडिश पुलिस ने बताया कि बुधवार को स्वीडिश राजधानी स्टॉकहोम के पास सामूहिक हिंसा से संबंधित घटनाओं में केवल 12 घंटों में तीन लोग मारे गए, इनमें दो पुरुष और एक महिला हैं। क्रिस्टरसन ने कहा, गंभीर हिंसा से बच्चे और निर्दोष लोग प्रभावित होते हैं। मैं इस बात पर जोर नहीं दे सकता कि स्थिति कितनी गंभीर है। स्वीडन ने कभी भी ऐसा कुछ नहीं देखा है, यूरोप के किसी अन्य देश में ऐसा कुछ भी अनुभव नहीं हो रहा है, स्वीडिश प्रधान मंत्री ने कहा। हम गिरोहों का शिकार करेंगे, और हम गिरोहों को हरा देंगे। हम उन्हें अदालत तक ले जायेंगे. यदि वे स्वीडिश नागरिक हैं तो उन्हें लंबे समय तक जेल में बंद रखा जाएगा और यदि वे विदेशी नागरिक हैं, तो उन्हें भी निष्कासित कर दिया जाएगा।

शहर >> अपडेट

### महाजुटान कार्यक्रम में भाग लेने का आहवान

**रांची:** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक शनिवार को लोहरदगा के कुडू में हुई। इस दौरान 12 अक्तूबर के महाजुटान कार्यक्रम की तैकयारियों की समीक्षा की गई। आज लोहरदगा के आंदोलनकारियों ने मोर्चा के संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो, संयोजक इजहार राही व झारखंड आंदोलनकारी भुवनेश्वर केवट का स्वागत कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर देश के गौरव अमर शहीद वीर बुध्दु भगत की प्रतिमा पर मल्यार्पण किया गया। शहीद वीर बुध्दु भगत अमर रहे, झारखंड आंदोलनकारी अमर रहे का नारा लगाया गया। 12 अक्टूबर 2023 को झारखंड आंदोलनकारियों का महाजुटान कार्यक्रम में भाग लेने का आहवान किया गया। इस अवसर पर ताहिर अंसारी, छेदी अंसारी, अमानत अंसारी, आयाता उरांव, अनंत राम, रमवृत उरांव, लकवा उरांव, कोल्हा लोहरा, शाहिद अंसारी सहित अन्य प्रमुख है।

मांग

### एग्जाम में 75 फीसदी टीचर्स को मिली है सफलता

# आकलन परीक्षा पास पारा शिक्षकों ने तेज की वेतनमान की मांग

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** आकलन परीक्षा पास करने के बाद पारा शिक्षकों ने एक बार फिर वेतनमान की मांग तेज कर दी है। सहायक अध्यापक संघ ने जैक की ओर से जारी प्रथम आकलन परीक्षा में 75 फीसदी पार शिक्षकों के पास होने पर खुशी जताते हुए कहा है कि यह प्रमाणित हो गया है कि सहायक अध्यापक योग्य हैं और सभी मानकों को पूरा करते हैं।सरकार ने पहले सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन कराया, फिर आकलन परीक्षा ली है और उसके परिणाम भी अब सामने आ गए हैं। ऐसे में इन पारा शिक्षकों को वेतनमान दिया जाए। सहायक अध्यापक संघ के नेता ऋषिकेश पाठक ने कहा कि जब सभी अहर्ता हम पूरी करते हैं तो वेतनमान क्यों नहीं। जो असफल हुए हैं उनके लिए अभी मौका बचा हुआ है।जैक द्वारा आयोजित प्रथम आकलन परीक्षा में पास हुए पारा शिक्षकों को एक अक्टूबर से उनके मानदेय में 10 फीसदी की बढ़ोतरी की जाएगी। नियमावली के अनुसार यह बढ़ोतरी जैक की ओर से सर्टिफिकेट जारी करने की तिथि से होनी है।




झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों की पहली आकलन परीक्षा 30 जुलाई को आयोजित की थी। जिसके परिणाम जारी कर दिए गए हैं। जिसमें ओवरऑल 75 फीसदी पारा शिक्षक सफल हुए हैं। वहीं 25 फीसदी पारा शिक्षक असफल हुए हैं। नियमावली बनने के बाद राज्य में पहली बार आयोजित की गई इस आकलन परीक्षा में 41 हजार 453 पारा शिक्षक शामिल हुए थे। जिसमें 10 हजार 500 पारा शिक्षक पास नहीं कर सके। एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने दूसरी आकलन परीक्षा जल्द आयोजित करने की मांग करते हुए कहा है कि जल्दबाजी में प्रथम आकलन परीक्षा आयोजित की गई थी। इस वजह से 25 फीसदी पारा शिक्षक असफल हुए हैं। उन्हें दूसरी आकलन परीक्षा में मौका मिलेगा। ऐसे में जल्द से जल्द जैक परीक्षा आयोजित करे, ताकि बाकी के पारा शिक्षकों को पास होने का मौका मिले और उनके भी मानदेय में वृद्धि हो।

## बीएयू में मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की मशरूम इकाई के तत्वावधान में चल रहे 28 दिवसीय सफेद बटन मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर शुक्रवार को प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ डीके शाही और विनिकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ एमएस मलिक ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में रांची और पूर्वी सिंहभूम जिले के 24 किसानों और उद्यमियों ने प्रशिक्षण प्राप्त लिया। पौधा रोग विभाग के वैज्ञानिक डॉ एचसी लाल एवं डॉ सविता एक्का तथा कीट विज्ञान विभाग के डॉ मनोज कुमार बर्णवाल ने प्रशिक्षणार्थियों को कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया, स्पॉनिंग, बैगिंग, प्रोडक्शन प्रक्रिया और हार्वेस्टिंग के तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। वर्तमान मौसम में कंपोस्ट तैयार करने के बाद लगभग डेढ़ महीना में क्रॉप आ जाता है और दो माह में कटाई की जा सकती है। तीसरे माह में प्रत्येक सप्ताह एक हार्वेस्टिंग की जा सकती है।

## बहुत कठिन है डगर आरआर स्पोर्टिंग क्लब की

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राजधानी के भव्य पूजा पंडालों में आआर स्पोर्टिंग क्लब का नाम मां भवनी के भक्तों के बीच प्रसिद्ध है। इस पूजा पंडाल की डगर आसान नहीं होगी। वहज रातु रोड के मुख्य पथ पर बन रहे फ्लाई ओवर है। अबतक फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। क्लब के पंडाल के पास ही पिलर का निर्माण किया जा रहा है। इसकी वजह से पूजा पंडाल को कम स्थान मिल सका। पंडाल के आकार को अन्य वर्षों की तुलना में छोटा बनाया जा रहा है। फ्लाई ओवर की वजह से भक्तों को पंडाल तक पहुंचने भारी कठिनाई की संभवना से इंकार नहीं किया जा सकता है। ज्ञात हो कि शहर के पूजा पंडालों में आरआर स्पोर्टिंग क्लब की भव्यता एवं आकर्षित करने वाली विद्युत सज्जा को देखने राजधानी सहित आसपास के ग्रामिण क्षेत्रों के मां भवानी के भक्तों बड़ी संख्या में पहुंचते है। लोगों को बेताबी से इंतजार तरह केवल पंडाल के पट खुलने की रहती है। पट खुलने के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ पंडाल पहुंचने को आतुर रहते है। पंडाल में आम एवं खास के पहुंचने का दौर महासप्तमी के साथ ही शुरू हो जाता है। इस वर्ष मां भवानी के भक्तों को पंडाल के पास पार्किंग की समस्याओं से भी जुझना पड़ेगा। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने में जिला प्रशासन के लिये एक चुनौती होगी। हांलाकि जिला प्रशासन के आला अधिकारी लगातार राजधानी में होने वाले दुर्गा पूजा की तैयारी में जुट गई है। तमाम दावों के बावजूद इतना तो सच है कि आम लोगों को इस बार रातु रोड़ स्थित आरआर स्पोर्टिंग क्लब पहुंचने में श्रद्धलुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।



## न्यूज फटाफट

### गेस्ट फैकल्टी ने आरयू में जड़ा ताला, धरने पर बैठ

**रांची:** छह माह के वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर गेस्ट फैकल्टी ने रांची विश्वविद्यालय (आरयू) की गेट पर ताला जड़ दिया है। इसके बाद करीब 100 की संख्या में आये गेस्ट फैकल्टी अपनी मांगों को लेकर गेट के बाहर धरने पर बैठ गये हैं। गेट पर ताला जड़ने के कारण आरयू के सीसीडीसी डॉ। प्रकाश कुमार झा और डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू अंदर फंस गये हैं। वहीं छात्रछात्राओं की गाड़ियां भी अंदर फंसी हुई है। यूनिवर्सिटी के अंदर एक बैंक भी है, जहां छात्राओं के साथ-साथ आम लोगों का भी आना-जाना लगा रहता है। लेकिन गेट में ताला लगे होने के कारण लोग अंदर से बाहर और बाहर से अंदर नहीं आ-जा पा रहे हैं। ऐसे में सभी को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल गेस्ट फैकल्टी कुलपति (वीसी) और रजिस्ट्रार से मिलने के लिए विश्वविद्यालय पहुंचे थे। लेकिन दोनों वहां मौजूद नहीं थे। करीब एक घंटे तक सभी ने इंतजार किया।

### 42 प्रतिशत महिला सब्जी विक्रेता कार्यस्थल पर उत्पीड़न का सामना करती है

**रांची:** रांची के सब्जी मंडियों में बड़ी संख्या में महिला सब्जी विक्रेता हैं। इन महिलाओं पर हुए एक सर्वे में बड़ा खुलासा हुआ है। अपने कार्यस्थल पर ही जहां ये महिलाएं सब्जी बेचती हैं, में लगभग 42 प्रतिशत महिलाओं के साथ उत्पीड़न की घटनाएं होती है। इनमें कई यौन उत्पीड़न का शिकार हुईं। जबकि कई महिला विक्रेताओं का पुरुषों के द्वारा पीछा किया गया और मौखिक दुर्वव्हार किया गया। सबसे बड़ी बात यह है कि काम की जगह पर जो भी सुरक्षा उन्हें मिली वह खुद के द्वारा अर्जित सुरक्षा थी। यह सर्वे जागोरी आल इंडिया वीमेन हाकर फेडरेशन के द्वारा किया गया था जिसकी रिपोर्ट शनिवार को पुरुलिया रोड स्थित सत्य भारती सभागार में जारी की गई। सर्वे से पता चलता है कि सब्जी बाजारों का बुनियादी ढांचा महिला विक्रेताओं के अनुकूल नहीं है। ना तो वहां शौचालय होते हैं और ना पेयजल की व्यवस्था। जो महिला विक्रेता अपने बच्चों के साथ होती हैं उन्हें और परेशानी का सामना करना पड़ता है। साफ सफाई की भी परेशानी होती है। इन महिलाओं को अपने लिए पेयजल की व्यवस्था खुद ही करनी होती है। जहां तक उत्पीड़न के खिलाफ सुरक्षा की बात है तो वहीं महिलाएं खुद को थोड़ा सुरक्षित कर पाती हैं। जिनके सामाजिक संबंध थोड़ा मजबूत हैं। इनमें से ज्यादातर को यह नहीं पता है कि कोई घटना होने पर कहां शिकायत की जाए। रांची में सब्जी बेचनेवाली महिलाओं को अपने घर से मंडियों तक पहुंचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। राची जिले के गांवों से आने वाली 24 प्रतिशत महिलाओं में से 91 प्रतिशत ने शेयर आटो से अपने गंतव्य तक पहुंची। पड़ोसी जिलों से रांची आनेवाली 15 प्रतिशत में से 90 प्रतिशत ने ट्रेन से यात्राएं की। इन महिलाओं का कहना है कि रात होने पर उन्हें परिवहन की कमी का सामना करना पड़ता है। साथ ही रेलवे स्टेशन से मंडी तक पहुंचने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### राजभाषा दिवस मनानेवाला एकलौता देश : डॉ पांडे

**रांची:** भारत विश्व का एकमात्र देश है जो राजभाषा दिवस मनाने के कारण गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान पाया है। जबकि यह सम्मान के साथ दु:ख का भी विषय है। उक्त उद्गार हिंदी के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पांडे ने हिंदी पखवाड़े के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आकाशवाणी रांची में व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सुनील बादल ने कहा कि हिंदी दिवस को अंग्रेजी विरोध दिवस के रूप में ना मनाकर हिंदी की विश्व में बढ़ रही ग्राह्यता का सम्मान करने के रूप में मनाना चाहिए ।



सी. पी. राधाकृष्णन
राज्यपाल, झारखण्ड

संदेश



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

वन्यप्राणियों की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु जनमानस को जागरुक करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखण्ड राज्य में 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर, 2023 तक वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वन्यप्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है एवं इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वन्यप्राणी पारिस्थितिकी संतुलन के लिये महत्वपूर्ण कड़ी हैं। हमारे आस-पास एवं वनों में पाये जाने वाले वन्यजीव यथा बाघ, भालू, हाथी, तेन्दुआ, मोर, गिलहरी, खरगोश व विभिन्न प्रकार के पक्षी, मधुमक्खी, रेशम के कीट, लाह, तितली इत्यादि मानव जीवन को रोमांचक एवं सुखद बनाते हैं। वन, वन्यप्राणी एवं मनुष्य, सबका अस्तित्व एक-दूसरे पर आश्रित है।

झारखण्ड राज्य का लगभग एक तिहाई भू-भाग सखुआ, करम एवं अन्य प्रकार के वनों से आच्छादित है। ये वन, वन्यप्राणियों के प्राकृतिक वास स्थल हैं। आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु मनुष्य की विभिन्न गतिविधियों के कारण वनों पर दबाव बढ़ा है जिसके कारण वन्यप्राणियों के वास स्थल प्रभावित हुए हैं। फलस्वरूप यदा-कदा वन्यजीव मानव द्वंद्व जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है।

वन एवं वन्यजीव, अनादिकाल से मानव के सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना के केन्द्र रहे हैं। वन एवं वन्यजीवों में कमी नहीं हो, यह राज्यवासियों का कर्तव्य है। वन विस्तार एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण के लिए सरकार के स्तर से अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

राज्यवासियों से मेरी अपील है कि हम सब वन्यप्राणियों के संरक्षण का संकल्प लें तथा वन एवं वन्यजीव की सुरक्षा हेतु अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करें।

वन्यप्राणी संरक्षण के प्रति जन-जागरुकता लाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी राज्य में 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर, 2023 तक वन्यप्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है। वन एवं वन्यजीव हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं। झारखण्ड राज्य को प्रकृति ने जंगलों से धनी बनाया है। ये जंगल वन्यप्राणियों के वास स्थान हैं। प्रकृति ने अनेक जीव-जंतुओं से इन वनों को सुशोभित किया है। हमारे वनों में बाघ, हाथी, तेन्दुआ, बंदर, भालू, मोर, सांप, खरगोश, गिलहरी अनेक प्रकार के पक्षी इत्यादि जीव-जंतु पाये जाते हैं। जीव-जगत में वन, वन में निवास करने वाले वन्यप्राणी, मनुष्य तथा अन्य सभी प्राणियों के जीवन एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं । प्राणियों के सह-अस्तित्व के लिये जैव-विविधता प्रकृति की व्यवस्था है । वन्यप्राणियों की संख्या में कमी होने से पारिस्थितिकी असंतुलन का खतरा उत्पन्न हो जाता।

विकास की दौड़ में वन्यप्राणियों का पर्यावास अर्थात हमारे वन प्रभावित हुए हैं। जिसके फलस्वरूप यदा-कदा वन्यजीवों का मानवों से टकराव भी हो जाता है। वन्यप्राणियों से जान-माल की हुई क्षति की पूर्ति सरकार के द्वारा की जाती है।

हमारी धरती, अहिंसा की धरती है। हमारे पर्व-त्योहार, रीति-रिवाज, संस्कृति एवं धर्म-अध्यात्म में वन्यप्राणियों एवं वन-वृक्षों का बहुत महत्व है। इन वन्यप्राणियों का संरक्षण हमारा परम कर्तव्य एवं दायित्व है। सरकार द्वारा वन्यप्राणियों के संरक्षण के उद्देश्य से राष्ट्रीय उद्यान, गज परियोजना, व्याघ्र आरक्ष्य, वन्यप्राणी आश्रयणी तथा प्राकृतिक वनों का प्रबंधन किया जाता है। वन्यप्राणियों के पर्यावास उन्नयन के लिये सरकार वनों के विस्तार की योजनायें लागू करती है।

वन्यप्राणी सप्ताह के अवसर पर हम सभी झारखण्डवासी वन्यप्राणी की सुरक्षा एवं संरक्षण में सहभागी बनें तथा वन्यजीवों के साथ-साथ अपनें जीवन को सुरक्षित बनायें।

PR 307926 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार

## शहर >> अपडेट

### भाजपा नेता ने मजदूर नेताओं से मुलाकात की

**बेरमो :** भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने करगली गेट स्थित राकोमयू कार्यालय में यूनियन के महामंत्री राजेश कुमार सिंह से मुलाकात किया एवं अपनी लिखी किताब आयुष्मान भव: भेंट की । इसके अलावे भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने मजदूर नेता सिघाडा सिह, गजेंद्र प्रसाद सिंह और सुशील कुमार सिंह से मुलाकात किया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### राज्य सरकार ने चार सालों में घोटालों का नया रिकॉर्ड बनाया : मरांडी

बेरमो : गोमिया से संकल्प यात्रा कार्यक्रम के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को 16 वी लोकसभा सांसद रवींद्र कुमार पांडेय के फुसरो स्थित आवासीय कार्यालय में हेमंत सरकार पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए कहा कि सरकार ने लगभग चार साल में घोटालों का नया रिकॉर्ड बनाया है और अब इनका घोटाला पहले के घोटाले से आगे निकल गया है। यह सरकार बिचौलियों से पैसे लेने वाली सरकार है। मरांडी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा इस सरकार में अब तक मनरेगा में 550 करोड़, उद्योग में कोयला आवंटन के नाम पर 1500 करोड़, अवैध खनन में 1500 करोड़ और ग्रामीण विकास में 3000 करोड़ का घोटाला हुआ है। हेमंत सोरेन खुद ईडी के बार-बार बुलावे पर नहीं जा रहे है। उन्हें सामना करना चाहिए,न कि ईडी से भागना चाहिए। कहा कि हेमंत सरकार देश की सर्वाधिक भ्रष्ट सरकार है। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी गणेश मिश्रा, विधायक बिरंची नारायण, जिला अध्यक्ष भरत यादव,पूर्व 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण नायक, जिला मंत्री विक्रम पांडेय, वरीय नेता रोहित लाल सिंह सहित भैरव महतो, दिनेश पांडेय, वैभव चौरसिया, दिनेश सिंह , रोहित मित्तल, संजय प्रसाद ,भाई प्रमोद सिंह, आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### विभाग जल्द से जल्द करे मुआवजा की व्यवस्था : खुशबू



**बेरमो /उपरघाट :** डुमरी विधानसभा के नावाडीह प्रखंड अंतर्गत उपरघाट के पलामू पंचायत में बीते रात्रि हाथियों द्वारा विभिन्न जगहों पर ग्रामीणों का मकान एंव कई सामग्री को नुकसान पहुचाया है। इसकी सूचना पाकर उपरघाट जिला परिषद सदस्य कुमारी खुशबू महतो ने घटनास्थल पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त मकानों और ग्रामीणों से मिले साथ ही नावाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी एंव वन विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर जल्द मुवावजा देने की आग्रह की। साथ ही विभाग के अधिकारियों से आग्रह की है कि जल्द से जल्द हाथियों के झुंड को बोकारो जिला से बाहर कर उनको घने जंगलों तक छोड़ दे। साथ ही क्षेत्र वासियों से निवेदन की है कि लापरवाही ना करते हुए सावधनी बरते। मौके पर वार्ड सदस्य महेंद्र महतो, आकाश कुमार, दिनेश कुमार, शलेश कुमार, विजय कुमार, महेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### अमृत वाटिका पौधोंरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ

**बेरमो :**बोकारो थर्मल स्थित भाजपा कार्यालय परिसर मे अमृत वाटिका पौधारोपण कार्यक्रम एवं पंच प्रण की शपथ ली गई। झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। अमृत वाटिका का शुभ उद्घाटन भाजपा कार्यालय मे प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी के हाथो की गई। पौधारोपण कार्यक्रम मे सोलहवीं लोकसभा सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो ,भाजपा बोकारो जिलाध्यक्ष भरत यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गिरिजा देवी, की गरिमामय उपस्थित मे किया गया। कार्यक्रम मे गण्यमान्य लोग उपस्थित हुए।

---

**बैठक**

कोदवाटांड़ पंचायत सचिवालय भवन पर

# जेएसएलपीएस महिला समिति के अंतर्गत आयोजित बैठक में शामिल हुए मंत्री योगेंद्र



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो/ललपनिया:** गोमिया प्रखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदवाटांड़ पंचायत सचिवालय भवन पर जेएसएलपीएस की महिला दीदियों के आग्रह पर तथा पंचायत के मुखिया बबलू हेम्ब्रम की अगुवाई में शनिवार को आयोजित बैठक में माननीय मंत्री (दर्जा प्राप्त) योगेन्द्र प्रसाद महतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान महिला समिति की दीदियों ने माननीय मंत्री जी से बैठक, सभा आदि कार्य के लिए एक भवन निर्माण या उपलब्ध कराने की मांग की।

माननीय मंत्री जी ने सर्वप्रथम महिला दीदियों द्वारा समिति के माध्यम से उनके कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं घर के खर्चों की आवश्यकताओं केलिए घर के पुरुषों पर निर्भर नहीं होती, बल्कि योजनाओं का लाभ लेते हुए आर्थिक सशक्तिकरण से



मजबूत हो रही हैं। राज्य उन्होंने कहाकी झारखंड के यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार के नेतृत्व में महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए दर्जनों जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिनके माध्यम से महिला दीदियों को लाभ हो रहा है। वही मंत्री जी ने महिला दीदीयों की भवन निर्माण की मांग पर उन्हें आश्वस्त किया है कि वे समितियों की बैठक आदि के लिए भवन निर्माण कराने पर पहल करेंगें।बैठक में उपरांत मुखिया बबलू हेम्ब्रम ने नेतृत्व में महिला दीदियों द्वारा मंत्री योगेंद्र प्रसाद को स्वागत किया गया। बैठक में भारी संख्या में जेएसएलपीएस की महिला दीदियां व ग्रामीण उपस्थित थे।

## जरूरतमंदों के बीच छाता का वितरण किया गया



**राष्ट्रीय खबर**

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** टाटा कंपनी वेस्ट बोकारो डिवीजन के सौजन्य से केदला क्षेत्र के गरीब, वृद्ध एवं असहाय लोगों के लिए सौ छाता उपलब्ध कराया गया। शुक्रवार को बिहार राज्यसभा सांसद खीरू महतो के आवासीय कार्यालय (केदला) में मांडू विधानसभा प्रभारी (जदयू) दुष्यंत कुमार पटेल ने जरूरतमंदों के बीच छाता का वितरण किया। इस अवसर पर दुष्यंत कुमार पटेल ने कहा कि जरूरतमंद लोगों के बीच धूप और वर्षा से बचाव के लिए टाटा कंपनी के सहयोग से छाता का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा सेवा ही धर्म है और गरीब व लाचार लोगों की सेवा करना और भी पुण्य का काम है। मौके पर जदयू मांडू प्रखंड सचिव बालेश्वर तुरी, केदला मध्य पंचायत अध्यक्ष भूदेव महतो, उपमुखिया संजय मुर्मू, भानू प्रताप पटेल, सुदलू घांशी, सतीश कुमार, राजेंद्र तुरी, दिनेश कुमार, मोहन महतो, चरित्र राम समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्वच्छता ही सेवा है, यह भाव जन-जन में विकसित करें: आशीष झा



**राष्ट्रीय खबर**

**रजरप्पा :** सी .सी .एल.रजरप्पा क्षेत्र द्वारा 15 सितंबर से 2 अक्टूबर- 2023,कचरा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में स्वच्छता से संबंधित रंगोली निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता को शुभारंभ करते हुए सी।सी।एल। रजरप्पा क्षेत्र के नोडल पदाधिकारी, सी एस। आर। आशीष झा ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है,यह भाव जन-जन में विकसित हो ताकि हम स्वच्छ एवं कचरा मुक्त भारत के निर्माण में अपना सहयोग दे सकें।प्रतियोगिता विद्यालय की आचार्या शुक्ला चौधरी,गायत्री पाठक, आरती झा,ज्योति राजहंस,रेखा कुमारी, ममता कुमारी की देखरेख में सभी के सहयोग से संपन्न कराई गई।विद्यालय के प्राचार्य ने बच्चों को अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता एक संस्कार है जो तन-मन में परिलक्षित होता है तथा देश को एक कदम स्वच्छता की ओर बढ़ने में सहायक होता है।उन्होंने अपने घर के आस-पास के परिवेश को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली का निर्माणकर कचरा मुक्त भारत बनाने का संदेश दिया।

जारंगडीह स्वामी विवेकानंद स्कूल परिसर में चला स्वच्छता अभियान

## विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया जागरुक



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो :** इन दिनों पुरे देश में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। कही जागरुकता रथ निकाले जा रहे हैं तो कही स्वच्छता जागरूकता रैलियां निकाल लोगो को साफ सफाई के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है तो कही विभिन्न संस्थाओं द्वारा छात्र छात्राओं के बीच स्वच्छता प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

इसी क्रम में शनिवार को जारंगडीह उतरी पंचायत स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल परिसर में स्कूल के छात्र छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा स्वच्छता



अभियान चला कर स्कूल परिसर की साफ सफाई की गई। मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य आर पी सिंह ने बच्चों को अपने आस पास साफ सफाई को लेकर संबोधन किया और बच्चों को इस बात के प्रेरित किया कि यह अभियान जीवन में उतना ही जरुरी है जितना हमारे जीवन के लिए अन्न व जल। मौके पर विद्यालय के तमाम शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

## जिला परिषद खुशबू ने चार मृतक आश्रित को दिया खाद्य सामग्री



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो /उपरघाट :** बीते दिन डुमरी विधानसभा क्षेत्र के उपरघाट के जिला परिषद सदस्य कुमारी खुशबू महतो ने चार मृतक आश्रित को श्राद्ध कर्म के लिए खाद्य सामग्री का सहयोग किये। इस नेक कार्य को युवा समाजसेवी दिनेश महतो, शुभम अग्रवाल, महेंद्र महतो, जीवन कुमार, अर्जुन कुमार ने पूरा किया। जिसमें पेंक पंचायत निवासी करण महतो के निधन होने पर, गोनियाटो पंचायत निवासी सानू महतो के निधन होने पर, काछो पंचायत के बुटबरिया में सोनामोना देवी के माँ का निधन होने पर तथा कंजकिरो पंचायत के डोमन महतो का निधन होने पर उक्त सहयोग पहुचा गया।

**स्वच्छता अभियान**

तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में

# न्यायिक पदाधिकारियों और कर्मियों ने चलाया स्वच्छता अभियान




**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट :** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में 30 सितंबर शनिवार को न्यायिक पदाधिकारी और न्यायिक कर्मियों के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया । इस बारे में स्वच्छता अभियान की अगुवाई कर रहे हैं तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज प्रथम राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वर्ष 2014 से स्वच्छता अभियान का शुरूआत किया गया, जो गांधी जयंती के अवसर पर शुरू हुआ था । इसी कड़ी में 16 सितंबर से गांधी जयंती तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है । जिसमें एक तारीख, एक घंटा, एक साथ के तहत हम लोग सभी मिलकर 1 तारीख, 1 घंटा और एक साथ स्वच्छता अभियान चलाएंगे । आज भी स्वच्छता अभियान चलाया गया इसमें तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी और न्यायिक कर्मी मौजूद रहे और 1 अक्टूबर रविवार को भी सभी मौजूद रहेंगे । इस अवसर पर कुटुंब न्यायालय राजीव रंजन, जिला जज दितीय अनील कुमार, एसीजेएम विशाल गौरव, सब जज दितीय राजीव रंजन कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी रूपम स्मृति टोपनो सहित राम कृष्ण गुप्ता, राजेश्वर प्रसाद जयसवाल, उदय सिंह, सुजय आनंद, पूर्णेन्दु शेखर, राकेश कुमार, विनोद तांती, संजीत दास, कंचन सिंह, प्रथ्वी राज करमाली, महफूज अंसारी, कमलेश कुमार, नुरुल हक, पंकज कुमार, अभय महतो, प्रिंस कुमार, जीतेंद्र राय, आशीष कुमार, निगार फिरदौस, सुबोध कुमार, अजीत सिंह, रीता टुडू, शक्ति पासवान, अजय कुमार, मुकेश कुमार, अनील कुमार सहित न्यायिक कर्मी मौजूद थे।

---

### कुंदरु कला दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षण बने पार्षद धनेश्वर व किसुन,सचिव बने चंदन



**रजरप्पा :**श्री श्री दुर्गा पूजा समिति मानने को लेकर कुंदरू कला पंचायत के ग्रामीण द्वारा दुर्गा मंदिर परिसर में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें शारदीय नवरात्र धूमधाम से मनाने पर विचार विमर्श किया गया। सप्तमी अष्टमी नवमी एवं विजयदशमी पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ,इस बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया किसुन राम मुंडा के द्वारा किया गया संचालन दिगंबर गुप्ता ने की। बैठक के दौरान सरस्वती से निर्णय लिया गया कि दुर्गा पूजा प्रत्येक वर्ष की भांति संचालन समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष राहुल कुमार सचिव चंदन महतो,उपाध्यक्ष राजा केसरी,सह सचिव अनुराग केसरी एवं कोषाध्यक्ष वीरेंद्र नायक को बनाया गया। वहीं मुख्य संरक्षक के रूप में रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो एवं मुखिया किशुन राम मुंडा को बनाया गया जबकि संरक्षक के रूप में उप मुखिया मोहराय महतो, शैलेंद्र महतो विजय केसरी हीरालाल महतो, विनोद करमाली ,राजेश केसरी का चयन किया गया अलावे पूजा अर्चना बेहतर ढंग से संचालन हेतु 31 कार्यकारिणी के सदस्य का चयन किया गया जिसमें कुलदीप करमाली तुलसीदास महतो रामू महतो प्रदीप नायक, बजट नायक संतोष केसरी ,दिलीप महतो, आलोक केसरी,नीरज बेदिया, ज्ञानी ठाकुर, रंजीत केसरी, सोनू केसरी, पंकज केसरी उपस्थित थे।

### प्रत्येक पंचायत में लगाएं 100 मजदूर : बीडीओ



**रजरप्पा :**चितरपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को चितरपुर बीडीओ उदय कुमार ने मनरेगा योजनाओं को लेकर पंचायत व रोजगार सेवकों के साथ समीक्षा बैठक किया। इस दौरान उन्होंने मनरेगा कार्यो में धीमी कार्य प्रगति पर उन्हें फटकार लगाते हुए कार्य मे तेजी लाने की बात कही। साथ ही उन्होंने प्रत्येक पंचायत में 100 मजदूरों को लगाने का निर्देश दिया। इसके अलावे उन्होंने मानव दिवस सृजित करने, जिओ टैग व एरिया ऑफिसर 100 प्रतिशत करने, अमृत वाटिका का निर्माण एवं पोषक वाटिका का निर्माण करने, प्रत्येक राजस्व ग्राम में 5 योजनाओं को चलाने, पुरानी योजनाओं को बंद करने व विरसा संवर्धन सिंचाई कूप योजना को धरातल पर लाने की बात कही। बैठक की अध्यक्षता बीपीओ कुमार विवेक सिंह ने किया। मौके पर जेई यमुना करमाली, पंचायत सेवक ब्रम्हानंद पाठक, रविंद्र महतो, सिकंदर अंसारी, नेमचंद करमाली, रोजगार सेवक राजकपूर राम, बिनोद कुमार, प्रसादी महतो, महेंद्र नायक, मो इरशाद, इकरामुल हक, लेखा सहायक सूरज राम दांगी, कंप्यूटर सहायक मो अफान अंसारी मौजूद थे।

### झामुमो के जिला स्तरीय कमिटी के नए सदस्यों का किया गया स्वागत



**बेरमो /फुसरो :** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के निदेर्शानुसार पार्टी की बोकारो जिला समिति ने विभिन्न वर्ग संगठनों के जिला समिति का गठन किया गया है। इसको लेकर झामुमो फुसरो नगर कमिटी के अध्यक्ष दीपक कुमार महतो के नेतृत्व में पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित झामुमो कार्यालय में नये पदाधिकारियो को माला पहनाकर स्वागत किया गया। जिसमें युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष परमानन्द सोरेन, जिला सचिव भोलू खान व व्यवसायी मोर्चा जिला संगठन सचिव अजय साव को माला पहना कर एवं बुके देकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर परमानन्द सोरेन ने कहा कि मुझे जो जिम्मेवारी दी गई है उसे पूरे ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक निर्वहन करूंगा। संगठन को मजबूत बनाने का काम किया जायगा। भोलू खान व अजय साव ने कहा कि जिला कमिटी में पांच युवाओं को दायित्व मिली है। कहा कि केंद्रीय कमिटी और जिला कमिटी ने जो दायित्व दिया है उसे बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा। हमारा प्रयास होगा कि ज्यादा से ज्यादा लोग झामुमो से जुड़े और आगामी चुनाव में पूर्ण बहुमत में सरकार बनाने का काम किया जाएगा। नगर अध्यक्ष दीपक महतो ने तीनों को बधाई देते हुए कहा कि इन सभी को दायित्व मिलने से हमलोगो को काम करने में ऊर्जा मिलेगा। युवा मोर्चा में इन लोगो को दायित्व मिलने से फुसरो के बहुत सारे युवा संगठन से जुड़ने की पहल कर चुके है। जितना हो सके फुसरो नगर से युवाओं को पार्टी में जोड़ने का काम करूंगा और 2024 में फिर से झामुमो का सरकार बनाने में योगदान दूंगा। मौके पर नगर उपाध्यक्ष टीकू महतो, कोषाध्यक्ष बबलू, पूर्व केंद्रीय सदस्य बनवीर मिश्रा, संयुक्त सचिव बोकारो पनबाबू केवट, मोहम्मद अशरफ, गोल्डन, हर्ष कुमार, अनिल झा, जगदीश प्रसाद मरांडी, आजाद अंसारी, सफीक अंसारी, अकबर अंसारी, खलील अंसारी, विकास, अमित झा, जितेंद्र नायक, राजकुमार, शैलेश कुमार नायक, प्रकाश नायक आदि लोग मौजुद थे।

### शिशु विकास विद्यालय ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली



**बेरमो :** बेरमो प्रखंड अंतर्गत सीसीएल एडेड स्कूल शिशु विकास विद्यालय संडे बाजार के द्वारा शनिवार को स्वच्छता रैली निकाली गई। यह रैली विद्यालय से शुरू होकर संडे बाजार के कतिपय मुहल्लों से गुजरते हुए फ्राइडे बाजार पहुंचा। जहां बेरमो पश्चिमी की मुखिया श्रीमती आरती देवी ने इस रैली में शामिल होकर स्वच्छता पर अपनी बातें रखी। यहाँ मुखिया पति मुन्ना सिंह व अन्य लोगों ने बच्चों को शरबत- पानी पिलाकर रवाना किया। रैली में विद्यालय प्रभारी श्रीमती रम्भा सिंह,वरीय शिक्षिका शशि बाला शर्मा वरीय शिक्षक नयन कुमार बनर्जी, रूपेश केशरी , पूजा कुमारी वर्णवाल, ललिता देवी, पूजा कुमारी सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा शिक्षकेतर कर्मी शामिल हुए। संचालन व स्लोगन वरीय शिक्षक मो असलम ने दिया।



रजत कुमार गुप्ता

बाद में ही सही लेकिन बात समझ में आ गयी कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं की नाराजगी का जो पॉलिटिकल असर दिखा था, उससे मोदी जी ने सबक लिया है। इसलिए वह आधी आबादी को अपने पाले में करना चाहते हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है कि साहब को हर स्तर पर वोट मैनेज करने के लिए जी जान से परिश्रम करना पड़ रहा है। लेकिन इतना करने के बाद भी उम्मीदों पर पानी फिरता दिख रहा है।

# दिल का खिलौना हाय टूट .. .. ..



दिल का खिलौना दिख तो रहा है पर वह अपनी पहुंच से बाहर है। अब तो महामहिम ने हस्ताक्षर भी कर दिये हैं। इसलिए महिला आरक्षण अब कानून बन चुका है। इतनी गोपनीयता से जब इसे लाया गया था तो पता नहीं था कि अलीबाबा की झोली से क्या कुछ निकलने जा रहा है। अरे भाई इसमें इतना तामझाम करने की जरूरत क्या थी।

पहले भी ऐसी कोशिशें हुई थी तो भाजपा ने ही इसे पारित करने में अड़ंगा लगाया था, यह तो रिकार्ड की बात है। वरना मैं बिना सोचे समझे कुछ कहकर पार थोड़े ना पार पा सकता हूं। एंटायर पॉलिटिकल साइंस में मेरी डिग्री भी नहीं है और ना ही मैं आलू से सोना निकालने की बात कहता हूं। खैर जब संसद में लाया गया तो लगा कि चलो अच्छा हुआ। यह काम काफी पहले ही होना था लेकिन देर से ही सही अभी हो रहा है तो कोई बात नहीं। जब गाड़ी स्टेशन से आगे बढ़ी तो पता चला कि यह एक और जुमला है। बताया है कि महिला आरक्षण अभी नहीं वर्ष 2029 से लागू होगा। अरे भाई अगर ऐसा ही करना था को संसद में पूर्व घोषणा कर इसे ले आते। चुपचाप तैयारी और अचानक संसद का सत्र बुलाने का फायदा क्या हुआ। आखिर इस संसद के संचालन में भी मैंगो मैन का ही पैसा खर्च होता है, जो आपके जीएसटी की मार से बिलबिला रहा है।

बाद में ही सही लेकिन बात समझ में आ गयी कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं की नाराजगी का जो पॉलिटिकल असर दिखा था, उससे मोदी जी ने सबक लिया है। इसलिए वह आधी आबादी को अपने पाले में करना चाहते हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है कि साहब को हर स्तर पर वोट मैनेज करने के लिए जी जान से परिश्रम करना पड़ रहा है। लेकिन इतना करने के बाद भी उम्मीदों पर पानी फिरता दिख रहा है। इसी बात पर एक पुरानी वह भी मेरे जन्म के पहले की एक गीत की याद आती है। वर्ष 1959 में बनी थी एक फिल्म। नाम था गूंज उठी शहनाई। इस गीत को लिखा था भरत व्यास ने और संगीत में ढाला था वसंत देसाई ने। इसे लता मंगेशकर ने अपना स्वर दिया था।

टूट गया, टूट गया
दिल का खिलौना हाय टूट गया
दिल का खिलौना हाय टूट गया
कोई लुटेरा आ के लूट गया हाय
***कोई लुटेरा आ के लूट गया हाय***
***दिल का खिलौना हाय टूट गया***
***दिल का खिलौना हाय टूट गया***
***हुआ क्या कुसूर ऐसा सैंयाँ हमारा***
***हुआ क्या कुसूर ऐसा सैंयाँ हमारा***
***जाते हुये जो तूने हमें ना पुकारा***
***जाते हुये जो तूने हमें ना पुकारा***
***उल्फत का तार तोड़ा हमें मझधार छोड़ा***
***हम तो चले थे ले के तेरा ही सहारा***
***साथी हमारा हमसे छूट गया***
***दिल का खिलौना हाय टूट गया***
***कोई लुटेरा आ के लूट गया हाय***
***कोई लुटेरा आ के लूट गया हाय***
***दिल का खिलौना हाय टूट गया***
***दिल का खिलौना हाय टूट गया***
***आ आ आ आ आ***
***कैसी परदेसी तूने प्रीत लगाई***
***कैसी परदेसी तूने प्रीत लगाई***
***चैन भी खोया हमने नींद गँवाई***
***चैन भी खोया हमने नींद गँवाई***
***तेरा ऐतबार कर के हाय इंतजार कर के***
***खुशियों के बदले गम की दुनिया बसाई***
***जालिम जमाना हमसे रूठ गया***
***दिल का खिलौना हाय टूट गया***
***कोई लुटेरा आ के लूट गया हाय***
***कोई लुटेरा आ के लूट गया हाय***
***दिल का खिलौना हाय टूट गया***
***दिल का खिलौना हाय टूट गया***

ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स जैसे सारे मशीन अब वाशिंग मशीन को चालू रखने में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। इसलिए परेशानी दिनोंदिन बढ़ रही है। ऊपर से सरकार के भोपूं बने टीवी चैनलों को भी इंडिया वालों ने औकात में ला दिया है। अब सोशल मीडिया का असर ऐसा है कि टीवी वाले भी पलटी मारने का मौका देखने लगे हैं। विधानसभा चुनावों में क्या कुछ होगा, इसके संकेत तो पहले से ही मिलने लगे हैं। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में पहली बार चुनाव से पहले भाजपा पिछड़ती नजर आ रही है। नाराज लोग कह रहे हैं कि राजस्थान में भी ऐसा ही कुछ होने वाला है। ऑपोजिशन खेमा को तोड़ने की चालें भी बेकार साबित हो रही हैं। लगता है अपने मिसिर जी के ईडी में नहीं होने से वाशिंग मशीन अभियान थोड़ा धीमा पड़ गया है। ऊपर से महाराष्ट्र और यूपी से भी चुनावी बाढ़ जैसे हालात पैदा होने के सिग्नल मिलने लगे है।

दो को देखिये, पहले हेमंत सोरेन और दूसरे टीएमसी के अभिषेक बनर्जी। दोनों ने ईडी के समन को नकारने जैसा रवैया अपना रखा है। कोलकाता हाईकोर्ट ने जांच के नाम पर हो रही देरी से नाराज होकर ईडी के जांच अधिकारी को ही बदलने का आदेश दे दिया है। पता नहीं गाड़ी किस ओ? जा रही है। इनके बीच अलग से सरदर्द को अरविंद केजरीवाल का है, जो मोदी जी की डिग्री को लेकर पीछे हटने को तैयार ही नहीं हैं।

# 'तुमसे ना हो पाएगा' डिज्नी + हॉटस्टार पर दिखायी जा रही है

## सिद्धार्थ रॉय कपूर ने फिल्म 'तुमसे ना हो पाएगा' बनाने के अनुभव को शेयर किया

बॉलीवुड फिल्मकार सिद्धार्थ रॉय कपूर ने फिल्म 'तुमसे ना हो पाएगा' बनाने के अनुभव को सोशल मीडिया पर शेयर किया है। कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'तुमसे ना हो पाएगा' डिज्नी + हॉटस्टार पर दिखायी जा रही है। अभिषेक सिन्हा निर्देशित, नितेश तिवारी, निखिल मेहरोत्रा और वरुण अग्रवाल द्वारा लिखित, यह फिल्म सिद्धार्थ रॉय कपूर, रोनी स्क्रूवाला, अश्विनी अय्यर तिवारी और नितेश तिवारी द्वारा निर्मित है। नोबेल 'हाउ आई ब्रेव्ड अनु आंटी एंड को-फाउंडेड ए मिलियन डॉलर कंपनी' पर आधारित, 'तुमसे ना हो पाएगा' आज के युवाओं के सामने आने वाली आधुनिक चुनौतियों और इनका सामना करने में उनकी दुविधा पर एक हल्का-फुल्का चित्रण है। निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने फिल्म 'तुमसे ना हो पाएगा' बनाने के बारे में एक दिल छू लेने वाला नोट लिखा, जिसे रॉय कपूर फिल्म्स के सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया । इसमें लिखा था,'मैं वरुण अग्रवाल से टकराया - सचमुच!'' - जब मैं आईआईएम-लखनऊ में एक भाषण के बाद मंच छोड़ रहा था, और वह अगले वक्ता के रूप में मंच पर चल रहे थे। उन्होंने मुझे अपनी नई किताब हाउ आई ब्रेव्ड एनी आंटी एंड को-फाउंडेड ए मिलियन डॉलर कंपनी की एक



प्रति दी और मुझसे कहा कि यह मेरी मुंबई वापसी की उड़ान के लिए एक मजेदार किताब होगी। कुछ दिनों बाद मुझे नितेश तिवारी को किताब के बारे में बताने का मौका मिला, क्योंकि हम उन दिनों दंगल पर साथ काम करते हुए अक्सर मिल रहे थे। नितेश ने मुझे बताया कि उसने भी अभी-अभी किताब पढ़ी है और उसे यह किताब बहुत पसंद आई, और उसी समय हमने इसके ऑफिशियल राइटस के लिए और इसे बनाने का फैसला किया। प्रोजेक्ट के लिए सपोर्ट बढ़ता रहा...नितेश और निखिल मेहरोत्रा ने एक अद्भुत पटकथा लिखी। मुझे लगता है कि यह एक ऐसी कहानी है जिससे हर वह व्यक्ति जुड़ा होगा जो अपना खुद का कुछ करने का सपना देख रहा है। 'तुमसे ना हो पाएगा' में इश्वाक सिह, महिमा मकवाना, गौरव पांडे, अमला अक्किनेनी, गुरप्रीत सैनी, परमीत सेठी और मेघना मलिक जैसे कलाकार शामिल हैं।

# विभीषण की सरकार

**>>व्यंग्य >>अभिनव शुक्ल**

श्री राम और रावण के बीच कांटे की टक्कर हुई। काफी समय तक यह अनुमान लगाना कठिन था कि इस रण में कौन विजयी होगा। एक बड़े रोमांचक मुकाबले में अंततः विजय श्री राम की हुई। भारतवर्ष के सभी कवियों और गीतकारों ने युद्ध का अदभुत वर्णन किया है। विजेता के पक्ष में तथा हारने वाले के विपक्ष में कई समाचार पत्रों में लेख भी छपे। लोगों ने रामचंद्र की विजय को एक ऐसी विजय के रूप में परिभाषित किया जिससे आने वाले समय की गति का निर्धारण होना था। यह अंधकार पर उजाले की विजय थी! यह अधर्म पर धर्म की विजय थी! असुरों पर सुरों की विजय थी! पाकिस्तान पर भारत की विजय टाईप थी।

लंका देश के कोलंबो नामक ग्राम में एक गरीब किसान वास करता था। उसके पास दो बीघा जमीन थी जिसपर वह खेती करता था। सरकार को कर देने के बाद उसके पास इतना बच जाता था कि वर्ष भर उसे भोजन के लिए किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ता। इधर इस युद्ध के कारण रावण सरकार ने एक सुरक्षा टैक्स अलग से लगा दिया था जिसकी वजह से किसान की हालत खराब थी। युद्ध समाप्त हुआ, रावण के हाथ से सत्ता छिटक कर विभीषण के हाथों में आ गई। विभीषण ने युद्ध से पहले ही श्री राम से गठबंधन कर लिया था। यह तय हुआ था कि लंका का राजा विभीषण बनेगा और समुद्र सेतु पर गुजरने वाले वाहनों से जो टैक्स मिलेगा वह अयोध्या भेजा जाएगा। किसान को ऐसा लगता था कि विभीषण के राजा बनते ही सभी समस्याओं का निदान हो जाएगा। विभीषण के समर्थक गाँव-गाँव घूमकर विभीषण के गुणों का गुणगान करते रहते थे। किसान ने ऐसे ही किसी से सुना था कि एक बार विभीषण राजा बन जाए तो उसके गाँव में स्कूल, अस्पताल और पक्की सड़क भी बन जाएगी।

गांव के बाहर जो शुगर मिल, मिल मालिकों एवं रावण सरकार के बीच गन्ने को समर्थन मूल्य के मुद्दे की वजह से पिछले कई बरसों से बंद चल रही थी, वह चालू हो जाएगी। किसान को लगता था कि एक बार मिल चल पड़े तो शायद उसका आवारा लड़का भी वहाँ नौकरी पा जाए तथा भले मानुस का जीवन बिताए। मन ही मन वह भी यह चाहने लगा था कि युद्ध में श्रीराम की ही विजय हो।

जब विभीषण ने सत्ता संभाली तो लंका की हालत दयनीय थी। एक तो हनुमान ने नगर भर को अग्नि के सुपुर्द करके बड़े-बड़े भवनों एवं अट्टालिकाओं को ध्वस्त कर दिया था वहीं दूसरी ओर इस असमय लड़ाई से राज्य की अर्थव्यवस्था की कमर भी टूट गई थी। विभीषण के सामने रावण के अनेक वर्षों के शासन में हुई गड़बड़ियों का पता लगाने की चुनौती भी थी।

लंका में विभीषण राज्य के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए यह भी आवश्यक था कि राज्य की सेना को मजबूत किया जाए। वानरों के हाथों मिली पराजय से लंका के वीर भीतर तक टूट गए थे।

उनके मनोबल को एक बार पुनः ऊँचा उठाने के लिए नए अस्त्रों-शस्त्रों एवं तकनीक का निर्यात भी आवश्यक था। मंत्रिमंडल का गठन, समाज के सभी वर्गों को उनका स्थान दिलाना, बेरोजगारी की समस्या को सुलझाना, कानून व्यवस्था को सुधारना, जगह-जगह श्रीराम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान जी की मूर्तियों का अनावरण करना, नगरों एवं विश्वविद्यालयों के नाम बदलना, जनता के मन से कुंभकरण एवं रावण के आतंक को मिटाना आदि



कार्य भी विभीषण की प्रमाणित सूची में सबसे आगे थे। इन सभी कार्यों के लिए धन चाहिए था। सुग्रीव पार्टी के वानर तो सब लूट कर ही गए थे, श्री राम भी पुष्पक विमान अपने साथ ले गए नहीं तो उसी को राजा महाराजाओं को किराए पर देकर कुछ कमाई की जा सकती थी। सागर सेतु से एकत्रित होने वाली चुंगी भी अयोध्या भेजनी पड़ती थी। नल और नील युद्ध के बाद यहीं रुककर पुल की व्यवस्था देख रहे थे तथा उनके रहते इस खेल में धांधली संभव नहीं थी। रावण की वजह से जो हफ़्ता वसूली होती थी वह भी अब समाप्त हो गई थी। तो कुल मिलाकर माहौल कुछ ऐसा था कि धन की आवश्यकता थी और धनोत्पादन के सभी मार्ग एक-एक कर के सिमटते जा रहे थे।ऐसे में विभीषण के सलाहकारों ने आम जनता पर अतिरिक्त कर लगा कर इस समस्या से निपटने का प्लान बनाया। जनता पर बिजली, पानी, घर, क्रय-विक्रय तथा इन्कम टैक्स तो पहले से ही था सुरक्षा टैक्स को भी बरकरार रखा गया तथा अब कुछ नए टैक्स भी इस लिस्ट में शामिल हो गए।

# स्त्री पुरुष असमानता और महात्मा गांधी



अरुण कुमार डनायक

स्त्री पुरुष में असमानता को लेकर गांधीजी के चिंतन में भारत की 85% आबादी का ख्याल था। 1918 में मुंबई में आयजित भगिनी समाज की बैठक में दिया गया उनका उद्बोधन इन्हीं चिंताओं को व्यक्त करता है ।गांधीजी चाहते थे कि स्त्रियाँ अपने कार्यों में पुरुषों की सहायता अवश्य लें, लेकिन स्त्री जाति की उन्नति के लिए स्वयं प्रयास करें।भारतीय समाज में स्त्रियों की अवनति का एक प्रमुख कारण सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक विषयों में पुरुष प्रधान व्यवस्था रही है ।स्मृति ग्रंथों में भी स्त्री का स्थान वर्ण व्यवस्था के अंतिम पायदान पर बैठे समुदाय के समान रखा गया है ।गांधी जी इस असमानता का एक कारण बाल विवाह तथा विधवाओं खासकर बाल विधवाओं पर लगे प्रतिबन्ध को मानते थे ।वे स्मृतियों में वर्णित नियंत्रणों के अलावा दुरावस्था में जीवन यापन को विवश स्त्रियों में जागृति लाने देश की सभ्रांत महिलाओं का आह्वान करने से पीछे नहीं हटे और उन्होंने स्मृतियों में स्त्रियों के सम्बन्ध वर्णित ऐसे आख्यानों का कडा विरोध करते हुए उन्हें ब्रह्म वाक्य मानने से इनकार कर दिया।

गांधीजी ने भारत में धर्म की बागडोर के सुरक्षित रहने में स्त्रियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि नारी अपनी धार्मिक निष्ठा में पुरुषों से कहीं बढ़ चढ़कर रही है ।गांधीजी के अनुसार स्त्रियाँ पुरुषों की अपेक्षा अधिक विनम्र व दयालु होती हैं तथा वे मूक एवं गंभीर सहिष्णुता की प्रतीक रही हैं ।लेकिन हिन्दू धर्मग्रंथों ने स्त्रियों पर अनेक आक्षेप किये जिसके कारण उनकी दुर्दशा हुई और वे पुरुषों के समान अधिकारों से वंचित कर दी गई ।गांधीजी के अनुसार 'जब तक स्त्रियां दबी रहेंगी या उन्हें पुरुषों से कम अधिकार मिलेंगे तब तक भारत का सच्चा उद्धार नहीं हो सकता है। गांधीजी ने स्त्रियों को त्याग की मूर्ति माना और उनसे अपेक्षा की कि जैसा त्याग वे कुटुंब के लिए करती हैं वैसा ही त्याग देश के लिए करें। गांधीजी मानते थे कि स्त्री पुरुष की सहचारिणी है , उसकी मानसिक शक्ति पुरुष के समान ही है और उसे पुरुष की छोटी से छोटी प्रवृत्ति में भाग लेने का समान अधिकार है ।वे पुरुष वर्ग को प्राप्त स्वतंत्रता से स्त्रियों को वंचित रखने के पक्ष में नहीं थे ।साथ ही साथ वे स्त्री और पुरुष का दर्जा तो बराबरी का मानते थे ।पर दोनों एक हैं इसके बजाय वे दोनों की जोड़ी अपूर्व है, दोनों एक दूसरे के पूरक है और दोनों का काम एक दूसरे के बिना चल नहीं सकता है, ऐसा मानते थे ।इस धारणा के समर्थन में उनका तर्क था कि आदिकाल से ही स्त्रियाँ सूत कातने और पुरुष बुनने का काम मिल जुलकर करते थे ।गांधीजी का मानना था कि स्त्री अपने क्षेत्र में सर्वोपरि है और इसी कारण वे गृह व्यवस्था व अल्पायु बालकों की शिक्षा में स्त्रियों के वर्चस्व के हिमायती थे ।गांधीजी और महिला अधिकारों के वर्तमान समर्थकों के बीच एक बड़ा मतभेद इन बिन्दुओं को लेकर है।

गांधीजी के विचार स्त्रियों की शिक्षा को लेकर स्पष्ट थे ।ह्लविद्या के बिना मनुष्य का जीवन पशुवत है, विद्या के अभाव में स्त्रियाँ शुद्ध आत्मज्ञान से वंचित रह जाती हैं ।पढने लिखने से बुद्धि विकसित व तीव्र होती है और परोपकार करने की क्षमता बढ़ जाती है। इसीलिये पुरुषों ने स्त्रियों के शिक्षा संबंधी स्वाभाविक मानवीय अधिकार छीन लिए और इस कारण उनमें जागृति का अभाव है ।गांधीजी के अनुसार स्त्रियों का कार्यक्षेत्र गृह व्यवस्था है और उन्हें नौकरियाँ खोजने या व्यापार करने की आवश्यकता नहीं है, इस मान्यता के चलते वे स्त्रियों को अंग्रेजी भाषा सिखाने के पक्षधर भी नहीं थे ।हालांकि 1931 में उन्होंने कहा की ह्लमैं चाहता हूँ कि सभी पदों, व्यवसायों और रोजगारों के दरवाजे स्त्रियों के लिए खुल जाएँ अन्यथा सच्ची समानता नहीं आ सकती ।ह्वयद्दपि वे उन्हें पुरुषों की भाँति शिक्षा ग्रहण कराने के समर्थक थे तथापि गांधीजी स्त्रियों को पुरुषों के जैसी शिक्षा देने की जगह आंतरिक प्रवृत्ति विकसित करने वाली शिक्षा देने के पक्षधर थे ।यंग इंडिया में वर्ष 1929 को लिखे एक लेख में गांधीजी ने कहा की जैसे-जैसे स्त्री जाति को शिक्षा द्वारा अपनी शक्ति का भान होता जाएगा वैसे-वैसे उसके साथ आज जो असमान व्यवहार किया जाता है उसका वह स्वभावतः उग्र विरोध करेगी।

गांधीजी ने स्त्रियों के विरुद्ध अत्याचारों में विरासत संबंधी कानूनों की असमानता को कारण नहीं माना ।वे स्त्रियों को सम्पत्ति में अधिकार के प्रबल समर्थक नहीं थे वरन चाहते थे कि सम्पत्ति को लेकर स्त्रियाँ अपनी अमर्यादित आकांक्षाओं तथा सम्पत्ति संग्रह की वृत्ति पर अंकुश लगाएं ।इन विचारों के पीछे गांधीजी की मान्यता थी कि ऐसा करने से जायदाद का अनावश्यक विभाजन बचेगा ।आधुनिक विचारकों की दृष्टि गांधीजी के यह विचार दकियानूसी हैं। स्त्रियों को मताधिकार मिले और वे भी पुरुषों के साथ धारा सभाओं में बैठे , ऐसे क्रांतिकारी विचार तो गांधीजी ने मई 1920 में नवजीवन में लिखे एक लेख के माध्यम से व्यक्त कर दिए थे ।लेकिन वे महिलाओं को ऐसे अधिकारों को दिए जाने पर प्रश्नचिंह लगाने से भी नहीं चूके। इसी आलेख में उन्होंने लिखा कि जो महिलायें अपने सामान्य अधिकारों को नहीं समझती अथवा समझते हुए भी अपने अधिकारों को प्राप्त करने की शक्ति नहीं रखती ।वे मताधिकार लेकर क्या करेंगी ?ह्वगांधीजी की प्राथमिकता में स्त्रियों को मताधिकार दिलाने एवं उन्हें धारासभाओं में भेजने की अपेक्षा पुरुषों की ओर से जाने अनजाने में उनपर किये जाने वाले अत्याचारों से मुक्ति दिला भारत के गौरव व सम्मान को पुर्नस्थापित करना था।

गांधीजी का स्वतंत्रता आन्दोलन एक सरकार को हटाकर दूसरी सरकार को प्रतिस्थापित करने तक सीमित नहीं था ।वे तो रामराज लाना चाहते थे। इस आन्दोलन से स्त्रियों को विमुख कैसे रखा जा सकता था । स्त्रियों में उत्साह को जागृत होता देख गांधीजी ने उनके जेल जाने को लेकर भी अपने सकारात्मक विचार जनवरी 1922 में ही व्यक्त करते हुए कहा कि 'स्त्रियां जेल जाने हेतु अपना नाम दर्ज कराकर जेल जाने की आदत डालेंगी तो इससे पुरुषों के जेल जाने का मार्ग सुगम हो जाएगा। गांधीजी ने ऐसी महिलाओं की प्रसंशा भी की जिनके पति जेल गए ।राष्ट्रीय मुस्लिम विश्वविद्यालय के मुख्य व्यवस्थापक ख्वाजा साहब जब गिरफ्तार हो गये तो उनकी पत्नी खुर्शीद बेगम ने गांधीजी को लिखा 'आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि मेरे पति को सरकार ने गिरफ्तार कर लिया है अब विश्वविद्यालय को मैं चलाऊंगी। गांधीजी की क्रांतिकारी सोच के कारण ही भारत में स्त्रियों को प्रजातांत्रिक अधिकार प्राप्त करने हेतु कोई संघर्ष नहीं करना पडा। लेकिन सरपंच पति से लेकर पार्षद पति तक के संबोधन कुछ और बयान करते हैं ।नौकरियों के द्वार स्त्रियों के लिए खुले अवश्य हैं, लेकिन उन्हें डग-डग पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करनी पड़ती है। उन्हें कार्यस्थल पर अनेक शोषणों का सामना करना पड़ता है और कानून व्यवस्था भंग होने की दशा में वे अत्याचार का सर्वाधिक शिकार होती हैं। गांधी के सपनों का भारत बनाने के लिए हमें आज भी उनके विचारों पर बार बार मनन करने की आवश्यकता है।

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### सुधा व मनोज बनाए गए उप मुखिया संघ के संरक्षक

**हजारीबाग:** सदर प्रखंड स्थित रोला पंचायत सचिवालय में सदर प्रखंड के सभी उप मुखिया संघ की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से सदर प्रखंड के उप मुखिया संघ के संरक्षक सुधा कुमारी को बनाया गया जो बैहरी पंचायत की उप मुखिया है। एवं अध्यक्ष मनोज कुमार को बनाया गया जो मेरु पंचायत के उप मुखिया हैं।

## सिटी अपडेट्स >>

### 5 वर्ष फरार अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बड़कागांव :** बड़कागांव पुलिस ने अवैध कोयला कारोबार मामले में फरार प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज गया।मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने बताया कि बड़कागांव थाना कांड संख्या 78 / 2018 धारा 413, 414,34 आई पी सी 30 ( ) कोल माइन्स एक्ट 33 भारतीय वन अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त यदुबीर महतो उर्फ जगवीर महतो उम्र 40 वर्ष पिता मानकी महतो ग्राम कांडतरी निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।अवैध कोयला कारोबार के अभियुक्त यदुबीरर महतो लगभग 5 वर्षों से फरार चल रहा था। बड़कागांव पुलिस ने टीम गठित कर रांची कोकर चौक से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। ।गिरफ्तारी दल में मुख्य रूप से स. अ.नि . राम निवास सिंह एवं बड़कागांव पुलिस सशस्त्र बल शामिल थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बुनियादी साक्षरता सुदृढीकरण कार्यक्रम सम्पन्न

**इचाक :** इचाक प्रखण्ड संसाधन केंद्र ईचाक झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद और रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के तत्वाधान में 'बुनियादी साक्षरता सुदृढीकरण कार्यक्रम' का 3 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिसमें प्रखंड के 46 हिंदी भाषा ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को बुनियादी साक्षरता के 8 घटकों, मौखिक भाषा विकास,ध्वनि जागरूकता, वर्ण ज्ञान, शब्द भंडार, धारा प्रवाह पठन, समझ, लेखन और स्वतंत्र पठन समय पर विस्तार से समझ बनाने का कार्य किया गया। शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार ने संभागियों से बुनियादी साक्षरता के महत्व और इस प्रशिक्षण के उपयोग, विषयवस्तु इत्यादि पर विस्तृत चर्चा की। प्रशिक्षण के दौरान बी ई ई ओ वंशीधर राम बीपीओ बंदना श्रीवास्तव बीआरपी सभी का मार्गदर्शन किया।

### पगार उच्च विद्यालय में लाइब्रेरी का उद्घाटन

**हजारीबाग :** हजारीबाग एनटीपीसी चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा शनिवार को पगार उच्च विद्यालय में लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर चट्टी बरियातु परियोजना के परियोजना प्रमुख श्री नवीन गुप्ता ने विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सभी अध्यापकों को बधाई दी। एनटीपीसी चट्टी बरियातु द्वारा इस लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है, परियोजना द्वारा लाइब्रेरी के लिए टेबल, कुर्सी एवं किताबें भी उपलब्ध कराई है। विद्यालय में लाइब्रेरी होने से विद्यार्थियों को एकाग्रता से पढ़ने में सहायता मिलती है। परियोजना प्रमुख श्री नवीन गुप्ता ने सभी अध्यापकों को आश्वासन दिया कि एनटीपीसी बच्चों की पढ़ाई के लिए सामाजिक कल्याण के कार्य करने में हमेशा तत्पर रहती है।

**समीक्षा** दुधमटिया टटीझरिया में होने वाले पर्यावरण मेले के तैयारियों की हुई समीक्षा

# जिला पर्यावरण समिति की बैठक

- ग्राम वन रक्षा समितियों की भागीदारी से प्रभात फेरी
- बुनियादी सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के लिए नगर निगम



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग उपायुक्त नैन्सी सहाय के निर्देश पर वन प्रमण्डल पदाधिकारी सौरभ चन्द्रा की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में शनिवार को हुई। बैठक में डीएफओ ने कहा कि प्रशासन के पहल के साथ-साथ जनजागरूकता एवं भागीदारी से ही वैश्विक पर्यावरण समस्या से निबटा जा सकता है। हर व्यक्ति की स्वयं से एवं स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पहल करने की आवश्यकता है। मौके पर टाटीझरिया प्रखण्ड के दुधमटिया में 7 अक्टूबर को हर वर्ष आयोजित होने वाले वृक्ष रक्षा बंधन सह पर्यावरण मेला के सफल आयोजन के लिए तैयारियों की समीक्षा की गई। इस क्रम में हजारीबाग से दुधमटिया तक 6 अक्टूबर को होने वाले पर्यावरण जागरूकता साईकिल रैली में आमलोगों की भागीदारी भी करने के लिए निदेशित किया गया। वहीं क्षेत्र के विद्यालयों, ग्राम वन रक्षा समितियों की भागीदारी से प्रभात फेरी, मानव श्रृंखला, ईको क्लब आदि के माध्यम से पर्वावरण मेले से जोड़ने एवं पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने पर बल दिया गया। साथ ही दुधमटिया आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, विधि व्यवस्था, बुनियादी सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के लिए नगर निगम, पेयजल स्वच्छता प्रमण्डल, पुलिस प्रशासन सहित संबंधित विभागों से भागीदारी करने के साथ-साथ समन्वय कर कार्य करने को कहा गया। बैठक में पर्यावरण एवं वृक्षों के प्रति आमजनों को जागरूक करने सहित सरकार की संबंधित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के लिए विभागीय प्रदर्शनी लगाने की बात कही है। साथ ही प्रदर्शनी में स्वास्थ्य कैम्प लगाने की बात कही गई बैठक में कोयला उत्पाद कम्पनियों को कोयला उत्खनन एवं परिवहन में पर्यावरण मानकों को कड़ाई से पालन करने के लिए निदेशित करते हुए मासिकवार से समिति को कृत कार्रवाई संबंधित प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा गया। साथ ही जिला परिवहन एवं जिला खनन विभाग को उत्खनन कार्य में प्रयुक्त वाहनों, क्रशर यूनिट द्वारा मानक के विरूद्ध कार्बन व प्रदूषण उत्सर्जन करने वाले पर कार्रवाई करने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से पालिथीन उपयोग पर नियंत्रण, जलाश्यों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पूजा सामग्री सहित कचरा विसर्जन के लिए लोगों को जागरूक करने सहित कार्रवाई करने को निर्देश दिया गया। मौके पर शहर में बायो मेडिकल वेस्ट व कचरों के निष्पादन के लिए अधिकृत एजेंसी के कार्यों की समीक्षा करने एवं मानक के अनुरूप कार्य कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीएफओ सौरभ चंद्रा, डीएफओ सबा आलम, प्रशिक्षु डीएफओ सशांक शेखर, डीईओ, डीएसई, डीटीओ, डीएमओ, पर्यावरण समिति के सदस्य सहित कई अन्य मौजूद थे।

## विधायक ने पांच करोड़ के चार विकास कार्य का किया शिलान्यास

राष्ट्रीय खबर

**बरकट्ठा:** बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने बरकट्ठा और चलकुशा प्रखंड के तीन गांव में लगभग पांच करोड़ के लागत से निर्माण होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास जिप सदस्य कुमकुम देवी की उपस्थिति में किया। इनमें बरकट्ठा प्रखंड के केंदुआ वन में स्कूल उन्नयन कार्य, जतघघरा में एक पीसीसी पथ और जतघघरा से बराकर नदी के बेरोगाय पुल तक एक किलोमीटर तक कालीकरण रोड निर्माण ग्रामीण विकास विभाग के तहत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत और मनैया के पुरनीटांड़ से खरपोका तक सड़क निर्माण कार्य शामिल है। इस मौके पर आयोजित शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि क्षेत्र के लोंगो के लिए स्वास्थ्य, आवागमन की सुविधा और बेहतर स्कूल निर्माण और शिक्षा के विकास में हमारे कार्यों में पहली प्राथमिकता है। लोंगो की अपेक्षाओं को पूरा करने और प्रत्येक गांव में विकास कार्य को धरातल पर उतारने का हरसंभव कोशिश रहती है। शिलान्यास समारोह में ग्रामीण विकास विभाग के सहायक अभियंता सुनील कुमार, जिप सदस्य कुमकुम देवी, आशा कंस्ट्रक्शन के चंद्रधरी मेहता, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, महामंत्री इंद्रदेव यादव, नारायण प्रसाद, रीतलाल चौधरी, सरयू प्रसाद चौधरी, रामेश्वर यादव, मुकेश राय, अवध राय, रतन पासवान, इंद्रदेव यादव, चलकुशा भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल, मनोज यादव, सकलदेव यादव, सुभाष ठाकुर, बैजनाथ राणा, दशरथ राणा, संतोष यादव, सरयू यादव, महेश यादव समेत आदि लोग मौजूद थे।

3 दिवसीय प्रतियोगिता में सीनियर एवं जूनियर वर्ग के 400 तीरंदाज हो रहे हैं शामिल

# 15वीं राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता-23 का शुभारंभ



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग 15वीं राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता-2023 का शुभारंभ शनिवार 30 सितम्बर को कर्जन ग्राउण्ड में हुआ। मौके पर उपायुक्त नैन्सी सहाय, पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन, प्रशिक्षु समाहर्ता सुलोचना मीना ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और प्रतिभागियों को हौसल बढ़ाते हुए अपना हुनर दिखाने की बात कही। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि हजारीबाग को राज्य स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी मिलना जिला के लिए गौरव की बात है।

उन्होंने प्रतिभागियों को अपने कौशल, एकग्रता एवं बेहतर खेल भावना का प्रदर्शन कर अपने हुनर को परिणाम में बदलने एवं जिले, राज्य एवं देश का नाम रौशन करने का आह्वान किया। मौके पर एसपी चोथे मनोज रतन ने कहा कि झारखण्ड में तीरंदाजी की नैसर्गिक प्रतिभा हर कोने में है।

इस तरह के आयोजन से खेल प्रतिभाओं को निखारने में मदद मिलती है। साथ खिलाड़ियों को खूब मेहनत कर अपना एवं देश को खेल के क्षेत्र में मजबूत बनाने की बात कही। बता दें कि तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के सीनियर एवं जुनियर वर्ग के लगभग चार सौ से अधिक प्रतिभागी अपनी हुनर का प्रदर्शन करेंगे। मौके पर प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं चाक चौंबद रखने के लिए संबंधितों को कई निर्देश दिये गये।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय को किया गया सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग16 मई 2016 में स्थापित आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग की ओर से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के कारण महज 7 वर्षों के दौरान हजारीबाग ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड के साथ साथ पड़ोसी राज्यों में भी आईसेक्ट विश्विविद्यालय ने अपनी अलग पहचान बनाई है। यही वजह है कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए आईसोचेम अवार्ड, एबीपी न्यूज की ओर से नेशनल एजुकेशन अवार्ड, इलेक्ट्स संस्था की ओर से वर्ल्ड एजुकेशन सम्मिट अवार्ड, प्रसिद्ध पत्रिका कंप्टीशन सक्सेस रिव्यू की ओर से टॉप युनिवर्सिटी ऑफ इंडिया अवार्ड, झारखंड का गौरव अवार्ड सहित दर्जनों अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। बीते मई 2023 में प्रसिद्ध अंग्रेजी मैग्जीन द विक ने झारखंड के निजी विश्वविद्यालयों की सूची में आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग को टॉप पर स्थान दिया है।

इसी क्रम में बीजेक बिजनेस सॉल्यूशंस की ओर से द क्लब मुंबई में आयोजित नेशनल बिजनेस एक्सिलेंस अवार्ड के दौरान आईसेक्ट विश्वविद्यालय को बेस्ट एजुकेशन सर्विसेज प्रोवाइडर अवार्ड से विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीके नायक व कुलसचिव डॉ. मुनिष गोविंद को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीके नायक ने खुशी जाहिर की और कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर अपने सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ता रहेगा। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने कहा कि अवार्ड पाना वाकई सुखद है। उन्होंने कहा कि ये अवार्ड हमें अपने जिम्मेदारियों को मजबूती से विद्यार्थी हित आगे बढ़ाने का एहसास भी कराती है। उन्होंने बताया कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय अपने शुरूआती दिनों से ही क्वालिटी एजुकेशन के लिए प्रतिबद्ध है।

## झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन, 100 लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया

राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव:** बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत चंदौल पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा का पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता मुख्य संयोजक संजय सिंह एवं संचालन इंद्रदेव राम ने किया। इस दौरान दूसरे दलों के 100 कार्यकर्ता ने संजय सिंह के हाथों झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। झामुमो की मजबूती को लेकर चंदौल पंचायत कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसमिति से अध्यक्ष राजेंद्र मुंडा, उपाध्यक्ष महेश भुइयां सरवन रजवार, देवनारायण भुइयां सचिव अजय भुइयां संयुक्त सचिव नरेश महतो, मैनेजर कुमार ,रामअवतार कुमार ,संगठन सचिव ललन कुमार, कोषाध्यक्ष अनिकेत रिकयासन को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य में पारस भुइयां, महेश महतो, मोनिका देवी, कालेश्वर देवी, संतोष मुंडा, मुंद्रिका देवी ,सीता देवी ,सीमा देवी ,सानिया देवी ,सावन कुमार, पूनम देवी ,किरण देवी, सकीना देवी, दीपक कुमार, सोनिया देवी, विमल कुमार, विशाल कुमार, बजरंग मुंडा, लौला मुंड, कैलाश महतो, द्वारीका रजवार को रखा गया।संजय सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। झारखंड में आदिवासी मूल निवासी के अलावा सभी जाति समुदाय के लिए के लिए काम कर रही है।

**अभियान** रैली निकाल स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

# गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में चला स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा अभियान

- एनएसएस कार्यकताओं ने ली स्वच्छ भारत निर्माण की शपथ

राष्ट्रीय खबर




**हजारीबाग:** हजारीबाग गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में शनिवार को एनएसएस इकाई की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार के नेतृत्व में कार्यकताओं सह प्रशिक्षुओं ने शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण समारोह में प्रशिक्षुओं ने खुद घर-संस्थान और आसपास साफ-सफाई रखने और पड़ोसियों को भी स्वच्छ रहने के प्रति जागरूक करने की शपथ ली। इस मौके पर प्राचार्य ने बापू के कथन का स्मरण कराते हुए साफ-स्वच्छ वातावरण में रहने की शपथ दिलाई. उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत के निर्माण में योगदान देकर ही हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार बना सकते हैं। बाद में प्रशिक्षुओं ने मुकुंदगंज, तुंबा, बकसपुरा आदि गांवों में रैली निकाल स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया कि स्वच्छ वातावरण से ही हम स्वस्थ रह सकते हैं। आसपास की गंदगी को हर दिन हटाकर ही बीमारी से बचे रह सकते हैं। मौके पर सहायक प्राध्यापिका डॉ0 बसुंधरा कुमारी, डॉ पुष्पा कुमारी, महेश प्रसाद, कुमारी अंजलि, पुष्पा कुमारी, एसएस माइटी, जगेश्वर रजक, गुलशन कुमार, संदीप खलखो, अनिल कुमार, रचना कुमारी, दशरथ कुमार, कश्यप कुणाल, दिलीप कुमार सिंह, संदीप कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

स्वच्छता पखवाड़ा - स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023 के तहत रविवार को महाविद्यालय के चार दिवसीय कार्यक्रम के तहत तीसरे दिन एक अक्तूबर को साइकिल रैली और एक घंटे श्रमदान दिया जाएगा। साइकिल रैली प्रातः 7:30 बजे कर्जन ग्राउंड के मुख्य द्वार से निकलकर डिस्ट्रिक्ट मोड़, डीवीसी चौक, कुलपति आवास से होते हुए झील परिसर स्थित स्वर्ण जयंती कैफेटेरिया के पास समाप्त होगी और वहीं पर एक घंटे श्रमदान किया जाएगा।

## न्यूज फटाफट

### तुईयो में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन



**पीरटांड़ :** पीरटांड़ प्रखड़ के तुईयो पंचायत के मझियांनडीह ग्राम में शुक्रवार को पंचायत मुखिया रामसागर किस्कु के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन के तहत ह्लस्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवाह्व 2023 का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सभी ग्रमीणों ने शपथ लिया,ओर कहा कि हम अपने आसपास गली मोहल्ले में ना गंदगी फैलाएंगे ना किसी को फैलाने देंगे। मुखिया रामसागर किस्कु ने बताया कि स्वच्छता एक क्रिया है जिससे हमारा शरीर, दिमाग, घर,आस-पास और कार्य क्षेत्र साफ और शुद्ध रहते हैं। हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए साफ सफाई बेहद जरूरी है। अपने आसपास के क्षेत्र और पर्यावरण की सफाई सामाजिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। मौके पर स्वच्छ भारत मिशन प्रखंड समन्वयक गिरीश कुमार, वार्ड सदस्य सरिता देवी, ईश्वर महतो, सुनील कुमार, महालाल किस्कू, लक्ष्मण हंसदा, सहदेव हंसदा आदि दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

### कन्या+2 उच्च विद्यालय में योगाभ्यास का किया गया आयोजन

**बरकट्ठा :** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बेलकपी पंचायत स्थित कन्या+2 उच्च विधालय परिसर में एकदिवसीय योगाभ्यास का आयोजन किया गया।वहीं 250 बच्चों के बीच एक-एक टी शर्ट , टोपी और मोमेंटो का वितरण किया गया .कार्यक्रम का विधिवत उद्घघाटन जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय, विद्यालय के प्रधानाचार्य छत्रु प्रसाद एवं डा०गजाला प्रवीण ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।कार्यक्रम बच्चों को नित्य दिन योग करनें के लाभ के विषय मे जानकारी दी गई।बताया गया कि योग शरीर को निरोग रखने में सहायक है।योगाभ्यास में भुजंगासन,भद्रासन,सूर्य नमस्कार,अष्टांग नमस्कार,प्रार्थना मुद्रा आदि योग क्रियाओं का प्रतियोगिता बच्चों के बीच कराया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय,खेल शिक्षक हरिकांत पाण्डेय,ईश्वर नायक,संजय कुमार,पूर्व उपमुखिया,सुरेश कुमार पाण्डेय,राजकीय बुनियादी विधालय बेलकप्पी प्रबंधन समिति अध्यक्ष संतोष कुमार पाण्डेय,रिंकू माली,प्रधानाचार्य आलोक कुमार तिवारी,शिक्षक संतोष कुमार निराला,गौतम कुमार पाण्डेय,शिक्षक अनिल मूर्मू,शिक्षक विराट कुमार, सुजीत कुमार के अलावे प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों छात्र व शिक्षक शामिल थें।

### जिला तैलिक समाज के महासचिव की पत्नी के निधन पर दो अक्टूबर को तिरंगा यात्रा स्थगित



**हजारीबाग :** हजारीबाग जिला तैलिक समाज के महासचिव ओरिया निवासी नारायण साव की पत्नी धनेश्वरी देवी का निधन 29 सितंबर शुक्रवार को हृदयाघात से हो गई। इस दुख की बेला में जिला तैलिक समाज द्वारा शनिवार को सिटी लाइफ जवाहर कॉम्प्लेक्स में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मंच संचालन महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रेणुका कुमारी ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि दो अक्टूबर को पंच मंदिर से गांधी स्मारक तक के तिरंगा यात्रा को स्थगित किया गया है। बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि जिनलोगो को व्यतिगत गांधी स्मारक में माल्यार्पण करना है वे दो अक्टूबर को 11 बजे गांधी स्मारक पहुंचकर माल्यार्पण कर सकते है। अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि महासचिव की पत्नी के देहांत से पूरा समाज आहत है। भगवान महासचिव को इस दुख सहने का शक्ति प्रदान करें। बैठक में कोषाध्य: अजय साव, उपाध्यक्ष रामचंद्र साव, खिरगांव अध्यक्ष अशोक साव, मीडिया प्रभारी हेमराज साव, चंद्रिका साहू, दिलीप प्रसाद साव, कपिल साव, शैलेश कुमार, कमल साव, सुरेश साव, रघुनंदन साव सहित कई अन्य उपस्थित हुए।

### ब्लड डोनेट कर मानवता का परिचय दिया मुकेश



**इचाक :** इचाक समाजसेवी व डुमरौन पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मुकेश उर्फ संतोष कुमार मेहता ने एक महिला को ब्लड डोनेट कर मानवता का परिचय देते हुए कहा कि जैसे ही हमें आदर्श युवा संगठन के जिला सचिव व आंचलित पत्रकार कुलदीप कुमार से पता चला कि एक महिला का ऑपरेशन हुआ है और उसे ब्लड की सख्त जरूरत है मैंने उस महिला का मदद किया। मेरा ब्लड डोनेट आज तक का पहली बार है और आज हमें ब्लड डोनेट करने पर अच्छा लग रहा है। आने वाले दिनों में हमसे संपर्क करें और इस तरह का सेवा करने का मौका मिले तो मैं हर हाल में करूंगा। और मैं सभी युवाओं से कहता हूं कि अपने जीवन काल में कम से कम 10 बार वाला डोनेट जरूर करें।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई



**इचाक :** इचाक मानव विकास द्वारा संचालित विद्यालय कैंपियन बेसिक एकेडमी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम दोनों महापुरुषों के चित्र पर विद्यालय सचिव बीरबल प्रसाद के द्वारा फूल माला एवम पुष्प समर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात प्रबंधक गणेश शंकर मदन, प्रचार्या सुरभि वर्मा एवम सभी शिक्षकों ने भी दोनों महापुरुषों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मौके पर बीरबल प्रसाद ने कहा कि जहां राष्ट्रपिता बापू ने दुनिया को सत्य एवम अहिंसा का पाठ पढ़ाया वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा देकर विपरीत परिस्थितियों में भी पूरे देशवासियों का उत्साह बढ़ाया। इनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात कर हम लोग भी अपने देश को विकास के पथ पर अग्रसर कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय में वाद - विवाद, कविता पाठ,पोस्टर मेकिंग, निबंध प्रतियोगिता इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 10 तक छात्रों ने ह्यक्या सरकार को तंबाकू जैसे पदार्थ का उत्पादन बंद कर देना चाहिए तथा अहिंसा पर गांधी जी के विचार विषयों पर वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रदेश >> अपडेट

### स्वास्थ्य मेले में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**महेशपुर (पाकुड़):** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर में शनिवार को आयुष्मान भव: कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य मेला सह स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मेला सह स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन बीडीओ उमेश मंडल एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार किस्कू ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### मदरसा गौसिया में जश्न ईद मिलादुन नबी कॉन्फ्रेंस का किया आयोजन

**पाकुड़ :**आलमे इस्लाम का मोबारक माह बाराह रबीयूअवल के मौके पर आशिके रसूल जश्न ईद मिलादुन नबी मनाते है। इस मोबारक माह के मौके पर शुक्रवार की देर शाम हरिणडांगा मंसूरी टोला स्थित मदरसा अहलेसुन्नत गौसिया अशरफिया में जश्न ईद मिलादुन नबी कॉन्फ्रेंस का आयोजन नोजवान कमिटी के द्वारा किया गया। कॉन्फ्रेंस में स्थानीय वलमा कराम ने शिरकत की। महफिल का आगाज मदरसा दारुल कुरान नया टोला के हाफिज अबू नशर अशरफी ने कुरान पाठ से किया। मदरसा के छात्रों ने नबी के शान में नातिया कलाम पढ़ा। मो रियाज ने हुजूर की शान में नात का नजराना पेश किया। मदरसा अशरफिया चिस्तीया समशूल उलूम अजमेरी टोला के हाफिज मो इरशाद आलम ने मोहम्मद साहब के जिंदगी पर रोशनी डाली और लोगों को उनके द्वारा बताए रास्ते पर चलने की सलाह दी । उन्होंने कहा कि नबी के नक्शे कदम पर चल कर दुनिया और आखरत को कामयाब कर सकते है हरिणडांगा जामा मस्जिद के इमाम हजरत जिशान रजा ने कहा कि नबी जो पूरी दुनिया के लिए रहमत बना कर भेजे गए है, हमे चाहिए कि जो रास्ता नबी ने बताया है उसको मजबूती से पकड़े।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### चंदवा पुलिस ने चलाया हेलमेट चेकिंग अभियान

**चंदवा:** लातेहार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शनिवार को चंदवा थाना के समीप पुलिस इंस्पेक्टर बबलु कुमार के नेतृत्व में दो पहिया वाहन चालकों के बीच हेलमेट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कई वाहन चालक बिना हेलमेट के यात्रा करते हुए पकड़े गए।जिन्हें बाद में बगैर हेलमेट के वाहन न चलाने की चेतावनी देकर छोड़ा गया।हेलमेट चेकिंग अभियान के दौरान इंस्पेक्टर श्री कुमार ने कहा कि क्षेत्र में आये दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही है। दुर्घटनाओ में कई लोग असमय मौत के काल में समा जा रहे हैं। जान गंवाने वालों में ज्यादातर वैसे लोग शामिल हैं जिन्होंने यात्रा के दौरान हेलमेट नहीं पहन रखा था। श्री कुमार ने लोगो से हेलमेट पहनने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की है। मौके पर पुअनि रंजन सिंह समेत अन्य पुलिस के जवान मौजूद थे।

### तीरंदाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे संत मरियम स्कूल के खिलाड़ी

**मेदिनीनगर:** पलामू जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र से विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों का पारंगत होना इस बात का द्योतक है कि क्षेत्र विकास पथ की ओर अग्रसर है । स्थापना के शुरूआती दौर से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रसिद्ध संत मरियम विद्यालय अब बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्र जैसे आर्चरी राइफल शूटिंग कबड्डी कराटे ,क्रिकेट जैसे खेलो में भी पारंगत बना रहा है । इसी कड़ी में कर्जन ग्राउंड में झारखंड राज्य स्तरीय तीरंदाजी संगठन द्वारा आयोजित 15 वी झारखंड राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में संत मरियम स्कूल के 17 खिलाड़ी भाग लेने के लिए रवाना हुए। मौके पर स्कूल के प्राचार्य आदर्श देव ने विद्यार्थियों को तिलक लगाते हुए उन्हें जीत की शुभकामनाएं दी ।

**कार्यक्रम** प्रखंड डुमरी में होगा 7 दिवसीय 'संकल्प सप्ताह' कार्यक्रम का आयोजन

# ब्लॉक विकास की रणनीति पर होगा कार्य : उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी




राष्ट्रीय खबर

**गुमला:** आज शनिवार को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर के आकांक्षी ब्लॉकों के विकास हेतु एक सप्ताह के अभियान के तहत देश भर में 'संकल्प सप्ताह' का दिल्ली स्थित भारत मंडपम से शुभारंभ किया।इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने और उनके विकास के लिए ब्लॉक स्तर पर मौजूद प्रशासन में सुधार करना है। इसके तहत कुल 329 जिलों के 500 आकांक्षी ब्लॉकों में काम किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों ने एनआईसी कार्यालय सभागार से देखा एवं जिले के आकांक्षी प्रखंड डुमरी में भी उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रखंड विकास पदाधिकारी ,अंचल अधिकारी एवं अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मियों ने प्रखंड कार्यालय सभागार से देखा।'संकल्प सप्ताह' के आयोजित किए जाने से पहले देश भर के गांव और ब्लॉक स्तर पर चिंतन शिविर लगाए गए थे।जिसके तहत आकांक्षी प्रखंड डुमरी में भी उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया था।

**ब्लॉक विकास की रणनीति पर होगा कार्य**

देश भर के मौजूदा स्थिति को देखते हुए संकल्प सप्ताह की शुरूआत की जा रही है। इस सप्ताह में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम लागू करते हुए ब्लॉक विकास की रणनीति पर काम किया जाएगा। 'संकल्प सप्ताह' कार्यक्रम के तहत 3 अक्टूबर 2023 से लेकर 9 अक्टूबर 2023 तक आकांक्षी प्रखंडों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 3 अक्टूबर को सम्पूर्ण स्वास्थ्य - एक संकल्प (हेल्थ) के रूप में मनाया जाएगा जिसमें आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केंद्रों ( हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर/ पीएचसी सेंटर) में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे जिसमें एनसी चेकअप, इम्यूनाइजेशन ड्राइव, एनसीडी स्क्रीनिंग, एनीमिया टेस्ट, निक्षय संबंधित स्वास्थ्य जांच शामिल होंगे वहीं 4 अक्टूबर को पोषण परिवार - पोषण मेला ( न्यूट्रीशन) के रूप में मनाया जाएगा जिसमें सभी आकांक्षी प्रखंड के आंगनवाड़ी केंद्रों में महिलाओं एवं बच्चों से जुड़े स्वास्थ्य जांच सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 5 अक्टूबर को सभी ग्राम पंचायत भवनों को केंद्रित करते हुए 'स्वच्छता एक संकल्प' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## दस दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** सदर प्रखंड के सोनाजोड़ी में स्थित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी )पाकुड़ की ओर से आयोजित दस दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त 24 महिलाओं को निदेशक आरसेटी कृष्णा दास और संस्थान के वरिष्ठ संकाय सह कार्यक्रम समन्वयक अमित कुमार बर्धन ने संयुक्त रुप से सफल प्रशिक्षुओ को प्रमाणपत्र दिए। कृष्णा दास ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बैंकों से यथासंभव ऋण प्रदान करने में सहयोग करने की आश्वासन दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का लाभ उठाकर व्यवसाय शुरू करें।अमित कुमार बर्धन ने कहा कि बकरी पालन एक रोजगारपरक कार्यक्रम है, जिससे हम अपनी जीवन को बहुत उन्नत कर सकते हैं। आरसेटी द्वारा ऐसे कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जो ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाती हैं। आरसेटी में प्रशिक्षुओ को बकरी पालन के साथ साथ बैंकिंग, बीमा, विपणन, वित्तीय समावेशन, समय प्रबन्धन, प्रभावशाली बोलचाल आदि से संबंधित जानकारी दी गई।प्रशिक्षुओ को अगले दो साल तक फॉलो अप किया जाएगा ताकि आत्मनिर्भर बनने में होने वाली समस्याओं का निराकरण कर सके।प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल्यांकन नेशनल एकेडमी ऑफ रुडसेट द्वारा प्रतिनियुक्त अधिकारी अरुण नाथ तिवारी और सुनिता हेंब्रम के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षक मनोज कुमार दे हैं।

## दुर्गा पूजा में मांस और शराब की बिक्री पर लगे रोक: आलोक



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** मुख्य संरक्षक स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया व मार्गदर्शक मंडल में सतबीर सिंह राजा,जीवन प्रसाद सिंह,मनोज सिंह,अनील सिंह,सोनू सिंह नामधारी,दीपक सिंघानिया,बसंत जौहरी,शिव प्रसाद गुप्ता,संजीव तिवारी,अविनाश देव,मिथलेश सिंह,सत्येन्द्र तिवारी,नीलेन्द्र कुमार, बबलू गुप्ता व अनील साहू को मनोनीत किया गया।स्थानीय जय भवानी संघ चौक स्थित रिलेक्स इन होटल में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी ने बताया कि ललन सिन्हा को महासमिति का महासचिव व कल्याण वर्मा,वीएम पाण्डेय,नवीन तिवारी,अनील दूबे, राकेश पाण्डेय,हरिशंकर सिंह,उदय शुक्ला,कमल गुप्ता,महेश तिवारी, अजीत सिन्हा,सुमीत भट्टाचार्य,सुधीर सौंडिक,मंजू गुप्ता, मीना गुप्ता, मंजुलता दूबे,अशोक गुप्ता,प्रवीण कुमार तिवारी,प्रभात गुप्ता,श्याम चौधरी,राजेन्द्र राम,बृजेश शुक्ला, रुपा सिंह,रचिता शरण को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।जबकि प्रेम शंकर गुप्ता, जितेन्द्र सोनी,सतीश तिवारी, अभय वर्मा,सोनू गुप्ता, श्वेतांग गर्ग, पप्पू गुप्ता, सौरभ तिवारी, अभिषेक सिंह, मनीष कुमार,सुनील गुप्ता,छोटू त्रिपाठी,नीरज सिंह,संदीप दास,सुनील ठाकुर,रंजीत कुमार,राहुल अग्रवाल,लीलावती देवी,रमेश शुक्ला,रेखा गुप्ता,ज्योति अग्रवाल,रुबी सिंह,विकास विश्वकर्मा,नीरु सिंह, प्रभा देवी, विशाल सिन्हा, व शुभम कुमार को मंत्री मनोनीत किया गया है।

## पर्यावरणविद ने अपने जन्मदिन पर जेएन कॉलेज में किया पौधरोपण



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** सूबे की राजधानी रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथ नगर महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित सेमिनार का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने राष्ट्रीय गान व पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर किया। कार्यक्रम में शामिल कॉलेज के विद्यार्थियों को पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म की पाठ पढ़ाते हुए कहा कि आधुनिकता की इस दौर में सुख सुविधाओं के उपभोग के लिए बढ़ी वाहनों की संख्या एवं अप्रत्याशित हुई जनसंख्या विस्फोट से ही प्रदूषण बेतहासा बढ़ी है। जिसका खामियाजा समाज के सभी लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इतना ही नहीं कोरोना काल में यह साबित हो गयी कि जहां वनों की अंधाधुंध कटाई हुई वहां के लोगों पर कोरोना का कहर उतना ही अधिक बरपा। जिसका गवाह दिल्ली और महाराष्ट्र रहा है।वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि वे अपनी निजी खर्चों पर निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण के 57 वां वर्ष तथा पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट (वृक्षों पर रक्षाबंधन) के 47 वां वर्ष पर विश्व के पांच देशों एवं देश के 10 राज्यों के 30 जिलों में 2 लाख पौधों का निशुल्क वितरण व रोपण वृक्षों पर रक्षाबंधन व पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी आयोजन का निर्णय लिया है।

## स्वच्छ भारत मिशन फेज-टू पर कार्यशाला का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**गोड्डा:** जिला नजारत उपसहार्ता नागेश्वर साव,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल कार्यपालक अभियंता संजय कुमार शर्मा की उपस्थिति में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-टू के तहत एकदिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता ही सेवा 2023 के विभिन्न कार्यक्रमों,जल जीवन मिशन के उद्देश्य एवं कार्य,जल की गुणवत्ता एवं उनकी जांच, कार्यशाला में तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, मलीय कीचड़ प्रबंधन, मासिक स्वच्छता प्रबंधन से संबंधित विषयों पर पावर प्वाइंट के माध्यम से कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं विभिन्न पंचायतों के जलसहियाओं ,सेविका, मुखियाओं को जानकारी दी गई।

**निरीक्षण** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज का किया गया निरीक्षण

## मेडिकल की छात्राओं ने कमिश्नर से की छेड़खानी की शिकायत

- छात्र-छात्राओं ने कमिश्नर को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया है
- छात्रों ने कमिश्नर को बताया कि कॉलेज में शिक्षकों की कमी है
- कॉलेज की समस्याओं के समाधान के लिए पहल की जाएगी



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** पलामू कमिश्नर मनोज जायसवाल ने शुक्रवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने पलामू कमिश्नर को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया है। छात्र-छात्राओं ने पलामू कमिश्नर मनोज जायसवाल को बताया कि असामाजिक तत्व कॉलेज में पढ़ने वाली लड़कियों के साथ छेड़खानी करते हैं। मेडिकल स्टूडेंट्स ने बताया कि आसपास के कुछ असामाजिक प्रवृत्ति के लोग मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में प्रवेश कर छात्राओं से छेड़खानी करते हैं। इसके अलावा निरीक्षण में कई अन्य बातों का भी खुलासा हुआ है।

निरीक्षण के क्रम में मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कमिश्नर से कई बिंदुओं पर शिकायत की और ध्यान आकृष्ट कराया है। छात्रों ने कमिश्नर को बताया कि कॉलेज में शिक्षकों की कमी है। पढ़ाई जिस गति से होनी चाहिए थी, वह नहीं हो पा रही है। अभी तक मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज से एक भी बैच एमबीबीएस की डिग्री पास कर बाहर नहीं निकला है। छात्र-छात्राओं ने कमिश्नर को बताया कि कॉलेज पहुंचने तक का रास्ता भी ठीक नहीं है। साथ ही बिजली संकट के कारण कॉलेज के हॉस्टल में पानी सप्लाई नहीं हो पाती है। कॉलेज में डीजी सेट तो लगा है, लेकिन ईंधन नहीं रहता है।

पलामू कमिश्नर ने समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा: सारी समस्याओं से अवगत होने के बाद पलामू के कमिश्नर मनोज कुमार जायसवाल ने बताया कि कॉलेज के पास एक पुलिस का आउट पोस्ट है। पूरे मामले में वह आईजी से बातचीत करेंगे। कमिश्नर ने बताया कि कॉलेज के पास पेट्रोलिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। इस संबंध में पलामू एसपी को पेट्रोलिंग के लिए लिखा जाएगा। कॉलेज की समस्याओं के समाधान के लिए पहल की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में कई समस्याएं निकलकर सामने आई हैं, जिसे दूर किया जाएगा।

## न्यूज फटाफट

### जल स्वच्छता समिति के माध्यम से चित्रांकन प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**पाकुड़ :** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल पाकुड़ के द्वारा दिनांक 2 अक्टूबर 2023 को गांधी जयंती के शुभ अवसर पर चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन श्री रामकृष्ण शारदा सेवाश्रम, राजापाड़ा, पाकुड़ के प्रांगण में आयोजित की जाएगी। पाकुड़ जिले के सभी छात्रों से अपील की जाती है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लें।

### कृष्णा बैठा दूसरी बार बने व्यापार मंडल अध्यक्ष



**हुसैनाबाद :** व्यापार मंडल सहयोग समिति लिमिटेड के चुनाव की प्रक्रिया शुरू ।हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष पद के लिए कृष्णा बैठा ने 29 सितंबर को अपना नामांकन पर्चा सर्व सहमति से निर्विरोध नामांकन का पर्चा दाखिल किया था ।कृष्णा बैठा पुन: दूसरी बार हुसैनाबाद व्यापार मंडल के अध्यक्ष चुने एक ।अब सिर्फ औपचारिकता पूरी करना बाकी है। बैठा ने कहा की ईमानदारी से किया गया मेहनत कभी बेकार नहीं जाता है ।मैं हुसैनाबाद प्रखंड के सभी सम्मानित पैक्स अध्यक्ष एवं प्रखंड वासियों के विश्वास पर खरा उतरने का काम किया हु और करते रहेंगे ।मौके पर सम्मानित अध्यक्ष बलराम मेहता,उपेंद्र कुमार मेहता ,सुजीत मेहता,सत्यनारायण सिंह ,संजय सिंह,सुरेश प्रसाद यादव,सुरेंद्र सिंह,बिपिन सिंह,विश्वनाथ सिंह,विजयमल सिंह,धनंजय सिंह,दिलीप सिंह,कमला देवी,बिमलेश पासवान,प्रशांत कुमार सिंह,रेणु देवी,राजेश यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### महापर्व पर्युषन के समापन पर विशेष कार्यक्रम आयोजित



**पलामू :** महापर्व पर्युषन के समापन समारोह में शनिवार को जैन भवन में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आलोक गंगवाल एवम संयोजक रिंकू छाबड़ा ने किया।इस कार्यक्रम में पिछले दस दिनों से जारी पर्युषन चैंपियन लीग जो चार ग्रुप सुधा चैलेंजर प्रमाण राइडर विराट चैलेंजर प्रसन्न पैंथर के बीच खेला जा रहा था का फाइनल खेला गया । इसमें सुधा चैलेंजर विजयी हुवा। आज सभी श्रद्धालु ने यह भी चर्चा की कि इन दस दिनों में हम लोगो ने दस धर्म को अपने जीवन में कैसे आरोहित किया। बताया गया कि दस धर्मो को जीवन में आत्मसात करने से न सिर्फ मोक्ष मार्ग को धारण किया जा सकता है बल्कि जीवन के सभी क्षेत्रों में अपने लक्ष्य को पाया जा सकता है। प्रात: अभिषेक पूजन के बाद दस दिवसीय व्रत धारण करने वाली निकिता जैन को जैन मंदिर के बाहर समाज द्वारा सम्मानित किया गया एवम धर्म प्रभावना हेतु रथ पर बैठा कर नगर भ्रमण कराया गया।

### गांधी पार्क जाने की हो नि:शुल्क व्यवस्था : रूचिर तिवारी



**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, अखिल भारतीय नौजवान संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, सचिव अभय कुमार भूइंया, उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी नसीम राइन, श्रद्धानंद तिवारी ने गांधी पार्क का भ्रमण किया जिसमें 10 रूपए शुल्क भी वहां वहन किया। गांधी पार्क में मनमानी को देखने के बाद नगर आयुक्त को पत्र लिखकर इस विषय से अवगत कराया श्री तिवारी ने पत्र के माध्यम से नगर आयुक्त से मांग किया कि गांधी पार्क 2 अक्टूबर को निशुल्क किया जाए साथ ही गांधी पार्क के अंदर लगे पूर्व मेयर का होटिंग को हटाया जाए एवं गांधी पार्क में बिना टेंडर निकाले अवैध रूप से पूर्व मेयर के चहेते लोगों को पार्क के अंदर बच्चों को खेलने के लिए लगाने वाला सामग्री, गाड़ी से मनमानी रूप से दोगुना पैसा वसूला जा रहा है जिसमें पूर्व मेयर का भी हिस्सेदारी फिक्स है। ऐसी स्थिति में नगर आयुक्त पार्क के अंदर से पूर्व मेयर का होडिंग को हटाकर नगर आयुक्त मेदनीनगर का होडींग लगाए, पार्क के अंदर लगा हुआ बच्चों के लिए खेल सामग्री का रेट तुरंत आधा कर नए सिरे से टेंडर निकाला जाए एवं 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर आम जनता के लिए लिए पार्क में जाने की निशुल्क व्यवस्था की जाए। साथ ही पार्क में साफ सफाई के साथ-साथ पीने की पानी की व्यवस्था सुदृढ़ रूप से किया जाए।

### अदाणी फाउंडेशन और वॉकहार्ट फाउंडेशन की ओर से विश्व हृदय दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन



**गोड्डा :** गोड्डा जिले के ठाकुरगंगटी प्रखंड के मनियामोर और करनू गांव में अदाणी फाउंडेशन और सहयोगी संगठन वॉकहार्ट फाउंडेशन की ओर से विश्व हृदय दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को हृदय रोग के बारे में जानकारी दी गई। डॉक्टर ने ग्रामीणों को बताया कि हृदय रोग एक गंभीर बीमारी है जो किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है। हृदय रोग के कारणों में धूम्रपान, मोटापा, उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल और मधुमेह शामिल हैं। मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से सुदूर इलाकों में रहने लाले ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध अदाणी फाउंडेशन ग्रामीणों के दरवाजे तक पहुंच कर स्वास्थ्य सेवा मुहैया करा रहा है। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष शिविर में ग्रामीणों को हृदय रोग के लक्षण और बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई। डॉक्टर ने बताया कि हृदय रोग के लक्षणों में सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, चक्कर आना और बेहोशी शामिल हैं। हृदय रोग से बचाव के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाना, नियमित रूप से व्यायाम करना और संतुलित आहार लेना आवश्यक है। शिविर में ग्रामीणों ने हृदय रोग के बारे में सवाल पूछे। डॉक्टर ने ग्रामीणों के सवालों का जवाब दिया। शिविर में ग्रामीणों को हृदय रोग से संबंधित पर्चे भी बांटे गए। अदाणी फाउंडेशन और वॉकहार्ट फाउंडेशन की ओर से इस तरह के शिविरों का आयोजन ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए किया जाता है।

## शहर >> अपडेट

### स्वदेशी अपनाने की दी प्रेरणा

कुडू :सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चापी में स्वदेशी सप्ताह मनाते हुए भैया बहनों को अपने देश में निर्मित वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग कैसे हो इसके लिए अपने गांव एवं मोहल्ले तथा पंचायत के परिवार के लोगों को कक्षा अष्टम नवम एवं दशम के भैया बहनों को जो दायित्व दिया गया था ।उसे पूरा करने के लिए प्रेरित किया गया तथा अपने परिवार से स्वदेशी अपनाते हुए दूसरों को प्रेरणा देने का काम आचार्य परिवार भैया बहन एवं समिति के पदाधिकारी विशेष ध्यान रखकर अधिक से अधिक अपने देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करने के लिए उत्साहित किया गया। साथ में स्वच्छता अभियान पर भी विशेष बल दिया गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### राधा नाम लेने से मन शांत रहता है : परमेश्वरी देवी

**झुमरीतिलैया :** शहर के अड्डी बंगला रोड स्थित भानु प्रसाद ने निवास स्थल पर राधा रानी का छठी महोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर और राधा रानी का दरबार सजाया गया. मौके पर जगतगुरु श्री कृपालु जी महाराज की प्रचारिका सुश्री परमेश्वरी देवी ने अपने प्रवचन में कहा राधा नाम लेने से मन शांत रहता है व भगवान श्री कृष्ण के करीब पहुंचते हैं। जीव, बुद्धि व तीव्र व्यक्ति में एकाग्रता बढ़ती है. राधा रानी की शरण में जाने से भक्ति का रूप देखने को मिलता है। मौके पर राधा रानी की मां कीर्ति मैया के रूप में प्रीति भगत शामिल हुई। इस दौरान राधा रानी की झांकी को लेकर पहुंचने पर फूलों की वर्षा हुई। इस दौरान मन मेरा डोले राधा नाम बोले के भजन पर श्रद्धालु भक्त झूमते रहे। मौके पर भानु प्रसाद, धर्मेंद्र भगत, विजेंद्र भगत, विद्यापति स्थाना, दिनेश मिश्रा, संभू प्रसाद, वैभव राज, अनुभव कुमार, रितिका कुमारी, कृष्णा अग्रवाल, प्रीति भगत, वीणा देवी, ममता देवी, सीमा आर्या, कृतिका मोदी, पावापति मिश्रा, सुजाता जोशी, सुनीता जोशी के आलावा कई श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित

जयनगर :प्रखंड केटीपीएस बांझेडीह सीएसआर के द्वारा विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता की सेवा कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों को स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का विधिवत नेतृत्व केटीपीएस बांझेडीह के उप महाप्रबंधक हरिश्चंद्र सिंह ने किया।वहीं उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय घंघरी, उच्च विद्यालय हीरोडीह सहित कई विद्यालयों में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। जहां विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए हरिश्चंद्र सिंह ने कहा कि स्वच्छता ही प्रसन्नता देती है, अगर हमारा वातावरण स्वच्छ होगा तो हम कभी भी बीमार नहीं पड़ेंगे। यहां तक कि एक स्वच्छ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग का निवास होता है। यदि देखा जाए तो पर्यावरण के प्रति भी हमें जागरूक होना चाहिए। पर्यावरण को स्वच्छ रखना चाहिए तभी हम विभिन्न तरह के बीमारियों से बचेंगे। गंदे स्थान में कई तरह की बीमारियां फैलती हैं। इसलिए गंदगी फैलाने से भी हमें बचाना चाहिए। कार्यक्रम के बाद विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए निबंध लेखन एवं अन्य कई प्रतियोगिताएं भी हुआ। जहां विद्यार्थियों को स्वच्छता ही सेवा बैग दिया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ अरुण कुमार पटेल, शिक्षक शिवलाल कुमार यादव, विद्या प्रकाश,सहित विद्यालय के सभी विद्यार्थी मौजूद थे।

**ज्ञापन** चलकरी उतरी पंचायत के गिरी टोला के लाभुकों ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

# लाभुकों को मिल रहा कम अनाज

- लाभुकों को नहीं मिल रहा अनाज
- राशन की हो रही कालाबाजारी



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** पेटरवार प्रखंड के चलकरी उत्तरी पंचायत के गिरी टोला में पीडीएस समिति (डिलर) द्वारा लाभूको से जबरन राशन काटने का मामला सामने आया है जिसके विरुद्ध लाभूको ने पेटरवार अंचलाधिकारी और खाद्य आपूर्ति विभाग के पदाधिकारियों को एक संयुक्त हस्ताक्षरित आवेदन प्रेषित कर जांच और कार्यवाही की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार चलकरी उतरी पंचायत के गिरी टोला मे जनवितरण का कार्य जागृति महिला समिति द्वारा किया जाता है जिसमे लाभूको से प्रति लाभूक एक किलो सरकारी अनाज जबरन काटा जा रहा है। अनाज कटौती के संबंध में वितरण करने वाली महिला समिति की ओर से बताया गया की राशन कम मिलने की वजह से कटौती की गई है। लाभुक सदस्यों की बातों से असंतुष्ट थे। वे इस बात को मानने को कतई तैयार नहीं थे कि सरकार ने कम राशन उपलब्ध कराया था। इसलिये उन्हें कम राशन दिया गया।

लाभुकों का कहना था कि समिति की ओर इसतरह की बातें कई बार सुनाई जाती है। इस बार राशन कम मिला है जिस कारण यह कटौती की जा रही है।

इस मामले को लेकर पीड़ित लाभुको ने पहले तो पीडीएस दुकान के समक्ष जमकर हंगामा किया और अंत में सीओ और खाद्य आपूर्ति पदाधिकारियों को आवेदन देकर जांच व कारवाई की मांग कर डाली।

लाभुकों ने आक्रोशित होकर पीडीएस दुकान के समक्ष प्रदर्शन किया।

इस मौके पर लाभूको मे महेश गिरी, गोपाल नायक, गीता देवी, संजीत सोरेन,बबलू सोरेन,अनिल बास्के,लखन प्रसाद नायक,सरिता देवी,प्रमिला देवी,ललिता देवी,यशोदा देवी, हेमंत कुमार नायक आदि के अलावे लगभग 30 - 40 की संख्या में लाभूक उपस्थित थे ।

## संगठन को मजबूत करने में लगे: मुकेश



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड झामुमो कमिटी की एक बैठक शनिवार को पेटरवार स्थित झामुमो के प्रधान कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मुकेश कुमार महतो ने कहा कि कार्यकर्ता अभी से ही संगठन को मजबूत करने में लग जाये क्योंकि किसी भी संगठन के लिए कार्यकर्ता ही संगठन के रीढ़ होते है। बैठक में ग्रुप में जोड़ने, सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को जोड़ना, वाट्सएप ग्रुप में जोड़ना, प्रत्येक माह बैठक करना, प्रत्येक पंचायत में दो- दो मीडिया प्रभारी बनाना, महिलाओं को संगठन में जोड़ना एवं सरकार की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराना आदि मुख्य बिंदु शामिल है। इस मौके पर प्रकाश महतो, झामुमो ब्यवसाई मोर्चा के जिला अध्यक्ष राकेश सेठी, अहसनुल अंसारी, शौकत अंसारी, बिहारी टुडू, रोहित लाल केंवट, सत्यम प्रसाद, अनूप सेठी, बिमल सेठी, टुनटुन जायसवाल, राधेश्याम महतो, पिंकी देवी,महानंद मुर्मू,अदालत घांसी,शिव चरण महतो,महेश्वर मांझी सहित अन्य झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अवैध कब्जा पर प्रशासन का बुलडोजर



राष्ट्रीय खबर

**कुडू :** प्रखण्ड में लंबे अरसे के बाद शनिवार को एक बार फिर प्रशासन का बुलडोजर चला। इस दौरान अतिक्रमणकताओं में भगदड़ मच गई। कुडू अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मौजा हेंजला थाना कुडू जिला लोहरदगा के द्वारा जितिया मेला स्थल की मापी से संबंधित आवेदन प्राप्त था। कुडू के मापी प्रतिवेदन के आधार पर पाया गया था कि मौजा हेजला के खाता संख्या 200 प्लॉट संख्या 642, 643 रकबा क्रमशः 0.83 ए. एवं 0.18 ए. भूमि पर हेंजला गांव निवासी बबलु महतो पिता राम लाल महतो, अमरदीप तिवारी पिता श्यामसुन्दर तिवारी, अनिरुद्ध महतो पिता मुरारी महतो और राम कुमार साहू पिता राम सिंहासन साहु द्वारा अतिक्रमण कर अवैध रूप से मकान और होटल का निर्माण किया गया था। उक्त सभी अतिक्रमणकर्ता को कागजात प्रस्तुत करने हेतू कार्यालय के द्वारा ज्ञापांक-75 दिनांक 16 जनवरी 2023 नोटिस निर्गत किया गया। नोटिस के आलोक में दिनांक 16 फरवरी 2023 को सभी अतिक्रमणकर्ता अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित हुए। परन्तु उनके द्वारा अपने पक्ष में किसी प्रकार का राजस्व दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। प्रश्नगत बिहार भुदान यज्ञ समिति भूमि पर है। लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम 1956 की धारा के अन्तर्गत है, जिसे लोक हित में हटाना अति आवश्यक है। अतिक्रमण हटाने हेतू अधिनियम की धारा 6 (1) के अन्तर्गत अंतिम आदेश पारित करते हुए आज अतिक्रमण हटाया गया।

## ऑनलाइन जुड़कर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** भारत सरकार द्वारा आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम की शुरूआत की गयी है। भारत मंडपम, प्रगति मैदान, न्यू दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा शनिवार को संकल्प सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। संकल्प सप्ताह कार्यक्रम को लेकर आयोजित ऑनलाइन समारोह को कोडरमा जिला स्तरीय पदाधिकारी और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी,कर्मी व स्थानीय जन-प्रतिनिधि जुड़कर उनके संबोधन को सुना और प्रधानमंत्री के संबोधन में आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम के उद्देश्य को जाना। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तर पर संकल्प सप्ताह के कार्यक्रम चलाया जाएगा। उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने बताया कि भारत सरकार द्वारा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत कोडरमा जिले के दो प्रखंड जयनगर व मरकच्चो का चयन किया गया है। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत 3.10.2023 से लेकर 9.10.2023 तक प्रखंड स्तर पर संकल्प सप्ताह के कार्यक्रम चलाया जाएगा और संकल्प सप्ताह के लिए कई गतिविधियां सुनिश्चित की जाएंगी। जिसके तहत संबंधित अधिकारी अपनी-अपनी गतिविधियां आयोजित करें, संकल्प सप्ताह में स्वास्थ्य, आजीविका, स्वच्छता, कृषि, शिक्षा आदि से संबंधित कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उप विकास आयुक्त ने संकल्प सप्ताह के संचालन को लेकर जिला और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और कर्मियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिये। संकल्प सप्ताह कार्यक्रम के तहत तिथिवार गतिविधियों को बेहतर तरीके से करने को कहा। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुजुर, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, डीपीएम महेश व अन्य मौजूद रहे।

## संकल्प सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड के बेको पंचायत सचिवालय में संकल्प सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया रुपाली कुमारी ने की। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि प्रधानमंत्री कृषि योजना के तहत जिन किसान को लाभ नहीं मिल रहा है वैसे किसान केवाईसी कराएं। वहीं उपस्थित लोगों को योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर पंचायत सचिव प्रकाश साव, रोजगार सेवक सुरेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि बलदेव यादव, बीएफटी राजेश कुमार, कृषि मित्र बुंदक यादव, अरविंद यादव, सतीश यादव, परमेश्वर यादव, पार्वती देवी, पुष्पा कुमारी, रूबी देवी, तबस्सुम खातून, रमा सिंह, विजय कुमार यादव, मनीर अंसारी, पूजा कुमारी, अब्दुल रजाक सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

**आस्था** निर्जला उपवास के बाद 45 व्रतधारियों ने किया महा पारना

# आस्था त्याग और तप से ही कल्याण संभव: सुयश सागर



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** शनिवार को 10 दिनों तक निर्जला उपवास रखने वाले सभी 45 व्रत धारी का एक साथ महा पारना का भव्य कार्यक्रम गुरुदेव के सानिध्य में हुआ । कार्यक्रम स्थल गुरुदेव सुयश सागर जी के जयकार से गूंजायमान रहा । सुबोध गंगवाल और शशि छाबड़ा ने भक्ति गीत गाकर भक्तों को आनंदित किया । भारतवर्ष से आए हुए सम्मानित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन और गुरुवर के चरण प्रक्षालन का कार्य किया गया । मंच संचालन समाज के सह मंत्री राज छाबड़ा ने किया। सभी व्रतधारी को एक साथ पंक्तिबद्ध बैठाया गया । समाज के सभी पदाधिकारी गण जैन महिला समाज जैन युवक समिति पार्षद पिंकी जैन ने सर्वप्रथम 10 लक्षण व्रतधारियों को प्रथम आहार देकर पारना कराया। तत्पश्चात सभी श्रद्धालु भक्तों ने व्रतधारियों को पारना कराया । सभी व्रतधारियों को जैन समाज के द्वारा मंत्रीत चांदी की माला सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया । झुमरी तिलैया के इतिहास में प्रथम बार एक साथ 45 दशलक्षण व्रत धारी को दिए गए । सम्मान पर झुमरी तिलैया में चातुर्मास कर रहे परम तपस्वी जैन संत सुयश सागर जी ने अपनी अमृतवाणी में कहा कि झुमरी तिलैया धर्म की नगरी है । व्रत संयम उपवास से श्रद्धालु भक्तों के द्वारा धर्म की गंगा बहाई जा रही है । श्रद्धा आस्था त्याग तप से ही आत्म कल्याण होता है लोग एक समय एक दिन भी बिना खाए नहीं रह पाते हैं । परंतु यहां के धर्म भक्त युवा बुजुर्ग महिलाओं ने 10 दिवस का निर्जल उपवास रखकर ऐतिहासिक धार्मिक कार्य किया है 10 लक्षण पर्व के 10 धर्म में एक धर्म भी यदि व्यक्ति अंगीकार कर ले तो उसका जीवन सफल हो जाता है। चातुर्मास कमेटी के संयोजक नरेंद्र झाझंरी मंत्री ललित सेठी नेआए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया । उपाध्यक्ष कमल सेठी सुनील सेठी किशोर जैन पांडया सुशील छाबड़ा सुरेश झाझंरी सरोज पापड़ीवाल और सम्मानित समाज के लोगों के द्वारा सभी व्रतधारियों का सम्मान किया गया आज के इस कार्यक्रम में पूरे भारत वर्ष छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश बिहार उत्तर प्रदेश राजस्थान असम से सैकड़ो लोग शामिल हुए समाज के द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया ।

## न्यूज फटाफट

### बीडीओ ने की मनरेगा योजनाओं की समीक्षा




**कुडू :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को आवास व मनरेगा योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बीडीओ मनोरंजन कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मनरेगा से संबंधित कार्यों में तेजी लाने और प्रधानमंत्री आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ अरबिंद रौशन, प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी सुनील चंद्र कुंवर के अलावा सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष की बैठक



**बालूमाथ :** लातेहार जिला के बालूमाथ में आगामी संकल्प यात्रा एवं शौर्य दिवस को लेकर बालूमाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत बालु पंचायत एवं झाबर पंचायत में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच दिनाक 03/09/2023 समय 11:00 बजे बालूमाथ के जोगियाडिह मैदान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी का संकल्प यात्रा की जानकारी जन जन तक पहुंचने एवम अधिक से अधिक जनता को शामिल होने का निमंत्रण दिया। बैठक के माध्यम से मंडल अध्यक्ष ने कहा की इस हेमंत सोरेन सरकार को लूट योजना के तहत भाजपा के द्वारा सरकार से हिसाब देने को कहा। मौके पर भाजपा रंजीत गुप्ता सूरज साह अखिलेश गांझु अरविंद साव विजय ठाकुर स्वदेश प्रजापति नागेंद्र लाल देव गंझू रघुनंदन सोनी गजेंद्र हिनाशु देवकी नंदन तिवारी जग्बादन तिवारी कुलेश्वर प्रजापति लक्ष्मण यादव मकसूदन साहू सुबोध सिंह बैजनाथ यादव समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे

### सीएचसी में आयुष्मान स्वास्थ्य मेले का आयोजन



**कुडू :** आयुष्मान भवः के तहत शनिवार को सीएचसी कुडू में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ मेले में प्राभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुलामी होरो, डॉ अंजुलना आइन्द, डॉ निरुपमा, डॉ प्रेरणा श्रोत, डॉ अरविंद रजक, स्कूल हेल्थ के डॉ जीसी पांडे और सभी सीएचओ द्वारा दांत, आंख, टीबी, एनीमिया, सुगर, बीपी आदि विभिन्न प्रकार के करीब पांच सौ मरीजों की जांच की गई। सीएचसी प्राभारी डॉ होरो ने बताया कि इस मेले के आयोजन का उद्देश्य सभी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है, ताकि समय रहते उनकी बीमारियों का पता चल सके, इससे उनका वक़्त पर इलाज हो सके। स्वास्थ मेले में प्रखण्ड के अलग-अलग गांव के यक्ष्मा से पीड़ित पांच मरीजों को संत चार्ल्स स्कूल जांगी द्वारा गोद लिया गया। मौके पर सिएचसी प्राभारी डॉ सुलामी द्वारा सिस्टर सुपीरियर सहित दो अन्य सिस्टर को बैच और निक्ष्य मित्र का प्रमाण पत्र सौपा गया।

### तलवार से किया हमला



**कुडू :** थाना क्षेत्र के ककरगढ़ गांव में युवक ने फूलचंद उरांव पर तलवार से जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घटना शुक्रवार रात की है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मुखिया पति फूलचंद उरांव अपने घर मे किसी से फोन पर बात कर रहे था तभी गांव के बिफई उरांव का पुत्र रमेश उरांव उम्र 20 वर्ष घर की चारदीवारी फांद कर घर मे घुसा और तलवार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार अचानक से हुए इस जानलेवा हमले में फूलचंद गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था मे भी हिम्मत नही हारी और हमलावर को पकड़ लिया लेकिन उसने फिर से तलवार चलानी शुरू कर दी और भागने लगा। तभी शोर शराबा सुन मौके पर पहुंची फूलचन्द की बेटी ने बहादुरी का परिचय देते हुए हमलावर को पकड़ लिया और रस्सी से बांध दिया। जिसे बाद में पुलिस को सौंप दिया गया। अपने पिता की रक्षा में तलवार लिए हमलावर से भिड़ जाने वाली बेटी का चारो तरफ तारीफ हो रही है। वहीं पुलिस ने मामले में कांड संख्या 112/23 दर्ज करते हुए आरोपी को लोहरदगा जेल भेज दिया है।

### 11000 वोल्ट की बिजली का अचानक प्रवाहित होना दुर्भाग्यपूर्ण




**बालूमाथ :** बालूमाथ कस्तूरबा विद्यालय में 11000 वोल्ट की बिजली का अचानक प्रवाहित होना दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। यह घोर लापरवाही का विषय है। इस संबंध में उपाध्यक्ष महोदय के द्वारा कस्तूरबा की वार्डन से बातचीत कर पूरे मामले की जानकारी ली और पुन: बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से बात की गई है और निम्न बिंदुओं पर जांच की मांग की है कस्तूरबा विद्यालय का ट्रांसफार्मर मुख्य प्रवेश द्वार के पास लगाया हुआ है। इसको वहां से किसी अन्य स्थान पर ले जाने की आवश्यकता होगी ट्रांसफार्मर में किस कारण से 11000 वोल्ट की बिजली के तार पहूंचा हुआ है। यदि विद्यालय भवन एवं हॉस्टल में 11000 का करंट दौड़ा तो एमसीबी और फ्यूज की क्या स्थिति थी ऑटो कट क्यों नहीं हुआ किस स्तर पर यह लापरवाही हुई है दोषी को चिन्हित करने की आवश्यकता है।

### हिंदी पखवाड़ा दिवस संपन्न

जयनगर :प्रखंड के केटीपीएस में 14 सितंबर से मनाया जा रहा है हिंदी पखवाड़ा दिवस विभिन्न कार्यक्रमों के साथ संपन्न हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरीय महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह ने किया। क्रम में हिंदी के प्रति सम्मान दैनिक व्यवहार में हिंदी का प्रयोग के प्रति प्रेरणा एवं उत्साह के संचार की दृष्टि से हिंदी संबंधित विचार गोष्ठी पर आयोजित किया। वहीं हिंदी पखवाड़ा दिवस कार्यक्रम में आयोजित निबंध, लेखन, कविता आदि विजेता प्रतिभागियों को परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह, डीजीएम हरिश्चंद्र सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## न्यूज फटाफट

### मोदी ने एयर पिस्टल मिश्रित टीम को दी बधाई



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हांगझोउ एशियाई खेल में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, '' एशियाई खेलों 2022 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने के लिए सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस पर गर्व है।'' उन्होंने कहा, '' मैं उनकी उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई देता हूं। उनकी प्रतिभा, समर्पण और टीम वर्क सराहनीय है और भारत के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है।'' गौरतलब है कि भारतीय निशानेबाज सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस ने शनिवार को यहां एशियाई खेलों 2023 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम शूटिंग स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय जोड़ी स्वर्ण पदक मैच में चीन के बोवेन झांग और रैनक्सिन जियांग से 16-14 से हार गई। निशानेबाजी में यह भारत का 19वां पदक था। भारत अब तक छह स्वर्ण, आठ रजत और पांच कांस्य पदक जीत कर निशानेबाजी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर चुका है।

### लवलीना ने जीता भारतीयों का दिल, प्रीति ने भी गोल्डेन टिकट की अर्जी लगायी



**हांगझाउ :** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता और मौजूदा विश्व चैंपियन लवलीना बोरगोहेन ने एशियाई खेल के बॉक्सिग में महिलाओं के 75 किग्रा सेमीफाइनल में जगह बना कर भारत के लिये एक पदक सुनिश्चित कर दिया। लवलीना ने शनिवार को क्वार्टरफाइनल में कोरिया की सुयेओन सियोंग को सर्वसम्मत निर्णय (5-0) से हराकर अंतिम चार में अपना स्थान पक्का किया। भारतीय मुक्केबाज ने मुकाबले की शुरुआत से ही प्रतिद्वंदी मुक्केबाज पर दबाव बनाए रखा और अपने फुटवर्क का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए राइट हैंड जैब का बखूबी इस्तेमाल किया और इस मुकाबले को अपने नाम कर लिया। एक अन्य मुकाबले में भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार ने महिलाओं के 54 किग्रा क्वार्टरफाइनल में कजाकिस्तान की ज़ैना शेकेरबेकोवा को 4-1 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इसके साथ ही प्रीति पवार ने भारत के लिए अगले साल होने वाले पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा भी हासिल किया। ज्ञातव्य है कि नेशनल ओलंपिक कमेटी के पास ओलंपिक खेलों में अपने संबंधित देशों के प्रतिनिधित्व के लिए विशेष अधिकार है। पेरिस खेलों में एथलीटों की भागीदारी उनकी एनओसी पर निर्भर करती है, जो उन्हें पेरिस 2024 में अपने प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनती है। लवलीना बोरगोहेन 75 किग्रा में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।

### भारत इंग्लैंड वार्म मैच बारिश के कारण रद्द

**गुवाहटी :** विश्व कप से पहले भारत और इंग्लैंड के बीच शनिवार को वार्म मैच में बारिश के कारण बगैर गेंद फेंके रद्द घोषित कर दिया है और दोनो टीमों को अभ्यास का मौका नहीं मिल सका। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया मगर बारिश के चलते दोनो टीमें मैदान पर नहीं उतर सकी। शाम पांच बजे तक बारिश की तीव्रता में कमी आयी थी जिसके बाद अभ्यास मैच के शुरु होने की संभावना बढ गयी थी मगर आउट फील्ड के गीली होने और रिमझिम बरसात होने के चलते अंपायरों ने शाम साढ़े पांच बजे मैच को रद्द करने की घोषणा की। दोनो ही टीमों का यह पहला अभ्यास मैच था। इंग्लिश टीम शुक्रवार दोपहर में गुवाहाटी पहुंची थी जिसके चलते उन्हें मौसम के साथ खुद को ढालने का मौका भी नहीं मिल पाया। आज का वार्म अप दोनो टीमों को अभ्यास का बेहतरीन मौका दे सकता था।

**बयान** अपनी फिल्म '800' के प्रमोशन के सिलसिले में यहां आये मुरलीधरन ने कहा

# महान है सचिन, विराट की उनसे तुलना ठीक नहीं : मुरलीधरन

- दुनिया के किसी भी बल्लेबाज की तुलना सचिन से नहीं की जा सकती
- वह महान बल्लेबाज रहे हैं
- सचिन ने 14 वर्ष की उम्र में रणजी खेलना शुरू किया

**एजेंसियां**





**लखनऊ :** मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को क्रिकेट की दुनिया का अनूठा बल्लेबाज बताते हुये श्रीलंका के पूर्व करिश्मायी स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने कहा कि विराट कोहली की तुलना उनसे करना मुनासिब नहीं होगा। अपनी फिल्म '800' के प्रमोशन के सिलसिले में यहां आये मुरलीधरन ने शनिवार को एक सवाल के जवाब में कहा '' विराट ही नहीं बल्कि दुनिया के किसी भी बल्लेबाज की तुलना सचिन से नहीं की जा सकती। वह महान बल्लेबाज रहे हैं। सचिन ने 14 वर्ष की उम्र में रणजी खेलना शुरू किया जबकि मात्र 16 वर्ष की आयु में उन्होने पाकिस्तान के खिलाफ खेल कर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण की उम्र में वकार युनूस जैसे गेंदबाजों का सामना किया।

शतकों का शतक लगाने वाले सचिन जैसा प्रतिभाशाली बल्लेबाज सिर्फ एक बार जन्म लेता है। '' उन्होने कहा '' निसंदेह विराट कोहली एक बेहतरीन बल्लेबाज है मगर उनकी तुलना सचिन से करना बेमानी होगा। क्रिकेट के हर दौर में प्रतिभावान खिलाड़ी निकल कर सामने आते हैं मगर उनकी तुलना किसी अन्य से करना मुनासिब नहीं होगा।'' पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे विश्वकप में भारत की संभावनाओ को बेहतर बताते हुये उन्होने कहा कि भारत को अपनी जमीन पर खेलने का फायदा होगा। रविचंद्रन अश्विन भारतीय टीम के लिये तुरूप का इक्का साबित होंगे। कोई फर्क नहीं पड़ता कि उन्हे टीम में अंतिम समय में शामिल किया गया। वह एक बेहतरीन गेंदबाज है जो बल्लेबाज के दिमाग को पढने की क्षमता रखता है और उसे कभी भी परेशानी में डाल सकता है। उन्होने कहा कि भारतीय बल्लेबाज और गेंदबाज फार्म में हैं जिनका फायदा टीम को होगा, वैसे इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया की टीमें भी विश्व कप की मजबूत दावेदार हैं जो भारत को कड़ी टक्कर दे सकती हैं।

पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश के खिलाड़ी भारतीय उपमहाद्वीप की कंडीशन से भलींभांति वाकिफ है और ये टीमें विश्वकप में चौंका सकती हैं। मुरलीधरन ने अपने क्रिकेट करियर के अनुभव को साझा करते हुये कहा कि 1996 का विश्व कप उनके क्रिकेट करियर का सबसे यादगार लम्हा था जब उनके देश ने विश्वकप अपने नाम किया था। इस बीच श्रीलंका में गृहयुद्ध के हालात ने आम नागरिक की तरह उन्हे भी झकझोरा मगर यह जीवन की सच्चाई है। श्रीलंकाई पूर्व स्पिनर ने कहा कि उन्हे वीरेन्द्र सहवाग के सामने गेंदबाजी करना चुनौती भरा लगता था। हालांकि उनके करियर में मिले 800 विकेट में से हर विकेट उनके लिये बेशकीमती है। बल्लेबाजों के बारे में बात करें तो अगर उनसे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा और सचिन तेंदुलकर के बीच चुनने का अवसर दिया जाये तो उनकी नजर सचिन पर ही होगी। उन्होने कहा कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या विश्वकप में विरोधी गेंदबाजों के लिये मुसीबत खड़ी कर सकते हैं । दोनो बेहतरीन फार्म में है और खतरनाक हैं। मुरलीधरन ने कहा कि उनकी आत्मकथा पर आधारित फिल्म '800' सत्य घटनाओं पर आधारित है और उन्हे उम्मीद है कि भारतीय दर्शक फिल्म को थियेटर में जाकर देखना पसंद करेंगे।

## खेल जगत अपडेट्स

### कोरिया के खिलाफ बढ़े मनोबल के साथ उतरेगी भारतीय टीम



हांगझोउः लगातार दो मैचों में एकतरफा जीत हासिल करने वाली भारतीय महिला टीम एक अक्टूबर को एशियाई खेलों में बढ़ हुये मनोबल के साथ मजबूत कोरिया के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारत ने अपने शुरुआती गेम में सिंगापुर के खिलाफ 13-0 की शानदार जीत के साथ अपनी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया, इसके बाद शुक्रवार को मलेशिया पर 6-0 की शानदार जीत दर्ज की। इन जीतों ने भारतीयों की फॉर्म और स्वर्ण पदक जीतने के उनके दृढ़ संकल्प को उजागर किया। दूसरी ओर, कोरिया भी शानदार फॉर्म में है, उसने सिंगापुर के खिलाफ 4-0 से जीत दर्ज की है और अपने पिछले मैचों में हांगकांग पर 7-0 की शानदार जीत दर्ज की है। दोनों टीमों के बीच खेले गए 19 मैचों में 11 जीत के साथ कोरिया का पलड़ा भारी है। भारत ने छह जीत हासिल की हैं, और दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। यह इतिहास आगामी मुकाबले में एक दिलचस्प आयाम जोड़ता है, जिसमें भारत अपने कोरियाई समकक्षों के खिलाफ अपने रिकॉर्ड में सुधार करने के लिए उत्सुक है। भारतीय कप्तान सविता ने आगामी चुनौती को लेकर कहा '' कोरिया का सामना हमेशा एक कठिन लड़ाई होती है, और इतिहास बताता है कि उनका पलड़ा भारी रहा है। हालांकि, अब हम एक अलग टीम हैं, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से भरी हुई हैं। हम मैदान पर अपना सब कुछ देने और अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए तैयार हैं। हमारा लक्ष्य अपनी सर्वश्रेष्ठ हॉकी खेलना और जीत हासिल करना है।'' भारतीय महिला हॉकी टीम की उप कप्तान दीप ग्रेस एक्का ने कहा, '' टीम इस मैच की तैयारी के लिए अथक प्रयास कर रही है। हम कोरिया की क्षमताओं का सम्मान करते हैं, लेकिन हमें अपनी क्षमताओं पर भी भरोसा है। पहले के खेलों में हमारी जीत ने हमारा मनोबल बढ़ाया है, और हम इस चुनौती का डटकर सामना करने के लिए तैयार हैं। यह एक रोमांचक मैच होने वाला है।

# नहीं सोचा था कि तीसरे विश्व कप में भी खेलूंगा: अश्विन

**एजेंसियां**



**गुवाहटी :** चोटिल अक्षर पटेल के स्थान पर अंतिम समय में विश्व कप के लिये भारतीय टीम में चुने गये रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि जीवन अचरज और रोमांच से भरा होता है। उन्होने सोचा नहीं था कि उन्हे तीसरी बार विश्व कप की टीम में शामिल किया जायेगा। अश्विन ने शनिवार को कहा '' तीन महीने पहले किसी ने कहा होता कि मैं विश्व कप खेलूंगा तो मैं बोलता कि आप मजाक कर रहे हैं मगर लाइफ सरप्राइज़ से भरी होती है।

सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं यहां रहूंगा। परिस्थितियों ने मुझे यहां खड़े होने का मौका दिया है। टीम मैनेज़मेंट ने मेरे ऊपर भरोसा ज़ताया है। '' विश्व कप से ठीक पहले टीम में चुने जाने पर पड़ने वाले दवाब को लेकर उन्होने कहा '' दवाब झेलना ऐसे टूर्नामेंट्स में काफ़ी अहम होता है और यही तय करेगा कि टूर्नामेंट कैसा ज़ाएगा। ये भारत के लिए मेरा आखिरी विश्व कप हो सकता है तो इसका लुत्फ़ लेना सबसे अधिक ज़रूरी है।'' गौरतलब है कि अश्विन को अक्षर पटेल की जगह भारत की विश्व कप टीम में शामिल किया गया है, जो इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका में टीम के एशिया कप अभियान के दौरान घायल हो गए थे। अश्विन के लिये यह तीसरा मौका है जब वह विश्व कप के लिये भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में संपन्न सीरीज में अश्विन ने बेहतरीन प्रदर्शन कर आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को परेशान किया था। इस महीने की शुरुआत में टीम में शामिल किए गए अक्षर को बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप सुपर फोर मुकाबले के दौरान बाएं क्वाड्रिसेप्स में खिंचाव आ गया था। अगर आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज को छोड़ दें तो अश्विन ने आखिरी बार 2022 में दक्षिण अफ्रीका में एक दिवसीय श्रृंखला खेली थी। उन्होने 115 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में अब तक 155 विकेट लिये हैं। भारत अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा। इस मुकाबले में अश्विन के अंतिम एकादश में शामिल होने की पूरी उम्मीद है।

# स्क्वैश: पाकिस्तान को हराकर भारत ने जीता सोना



**एजेंसियां**

**हांगझोउ :** एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष स्क्वैश टीम ने शनिवार को खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान को 2-1 से हरा कर स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाल लिया। हांगझोउ ओलंपिक सेंटर में सौरव घोषाल, महेश मनगांवकर और अभय सिंह की टीम ने रोमांचक मैच में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। पाकिस्तान के इकबाल नासिर ने भारत के महेश मनगांवकर को 3-0 (11-8, 11-3, 11-2) से हराकर मुकाबले की शुरुआत की, लेकिन अगले ही मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी सौरव घोषाल ने मोहम्मद आसिम खान को 3-0 (11-5, 11-1, 11-3) से बराकर भारत को बराबरी दिलाई। आखिरी मुकाबले में अभय सिंह और जमान नूर के बीच काफी रोमांक गेम देखने को मिला और अंत में भारतीय खिलाड़ी ने पाकिस्तान स्क्वैश खिलाड़ी को 3-1 (11-7, 9-11, 8-11, 11-9, 12-10) से हराकर यह मुकाबला भारत के पक्ष में कर दिया। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी एक अक्टूबर से एकल और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में भाग लेंगे। गौरतलब है कि साल 2010 के एशियन गेम्स में पुरुष इवेंट को शामिल किया गया था और तब से भारत की पुरुष टीम ने इस मल्टी-स्पोर्ट इवेंट के हर संस्करण में पदक अपने नाम किया है। भारत ने इस इवेंट में इससे पहले अपना पहला स्वर्ण पदक जीता था, जिसे इंचियोन 2014 में हासिल किया था।

# टाइगर श्रॉफ की फिल्म गणपथ का टीजर रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की आने वाली फिल्म गणपथ का टीजर रिलीज हो गया है। पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही फिल्म गणपथ में टाइगर श्राफ के साथ कृति सेनन और अमिताभ बच्चन की मुख्य भूमिका है।इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है।टीजर की शुरुआत में दिखाया गया कि फिल्म की कहानी भविष्य के यानी 2070 एडी के आधार पर हुए बदलाव को दर्शाती है, जिसमें बुराई का खत्मा करने के लिए एक मसीहा जन्म लेता है। टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन के दमदार एक्शन सीक्वेंस की झलक टीजर वीडियो में देखने को मिल रही है। टाइगर श्रॉफ फिल्म के बॉक्सर की भूमिका में नजर आ रहे हैं। गुड कंपनी के सहयोग से पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत और विकास बहल द्वारा निर्देशित गणपथ का निर्माण वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और विकास बहल ने गया है। यह फिल्म 20 अक्टूबर को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी।

# भोजपुरी फिल्म 'लव विवाह डॉट कॉम' को मिले 10 मिलियन से ज्यादा व्यूज


**एजेंसियां**



**मुंबईः** भोजपुरी सिनेमा के चॉकलेटी स्टार प्रदीप पांडे चिंटू और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे स्टारर भोजपुरी फिल्म 'लव विवाह डॉट कॉम'को 10 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल गये है। 'लव विवाह डॉट कॉम' वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दी गई है।फिल्म को रिलीज हुई अभी महज कुछ ही दिन हुए है और फिल्म को 10 मिलियन से ज्यादा व्यूज और 113के से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।फैंस प्रदीप पांडे चिटू और आम्रपाली दुबे की जोड़ी को बतौर लीड पहली बार देखकर बेहद खुश हैं। इस फिल्म में काजल राघवानी की स्पेशल अपीयरेंस से फैंस को डबल मजा दिला दिया है। यह फिल्म मेडिकल कॉलेज में पढ़ रहे प्रदीप पांडे चिटू और आम्रपाली दुबे के लाइफस्टाल पर अधारित है। चिंटू और आम्रपाली मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई करते हैं. चिंटू थोड़ा शर्मिला लड़का है. वहीं, आम्रपाली को इसमें काफी बोल्ड और दबंग के किरदार में दिखाया है। फिल्म 'लव विवाह डॉट कॉम' के प्रोड्यूसर प्रदीप सिह, प्रतीक सिह और कोमल जी हैं।निर्देशन अनंजय रघुराज ने किया है। रत्नाकर कुमार ने फिल्म को प्रस्तुत किया है। को-प्रोड्यूसर पदम सिह हैं। इस फिल्म में प्रदीप पांडेय चिटू ,आम्रपाली दुबे के साथ अमित शुक्ला, संदीप यादव, करण पांडेय, संजय यादव और ज्योति पांडे की भी अहम भूमिका है।

# 01 अक्टूबर को ज़ी अनमोल सिनेमा पर प्रदर्शित होगी शकुंतला

**एजेंसियां**



**मुंबईः** दक्षिण भारतीय फिल्मों की जानीमानी अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु की फिल्म शकुंतला ज़ी अनमोल सिनेमा पर 01 अक्टूबर को प्रदर्शित होगी। दुष्यंत और शकुंतला की प्रेम कहानी ने दर्शकों के दिलों में पहचान बनायी है।महाकवि कालिदास की भव्य रचना 'शकुंतला' पर आधारित फिल्म शकुंतला में सामंथा रुथ प्रभु ने मुख्य किरदार निभाया है।शकुंतला और राजा दुष्यंत का विवाह तो हो जाता है लेकिन एक साधु के श्राप के कारण दुष्यंत, शकुंतला के बारे में सब कुछ भूल जाते हैं। यह एक ऐसी महिला शकुंतला के सफर की कहानी है जिसे अपने प्यार से दोबारा मिलने के लिए हर तरह के जज़्बात, दर्द और सब्र से गुज़रना पड़ता है। फिल्म शकुंतला ज़ी अनमोल सिनेमा पर 01 अक्टूबर को शाम 7 बजे प्रदर्शित होगी।

# करेंट मारेले को रितेश पांडेय ने किया रीक्रीऐट

**एजेंसियां**



**मुंबईः** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार मनोज तिवारी के चार्टबस्टर गाना गाना करेंट मारेले को रितेश पांडेय ने रिक्रियेट किया है। भोजपुरी फिल्म ससुरा बड़ा पैसावाला के लोकप्रिय गाना करेंट मारेले को रितेश पांडेय ने रिक्रियेट किया है।इस गाने में रितेश पांडेय के साथ श्वेता महरा नजर आ रही हैं। करेंट मारेले के गीतकार सिंधु तिवारी हैं और संगीतकार प्रियांशु सिह हैं। इस गाने को लेकर रितेश ने बताया कि गाना मजेदार है। इसके करेंट से कोई बच नहीं सकता है। आप सभी एक बार हमारे गाने को जरूर देखें और प्यार दें। हमने इसे बड़े प्यार से भोजपुरी संगीत प्रेमियों के लिए बनाया है। गाने के धुन से लेकर इसके वीडियो तक लोगों को पसंद आने वाले हैं। मनोज भैया हमारे आदर्श हैं। उनसे तुलना करना सही नहीं है। लेकिन मैं अपने गाने को लेकर इतना कह सकता हूँ कि यह गाना भी लाजवाब बना है और दर्शकों को यह खूब पसंद आने वाली है। मैं चाहूंगा कि हमारे चाहने वाले इस गाने को इस साल का सबसे बड़ा हिट गाना बनाएं।

## प्रदेश >> अपडेट

### एक युवक की मौत के बाद तनाव व्याप्त

**जयपुर :** राजस्थान की राजधानी जयपुर के सुभाष चौक क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दो मोटरसाइकिलों के टकराने की घटना में एक युवक की मारपीट के बाद मौत हो जाने पर क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तनाव के मद्देनजर सुभाष चौक एवं आस पास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात किया गया है ।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### प्रधानमंत्री मोदी आज छत्तीसगढ़ के चुनावी दौरे पर

**रायपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय दौरे पर दोपहर बाद यहां पहुंच रहे है। मोदी इस दौरे में बिलासपुर में भाजपा द्वारा आयोजित परिवर्तन महासंकल्प रैली को सम्बोधित करेंगे। आधिकारिक एवं भाजपा की राज्य इकाई से मिली जानकारी के अनुसार मोदी दोपहर बाद लगभग डेढ़ बजे विशेष विमान से रायपुर माना विमानतल पर पहुंचेंगे और उसके तुरंत बाद सेना के हेलीकाप्टर से बिलासपुर रवाना हो जायेंगे। मोदी वहां पर साइंस कालेज मैदान में भाजपा की परिवर्तन महासंकल्प रैली को ढ़ाई बजे सम्बोधित करेंगे। भाजपा ने इस रैली का आयोजन गत 15 सितम्बर को राज्य में दो स्थानों दंतेवाडा एवं जशपुर से निकाली गई दो परिवर्तन यात्राओं के समापन के मौके पर किया है ।राज्य में नवम्बर में विधानसभा के आम चुनाव होने है ।पिछले दो महीने में मोदी रायपुर एवं रायगढ़ में दो जनसभाएं कर चुके है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### राहुल गांधी आज मध्यप्रदेश में, जनाक्रोश यात्रा में होंगे शामिल

**भोपाल:** आज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी आज मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले में कांग्रेस की ओर से निकाली जा रही जनाक्रोश यात्रा में शामिल होंगे। गांधी पहले इंदौर आएंगे। यहां से वे शाजापुर के कालापीपल जाएंगे। वे पोलयाकलां में एक आमसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व हो रहे गांधी के इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, कांग्रेस महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण भी उपस्थित रहेंगे।

### महात्मा गांधी जयंती पर आयोजित होगी सद्भावना दौड

**कोटा :** राजस्थान के कोटा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती समारोह के दौरान सद्भावना दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर ओ पी बुनकर ने बताया कि दो अक्टूबर को प्रातः 8 बजे चम्बल गार्डन स्थित गांधी उद्यान में गांधीजी की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं गांधी जी के प्रिय भजनों एवं रामधुन गायन किया जाएगा। इसके बाद सद्भावना दौड़ का आयोजन भी किया जाएगा जो प्रातः 6 बजे उम्मेदसिंह स्टेडियम से प्रारंभ होकर अग्रसेन चौराहा से किशोर सागर तालाब होकर जेडीबी कॉलेज की ओर से पुनः स्टेडियम पहुंचकर सम्पन्न होगी। सद्भावना दौड़ में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी भाग लेंगे। इच्छुक आमजन इसमें भाग ले सकते हैं। प्रथम तीन विजेताओं को महिला एवं पुरूष दोनों वर्गों में पुरस्कृत किया जाएगा।

---

**तैयारी** — अब छोटे आकार के तोप खरीदने की तैयारी में भारत

# यूक्रेन बनाम रूस के युद्ध से सबक ले चुकी है भारतीय सेना

- रूस को इस युद्ध में भीषण नुकसान उठाना पड़ा
- भारत के पास लगभग 100 स्वचालित या स्वचालित तोपखाने हैं


राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** यूक्रेन और रूस के बीच जंग रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। यूक्रेन की कमजोर सेना ने पारंपरिक लड़ाई को फिर से परिभाषित किया है और सभी विश्लेषकों की धारणाओं को गलत साबित कर दिया है। इस वजह से रूस को इस युद्ध में भीषण नुकसान उठाना पड़ा है। इस सैन्य नीति के फॉमूर्ले पर चलते हुए भारत इस युद्ध पर पैनी नजर बनाए हुए है। अब भारतीय सेना वहां से सबक लेकर स्वचालित तोपें खरीदने जा रही है।



सूत्रों के मुताबिक नई दिल्ली सेना के लिए 400 सेल्फ प्रोपेल्ड तोपें खरीदने जा रही है। क्योंकि, यूक्रेन की लड़ाई में इन उपकरणों की भूमिका बेहद अहम थी। यूक्रेन के तोपखाने बलों ने रूसी सैनिकों पर बार-बार गोलीबारी की, जिससे उन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। इन उपकरणों का संयोजन त्वरित हमलों और युद्ध के मैदान पर स्थिति बदलने के लिए बहुत अच्छा है। ये तोपें एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्व-चालित होती हैं। अलग वाहन की आवश्यकता नहीं है। इससे प्रतिद्वंद्वी के लिए हमलावर तोपखाने का स्थान या आधार ढूंढना मुश्किल हो जाता है। वर्तमान में भारत के पास लगभग 100 स्वचालित या स्वचालित तोपखाने हैं। मूल रूप से, उन के-9 थंडर हॉवित्जर तोपों को चीनी सीमा पर तैनात किया गया है। हालाँकि, यह 3,488 किमी चौड़ी सीमा की सुरक्षा के लिए अपर्याप्त है। गलवान संघर्ष के बाद तो स्थिति और भी स्पष्ट हो गई है। इसलिए, भारतीय सेना लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में लालफौज ठिकानों को कुचलने के लिए तोपखाने बल को और अधिक घातक बनाना चाहती है। बता दें कि भारतीय सेना ने अरुणाचल के तवांग बॉर्डर पर तोपखाना तैनात कर दिया है। सीमा पर अमेरिका में बनी आधुनिक एम-777 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपें हैं। जो पलक झपकते ही दुश्मन के टैंक को निशाना बनाने के लिए तैयार है। वजन में हल्का होने के कारण इसे कहीं भी ले जाना सुविधाजनक है। बोफोर्स तोपें भी हैं। ये तोपें पहले भी कई युद्धों में अपनी प्रभावशीलता साबित कर चुकी हैं। लेकिन उन्हें ले जाने के लिए बड़े ट्रकों या अन्य वाहनों की आवश्यकता होती है।

## अदालत ने सह:प्रतिवादी स्कॉट हॉल को दोषी ठहराया



एजेंसियां

**वाशिंगटन:** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़े जॉर्जिया चुनाव हस्तक्षेप मामले में सह:प्रतिवादियों में से एक स्कॉट हॉल को फुल्टन काउंटी सुपीरियर कोर्ट ने दोषी ठहराया है। हॉल पर सात आरोप हैं, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वह जॉर्जिया में 2020 के चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन की जीत को पलटने के लिए पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ एक साजिश का हिस्सा थे। स्कॉट पर विशेष रूप से कॉफ़ी काउंटी में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप है।

फुल्टन काउंटी के न्यायाधीश स्कॉट मैकेफी ने शुक्रवार को उसके खिलाफ प्रत्येक मामले के लिए 12 महीने की परिवीक्षा लगाई, जिसके कारण प्रभावी रूप से पांच साल की परिवीक्षा अवधि के साथ:साथ प्रत्येक मामले के लिए 1,000 डॉलर का जुर्माना यानी कुल 5,000 डॉलर का जुर्माना लगाया। इसके अलावा ने स्कॉट को मतदान या चुनाव प्रशासन से संबंधित किसी भी गतिविधि में भाग नहीं लेने का आदेश दिया।


## देश में दो-तीन उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए हो रहे काम : राहुल



एजेंसियां

**कालापीपल:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए आज कहा कि देश में बस दो:तीन उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए सब काम हो रहे हैं। गांधी मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले के कालापीपल स्थित पोलायकलां में कांग्रेस की प्रदेश इकाई की जनाक्रोश यात्रा सभा को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया कि देश में 2:3 अरबपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए विभिन्न काम किए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि संसद में जैसे ही उन्होंने अडाणी मुद्दे पर भाषण दिया, उनकी लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई। गांधी ने इसी क्रम में कहा कि ऐसी बातों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता, उन्हें सिर्फ सच्चाई सबके सामने रखनी थी। उन्होंने कहा कि आज देश में हर बंदरगाह, हवाईअड्डे और हर बुनियादी सुविधा पर अडाणी दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान की जेब से पैसा निकल कर अडाणी की जेब में जा रहा है। मध्यप्रदेश के संदर्भ में उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश को देश भर में भ्रष्टाचार का केंद्र बना दिया है। इसके साथ ही उन्होंने महाकाल लोक का भी जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जब वे मध्यप्रदेश से होकर गुजरे तो किसानों ने उन्हें बताया कि मध्यप्रदेश में उनकी फसलों के सही दाम नहीं दिए जा रहे। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में पिछले 18 साल में 18 हजार किसानों ने आत्महत्या की है। देश के विभिन्न राज्यों की कांग्रेस सरकारों का जिक्र करते हुए गांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़, कर्नाटक और राजस्थान में कांग्रेस ने जो गारंटी दीं, उन्हें पूरा किया।

## मणिपुर हिंसा अखंडता को बिगाड़ने की गतिविधियों का परिणाम: बीरेन



एजेंसियां

**इंफाल :** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने शनिवार को कहा कि जो लोग इस राज्य को विघटित करना चाहते हैं उनकी गतिविधियां ही मणिपुर हिंसा का मूल कारण हैं। सिंह ने उन्होंने कहा,भले ही संकट के कारण सभी को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, फिर भी हम भगवान की कृपा से एक साथ रह रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि विस्थापितों के पुनर्वास के लिए विभिन्न स्थानों पर प्रीफैब्रिकेटेड आवासों का निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। कुछ विस्थापित लोग, जिनके घर हिंसा में जलाए नहीं गए थे या जमींदोज नहीं किए गए थे, उन्होंने अपने मूल निवास स्थानों पर फिर से बसना शुरू कर दिया है। जिन लोगों के घर जल गए हैं, उनके लिए सरकार नए घर बनाने की योजना बना रही है। उन्होंने बताया कि राहत शिविरों में रहने वाले श्रमिक कार्ड धारकों के बच्चों की शिक्षा के लिए विशेष योजना के तहत सरकार रुपये की राशि प्रदान कर रही है। राहत शिविरों में रहने वाले प्रत्येक श्रमिक कार्ड धारकों को 5000 रुपये दिए जाएंगे ताकि उनके बच्चों की शिक्षा में थोड़ी मदद की जा सके। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा है कि राज्य सरकार पहले ही रुपये की वित्तीय सहायता वितरित कर चुकी है। राहत शिविरों में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पहले चरण के रूप में 1000 रुपये दिए जाने की जानकारी दी गई। दूसरे चरण के रूप में जल्द ही 1000 का वितरण किया जाएगा। विभिन्न राहत शिविरों में रह रहे लोगों के प्रति प्रेरणा व्यक्त करते हुए बीरेन ने कहा कि सरकार सभी विस्थापित लोगों के पुनर्वास और आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए हर संभव उपाय कर रही है।

## अभिषक ने भाजपा पर कसा तंज

एजेंसियां



**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने राज्य के विशेष ट्रेन मुहैया नहीं कराए जाने के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कड़ा प्रहार किया। बनर्जी ने कहा, भाजपा सरकार ने स्वीकृति के बाद शर्मनाक तरीके से विशेष ट्रेन मुहैया कराने से इनकार कर दिया। अपने उचित बकाये के लिए विरोध करने के पश्चिम बंगाल के अधिकार में यह ज़बरदस्त बाधा उनके डर का स्पष्ट प्रमाण है। राज्य के लोगों के सामने सहमते हुए देखकर अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा, अपने सारे शस्त्र निकालों, सभी सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करो, लेकिन कोई भी हमारे आंदोलन को रोक नहीं पाएगा। वास्तव में यह हमारे विचार, हमारे आंदोलने की भाषा के लिए सिर्फ ईंधन है। हमें रोकने की कोशिश से और अधिक हमारे लोग उठेंगे, मजबूत होंगे और उसका नतीजा उनके सामने नजर आएगा।

**पलायन** — अजरबैजान के खूनी हमले में 200 लोग मारे गए और अन्य घायल हो गए

# अर्मेनियाई लोग नागोर्नो-काराबाख से भाग रहे

राष्ट्रीय खबर

**नागोर्नो-काराबाख:** अजरबैजान और आर्मेनिया के विवाद के बाद अब अर्मेनियाई लोग इलाका छोड़कर भाग रहे हैं। नोना पोघोस्यान ने एक दिन सुबह नागोर्नो-काराबाख में अपने परिवार के घर के आसपास घूमते हुए बिताई और यह समझने की कोशिश की कि क्या ले जाना है, सबसे महत्वपूर्ण सामान क्या है जिसे मैं अपने सूटकेस में रखा जा सकता है। उसके नौ साल के जुड़वां बच्चे ऊपर की मंजिल पर थे और यह तय कर रहे थे कि उन्हें अपना कौन सा सामान पीछे छोड़ना है। क्षेत्र की राजधानी स्टेपानाकर्ट में अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ आर्मेनिया के कार्यक्रम समन्वयक पोघोस्यान ने बताया, वे हर खिलौने के लिए रोते हैं। पोघोस्यान और उनका



परिवार अर्मेनिया के लिए नागोर्नो-काराबाख से भागने वाले हजारों लोगों में शामिल होने वाला है, कुछ दिनों बाद अजरबैजान ने जोरदार हमला किया और कहा कि उसने अलग हुए क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण वापस ले लिया है, जिससे क्षेत्र के 120,000 जातीय अर्मेनियाई लोगों का बड़े पैमाने पर पलायन शुरू हो गया है। अर्मेनियाई विदेश मंत्रालय ने सीएनएन को बताया कि मंगलवार तक नागोर्नो-काराबाख से 13,500 से अधिक लोग आर्मेनिया पहुंचे थे। सोमवार शाम को जैसे ही कई लोग एन्क्लेव से भागने की कोशिश कर रहे थे, स्टेपानाकर्ट के पास एक गैस स्टेशन में एक शक्तिशाली विस्फोट हुआ, जहां लोग आर्मेनिया जाने से पहले ईंधन प्राप्त करने का प्रयास कर रहे थे। नागोर्नो-काराबाख मानवाधिकार लोकपाल गेघम स्टेपनियन के अनुसार, विस्फोट में कम से कम 68 लोग मारे गए और 290 घायल हो गए। स्टेपैनियन ने यह भी कहा कि 100 से अधिक लोग लापता हैं। पिछले सप्ताह अजरबैजान के संक्षिप्त लेकिन खूनी हमले में 200 से अधिक लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए, इससे पहले काराबाख के अधिकारी रूस की मध्यस्थता वाले युद्धविराम पर सहमत हुए थे जिसमें वे अपने सशस्त्र बलों को भंग करने पर सहमत हुए थे। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने कहा कि बाकू ने कठिनाई के साथ एन्क्लेव पर अपनी संप्रभुता बहाल कर दी है। काराबाख राष्ट्रपति ने बताया कि काराबाख के अधिकांश अर्मेनियाई लोग अजरबैजान में नहीं रहना चाहते हैं और वे आर्मेनिया के लिए रवाना हो जाएंगे। अजरबैजान ने कहा है कि वह इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों के अधिकारों की गारंटी देगा, लेकिन अर्मेनियाई प्रधान मंत्री निकोल पशिनियन और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने बार-बार एन्क्लेव में अर्मेनियाई लोगों के जातीय सफाए के जोखिम की चेतावनी दी है।

हमारे लोग अजरबैजान का हिस्सा बनकर नहीं रहना चाहते। निन्यानवे दशमलव नौ प्रतिशत लोग हमारी ऐतिहासिक भूमि को छोड़ना पसंद करते हैं। पोघोस्यान ने कहा कि वह एक भी ऐसे परिवार को नहीं जानती जो नागोर्नो-काराबाख में रहने की योजना बना रहा हो। अलीयेव आपको बहुत सारी कहानियाँ सुना सकते हैं।

---

## >>>> न्यूज फटाफट

### रूस ने बेलगोरोड क्षेत्र में यूक्रेन के नौ उरगन एमएलआरएस रॉकेटों को मार गिराया

**मास्को :** रूस ने कहा है कि उरगन मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम (एमएलआरएस) से नौ रॉकेटों का उपयोग करके रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में आतंकवादी हमले को अंजाम देने के यूक्रेन के प्रयास को विफल कर दिया गया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा, 30 सितंबर की सुबह मास्को समयानुसार लगभग 3:45 बजे यूक्रेन शासन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र पर आतंकवादी हमला करने का प्रयास किया गया, जिसे विफल कर दिया गया। यूक्रेन ने इसके लिए उरगन एमएलआरएस के नौ रॉकेटों का उपयोग किया। मंत्रालय ने कहा, ड्यूटी पर मौजूद वायु रक्षा प्रणालियों ने बेलगोरोड क्षेत्र के ऊपर हवा में सभी नौ रॉकेटों को नष्ट कर दिया। इससे पहले, क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा कि वायु रक्षा बलों ने रूसी शहर बेलगोरोड के पास हवाई लक्ष्यों को मार गिराया, कोई हताहत या क्षति की सूचना नहीं है।

### एपेक शिखर सम्मेलन के लिए रूस को अमेरिका का निमंत्रण नहीं मिला है: एंटोनोव

**मास्को :** रूस को अभी तक सैन फ्रांसिस्को में आयोजित होने वाले एशिया:प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन के लिए अमेरिका की ओर से आधिकारिक निमंत्रण नहीं मिला है। अमेरिका में रूस के राजदूत अनातोली एंटोनोव ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने नवंबर में आयोजित होने वाले एपेक शिखर सम्मेलन के मुद्दे पर कहा, हमें अभी तक अमेरिका से आधिकारिक निमंत्रण नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि रूस अमेरिका से सभी प्रतिनिधिमंडलों के लिए एपेक शिखर सम्मेलन में समान पहुंच सुनिश्चित करने और उचित समय पर वीजा जारी करने का आग्रह करता है। एंटोनोव ने कहा, हम व्हाइट हाउस से सभी प्रतिनिधिमंडलों के लिए मंच तक समान पहुंच और समय पर वीजा जारी करने को सुनिश्चित करने का आान करते हैं। साथ ही इस मंच के काम का राजनीतिकरण करना बंद करें।

### स्कॉटलैंड में दो ट्रेनों में टक्कर, दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

**एडिनबर्ग :** उत्तरी स्कॉटलैंड में दो ट्रेनों के बीच टक्कर में घायल हुए दो लोगों को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक दुर्घटना शुक्रवार को शाम 7:10 बजे केयर्नगॉर्म्स के एवीमोर रेलवे स्टेशन पर हुई। स्कॉटिश फायर एंड रेस्क्यू सर्विस (एसएफआरएस) के एक प्रवक्ता ने कहा, दो हताहतों को रायगमोर अस्पताल पहुंचाया गया है। तीन हताहतों का इलाज घटनास्थल पर ही किया गया, लेकिन उन्हें अस्पताल ले जाने की जरूरत नहीं पड़ी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्टेशन पर प्रतिष्ठित फ्लाइंग स्कॉट्समैन स्टीम लोकोमोटिव और रॉयल स्कॉट्समैन के बीच टक्कर हुई थी। स्कॉटिश ग्रीन्स ट्रांसपोर्ट के प्रवक्ता मार्क रस्केल ने कहा, यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि घटना किस वजह से घटित हुई। मामले की जांच की जा रही है।

### वेस्ट बैंक में इजरायली सैनिकों को गोलीबारी में एक फिलिस्तीनी की मौत

**रामल्ला :** इजरायली सेना ने वेस्ट बैंक के अल:बिरेह में एक फिलिस्तीनी व्यक्ति की हत्या कर दी। यह जानकारी फिलिस्तीनी चिकित्सा और सुरक्षा सूत्रों ने दी। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इजरायली सेना की ओर से की गयी गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल मोहम्मद जिब्रील रमाना की मौत हो गई। मंत्रालय के मुताबिक इस घटना में एक अन्य व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गया। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि इजरायली सेना ने वेस्ट बैंक के शहर अल:बिरेह में पसगोट बस्ती के प्रवेश द्वार पर दो युवकों पर गोलियां चलाईं। इज़रायली सेना के प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने कहा कि इज़रायली बलों ने उन फ़िलिस्तीनियों पर गोलियां चलाईं जिन्होंने पसगोट समुदाय से सटे एक सैन्य चौकी की ओर मोलोटोव कॉकटेल फेंके थे। उन्होंने कहा, घटनास्थल पर नियमित निगरानी कर रहे सैनिकों ने संदिग्धों की पहचान की और जवाबी कार्रवाई की। दो हमलावरों को मार गिराया गया और चिकित्सा उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में इजरायली सैनिकों के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### पाकिस्तान में एक आतंकवादी मारा गया, एक सैनिक की मृत्यु

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में दो सैन्य अभियानों में कम से कम एक आतंकवादी कमांडर मारा गया तथा एक सैनिक की मृत्यु हो गयी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर:सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शुक्रवार की रात बताया कि सुरक्षा बलों के जवानों गुरुवार रात प्रांत में दो अलग:अलग स्थानों पर आतंकवादी समूहों से मुठभेड़ हुई।

### आज का इतिहास

- 1847 : प्रख्यात समाजसेविका, लेखिका एवं स्वतंत्रता सेनानी एनी बेसेंट का जन्म हुआ।
- 1854 : भारत में डाक टिकट का प्रचलन आरंभ हुआ। टिकट पर महारानी विक्टोरिया का सिर और भारत बना होता था। इसकी कीमत आधा आना (1/32 रुपये) थी।
- 1895 : पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री लियाक़त अली ख़ाँ का जन्म हुआ।
- 1919 : हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी का जन्म हुआ।
- 1919 : हन्टर समिति की स्थापना ब्रिटिश सरकार द्वारा 1 अक्टूबर, 1919 ई. को की गई थी।
- 1924 : अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति जिमी कार्टन का जन्म हुआ।
- 1949 : चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के शासन की शुरुआत हुई।
- 1949 : जनरल माओ:त्से:तुंग द्वारा चीन जनवादी गणराज्य (पीपुल्स रिपब्लिक आफ चाइना) की घोषणा।
- 1953 : आंध्र प्रदेश अलग राज्य बना।
- 1960 : नाइज़ीरिया यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्र हुआ।
- 1967 : भारतीय पर्यटन विकास निगम की स्थापना हुई।
- 1978 : लड़कियों की शादी की उम्र को 14 से बढा कर 18 और लड़कों का 18 से बढा कर 21 वर्ष किया गया।
- 1996 : अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन द्वारा पश्चिम एशिया शिखर सम्मेलन का उद्घाटन।
- 1998 : लंका में किलिनोच्ची एवं मानकुलम शहरों पर कब्ज़े के लिए सेना एवं लिट्टे उगवादियों के बीच हुए संघर्ष में 1300 लोगों की मृत्यु।
- 2001 : जानेमाने राजनीतिज्ञ, पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्रनाथ द्विवेदी का निधन हआ
- 2000 : सिडनी में 27वें ओलम्पिक खेल सम्पन्न।
- 2002 : एशियाड खेलों में स्नूकर प्रतिस्पर्द्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ।
- 2003 : नदियों को जोड़ने के सम्बन्ध में बांग्लादेश की आशंकाओं को भारत ने दूर किया।
- 2004 : इज़रायली प्रधानमंत्री एरियल शैरोन के मंत्रिमंडल ने गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर सैनिक कार्रवाई की योजना को मंजूरी दी।
- 2005 : इंडोनेशिया के बाली में हुए बम विस्फोट में 40 लोगों की मृत्यु।
- 2006 : इज़रायल ने लेबनान से अपनी सेना की आखरी टुकड़ी को भी वापस बुलाया।
- 2007 : जापान ने उत्तर कोरिया के ख़िलाफ़ प्रतिबन्धों को अगले छः महीनों तक बढ़ाने की घोषणा की।
- 2008 : आतंकवादियों ने त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में बम ब्लास्ट किया।
- 2015 : ग्वाटेमाला के संता काटरीना पिनुला में भारी बारिश और भूस्खलन से 280 लोगों की मौत।

## रांची के लापुंग में गोलीबारी

रांची: जिले के लापुंग थाना क्षेत्र के हुलसु गांव में शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे गोलीबारी हुई है। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जबकि दूसरे व्यक्ति की हालत गंभीर है। उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज ल रहा है। मृतक की पहचान राजेश के रूप में हुई है। घायल की पहचान संदीप के रूप में की गयी है।

**फैसला** तारा शाहदेव लव जिहाद मामला में कोर्ट का आया फैसला

# रकीबुल उर्फ रंजीत कोहली, मुश्ताक अहमद और कौशल रानी दोषी करार

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने नेशनल शूटर तारा शाहदेव से जुड़े केस में अपना फैसला सुना दिया है। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने 23 सितंबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने इस केस में ट्रायल फेस कर रहे तीनों आरोपियों रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल हसन, हाईकोर्ट के बर्खास्त पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) मुश्ताक अहमद और कोहली की मां कौशल रानी को दोषी करार दिया है। दोषियों की सजा की बिंदु पर अदालत 5 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। दोषी करार दिये जाने के बाद कोर्ट के आदेश से दोषियों को न्यायिक हिरासत में ले लिया गया है। फैसले के दौरान कोर्ट में मौजूद पीड़िता तारा शाहदेव ने कहा कि मैंने इंसाफ मांगा था और कोर्ट में मुझे इंसाफ दिया। आज के दिन का लंबे समय से इंतजार था। बता दें कि सीबीआई की ओर से केस साबित करने के लिए कुल 26 गवाह पेश किये गये। उन गवाहों और सीबीआई द्वारा पेश किये गये सबूतों के आधार पर कोर्ट ने रकीबुल हसन उर्फ रंजीत कोहली, मुश्ताक अहमद और कौशल रानी को दोषी करार दिया। वहीं बचाव पक्ष द्वारा पेश किये गये 4 गवाह कोर्ट में तीनों की बेगुनाही साबित नहीं कर पाये।बता दें कि कोर्ट ने दो जुलाई 2018 को तीनों आरोपियों रकीबुल हसन उर्फ रंजीत कोहली, मुश्ताक अहमद और कौशल रानी के खिलाफ आरोप गठित किया था। रांची के हिंदपीढ़ी थाना में दर्ज प्राथमिकी 742/2014 को सीबीआई ने वर्ष 2015 में टेक ओवर किया था। जीत कोहली उर्फ रकीबुल हसन, मुश्ताक अहमद और कौशल रानी पर सोची समझी साजिश के तहत तारा शाहदेव के साथ मारपीट करने, धर्म परिवर्तन के लिए प्रताड़ित करने और उसके साथ छेड़छाड़ करने का आरोप था, जो कोर्ट के फैसले के बाद अब प्रमाणित हो गया है। आरोपों के मुताबिक, 7 जुलाई 2014 को तारा शाहदेव और रकीबुल उर्फ रंजीत कोहली की शादी हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई थी। लेकिन शादी के दूसरे दिन यानी 8 जुलाई को रकीबुल और मुश्ताक अहमद ने तारा को इस्लाम धर्म के मुताबिक निकाह करने और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव देना शुरू किया।

## वर्चस्व और दहशत फैलाने के लिए पंडरा में युवक को मारी गई थी गोली

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** पंडरा ओपी क्षेत्र के एलएन मिश्रा कॉलोनी के पास वर्चस्व और दहशत फैलाने के उद्देश्य से मनीष कुमार को गोली मारी गई थी। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पंडरा ओपी प्रभारी शिवनारायण तिवारी और दारोगा रमेश कुमार झा समेत अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस घटना में शामिल छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें आकाश कुमार सोनी, कुमार अनुराग, मनीष कुमार झा, विपिन कुमार सिंह, वरुण देव और आशीष आनंद शामिल हैं। सभी अपराधी पंडरा ओपी क्षेत्र के रहनेवाले हैं। शनिवार को कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को यह जानकारी दी। बताया कि इस घटना को बिट्टू पांडे उर्फ सुजीत उपाध्याय द्वारा अपना वर्चस्व और क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए अंजाम दिया गया।यह घटना बीते 26 सितंबर की रात करीब 8:30 बजे हुई थी। अपराधियों ने मनीष कुमार को गोली मारकर घायल कर दिया था। घायल युवक मनीष एलएन मिश्रा कॉलोनी का रहने वाला है। वह अपनी दो बहन, भाई और मामा के साथ किराए के मकान में रह रहा है। मूलरूप से गुमला का रहने वाला मनीष रांची के अपर बाजार में एक प्रतिष्ठान में काम करता है। इस घटना में गोली की आवाज सुनकर कॉलोनी के लोग बाहर निकले। सड़क पर गिरे घायल मनीष को आनन-फानन में रिम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## चितरंजन को तीन दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी पुलिस, कोर्ट ने दी मंजूरी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** कांके थाना में जमीन कारोबारी अवधेश यादव पर दिनदहाड़े गोली चलवाने के आरोपी चितरंजन कुमार को रांची पुलिस तीन दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। कांके पुलिस ने रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की कोर्ट में चितरंजन, पंकज और हर्ष समेत पांच आरोपियों को चार दिनों (96 घंटे) की रिमांड देने की अनुमति मांगी। लेकिन कोर्ट ने 3 दिनों की रिमांड की ही मंजूरी दी है। चितरंजन अवधेश यादव के ऊपर हमला करवाने के मामले में प्रमुख आरोपी है। उसे शुक्रवार (29 सितंबर) को पटना स्थित बेऊर जेल से रांची लाया गया।बता दें कि पिछले दिनों कांके थाना क्षेत्र स्थित ब्लॉक चौक के पास जमीन कारोबारी अवधेश यादव को दो अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े गोली मारी थी। जिसके बाद घायल अवधेश के भाई के बयान पर चितरंजन और कृष्णा नायक समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। फिलहाल अवधेश एक निजी अस्पताल में इलाजरत है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में मना विश्व वृद्ध दिवस

**रांची:** डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल के शिक्षकों व बच्चों ने विश्व वृद्ध दिवस मनाया। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को स्मरण किया।

## पोड़ाहाट और कोल्हान क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान होंगे तेज, बनी रणनीति

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** ट्राई जंक्शन, पोड़ाहाट और कोल्हान क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अब और तेजी आयेगी। इसको लेकर शुक्रवार (29 सितंबर) को झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी की अध्यक्षता में रणनीति बनायी गयी। इसमें झारखंड पुलिस के अफसर के अलावा एसएसबी और सीआरपीएफ के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान तीनों क्षेत्रों में निरंतर अभियान के लिए रोड मैप, माओवादियों को सुविधा देने वाले और समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई करने सहित कई मुख्य एजेंडे पर रणनीति बनायी गयी। ट्राई जंक्शन, पोड़ाहाट और कोल्हान क्षेत्र में कई बड़े नक्सली सक्रिय हैं। इसमें मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी, असीम मंडल, चमन, संतोष, अजय महतो, अनमोल दा, बेला सरकार, रामप्रसाद मारड़ी, अमित मुंडा, गुलशन मुंडा, संतोष महतो, भवानी, मदन महतो, मेहनत, कांडे होगहांगा, जयंती, सालुका कायम, प्रभात मुंडा, रवि सिंह सरदार, नयनतारा, अमोज मोदक, सागेन अंगारिया, सुलेमान हांसदा, राहुल चंपिया, बबलू और गौरी का नाम शामिल है।झारखंड के कोल्हान क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच निर्णायक लड़ाई लड़ी जा रही है। पुलिस कोल्हान की जंग कब का जीत गयी होती, लेकिन जंगली इलाकों में नक्सलियों द्वारा अपने बचाव के लिए लगाये गये आईईडी इस जंग को जीतने में बाधक बन गये हैं। इसका नतीजा यह है कि कोल्हान के जंगल में हर दूसरे या तीसरे दिन आईईडी विस्फोट हो रहे हैं। बारूदी सुरंग विस्फोट में कभी सुरक्षा बल के जवान घायल हो रहे हैं, तो कभी किसी ग्रामीण की जान जा रही है। नक्सलियों ने कोल्हान के इलाके में खुद को बचाने के लिए ऐसा चक्रव्यू बनाया है, जिसे भेद पाने में झारखंड पुलिस अब तक कामयाब नहीं हो पायी है। इस वजह से कोल्हान में लगातार आईईडी की चपेट में आने से ग्रामीणों और उनके पशुओं की जान जा रही है। आईईडी विस्फोट से ग्रामीणों की मौत का आंकड़ा हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। जंगल में जाना ग्रामीणों के लिए मजबूरी है, तो नक्सलियों के खात्मे के लिए सुरक्षाबलों के लिए भी जंगलों में उतरना बेहद जरूरी।झारखंड के आठ जिले माओवादियों की सक्रियता के लिहाज से अति माओवाद प्रभाव श्रेणी में हैं। वहीं राज्य के 16 जिलों में माओवादियों का प्रभाव है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक, पूर्व में देशभर के 90 जिले माओवाद प्रभावित थे। लेकिन अब इसकी संख्या घटकर 70 रह गयी है। केंद्र ने 70 में से 25 जिलों को अति माओवादी प्रभाव वाला माना है।

### विजय और प्रेम अंतिम सांस तक जेल में रहेंगे

**रांची:** नाबालिग को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन दोषियों के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट ने सजा का एलान कर दिया है। अदालत ने नाबालिग दोषी को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं दो अन्य दोषियों को अंतिम सांस तक जेल की सलाखों के पीछे रखने का आदेश दिया है। रांची सिविल कोर्ट स्थित पोक्सो की विशेष अदालत ने यह फैसला सुनाया है। कोर्ट ने जिन्हें दोषी करार दिया है, उनमें एक नाबालिग समेत विजय रजवार और प्रेम कुमार शामिल हैं।

## श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट में वस्त्र एव उपयोग की वस्तुओं का वितरण

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** एम.आर.एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान मे ट्रस्ट के सदस्यों ने आज दिनांक 30/09/2023 शनिवार को पितृ पक्ष(श्राद्ध)के प्रथम दिवस के उपलक्ष्य में निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग मे आये हुए लगभग 150 निर्धन बच्चों एवं ग्रामीण महिलाओं के बीच सामुहिक श्राद्ध दिवस का सफल आयोजन बच्चों एव महिला, पुरुष को श्राद्ध पितृ पक्ष(श्राद्ध) पर बच्चो एवं महिलाओ को साडी नायटी,वही बच्चो के बीच टूथपेस्ट, टूथब्रश, नहाने कपडा धोने के साबुन का वितरण का कार्य उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,सचिव मनोज कुमार चौधरी, सज्जन पाड़िया,ओमप्रकाश सरावगी, विष्णु सोनी, विशाल जालान एव वहाँ के सेवाधारीयों की देखरेख मे संस्था के सदस्यों के द्वारा किया गया। आज की सेवा के महान कार्यक्रम मे संस्था के उपाध्यक्ष निर्मल जालान एव राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी, सज्जन पाड़िया, नवल टिबडेवाल, ओमप्रकाश सरावगी, बिष्णु सोनी, ज्ञान प्रकाश शर्मा, धीरज कुमार गुप्ता, चन्द्रदिप साहु एव संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे। पितृ पक्ष के दुसरे एवं तीसरे दिन के अवसर पर संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) के परिसर में कल रविवार 01 अक्टूबर 2023 को 12:30 बजे से उर्मिला पाडिया एव उनके परिवार के सौजन्य से 110 वाँ निःशुल्क अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण किया जाएगा। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति अरगोड़ा में झारखंड की संस्कृति को दिखाने का प्रयास किया जाऐगा

# इस बार का पूजा बजट है 35 लाख रुपये का

- यहां प्रत्येक बर्ष होता है रावण दहन कार्यक्रम
- पंडाल का निर्माण कोलकाता के चंदन जेना के द्वारा बनाया जा रहा है

छवि वर्मा



**रांची :** रांची के पूजा पंडालों में अरगोड़ा का भक्तों के बीच अलग ही महत्व है। यहां पूजा समिति के लोग भक्तों की सुविधा-असुविधा का विशेष ध्यान रखते हैं। अरगोड़ा में सन 1967 से ही श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति के द्वारा अरगोड़ा का पूजा पंडाल बनते आ रहा है। इस वर्ष काल्पनिक पूजा पंडाल बन रहा है जिसमें झारखंड की संस्कृति को दिखाने का प्रयास किया गया है । पूजा पंडाल में उत्सव का माहौल पंडाल में नजर आएगा। भव्यता एवं आकर्षित करने वाली विद्युत सज्जा देखते ही बनेगी। भक्तों को बेताबी से इंतजार पंडाल के पट खुलने की रहती है। पट खुलने के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ पंडाल पहुंचने को आतुर रहती है। पंडाल में आम एवं खास के पहुंचने का दौर महासप्तमी के साथ ही शुरू हो जाता है। समिति के अध्यक्ष पंकज ने बताया की पूरा पूजा कार्यक्रम करने में 35 लाख रुपए खर्चा आ रहा है। पंडाल का निर्माण कोलकाता के चंदन जेना के द्वारा बनाया जा रहा है लाइटिंग अरगोड़ा चौक से लेकर पंडाल तक बनाया जाएगा।और करनाल के अंदर भाभी लाइटिंग के द्वारा काल्पनिक पंडाल दिखता नजर आएगा।

अरगोड़ा पूजा का पंडाल में निर्माण का कार्य पूरा जोर शोर से चल रहा है।

बाहरी ढांचा करीब करीब तैयार हो चुका है परंतु अभी बहुत काम बचा है। लाईटिंग अरगोड़ा चौक से ही प्रारंभ होकर पंडाल तक लगाने की तैयारी की जा रही है। जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और सब भक्तगण माता का दर्शन अच्छी तरह से कर सकें तथा पूजा अर्चना करने में कोई परेशानी न हो। बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है ताकि लोग सपरिवार मातारानी के इस महापर्व में निश्चिंत होकर भाग ले सकें।

पंडाल के चारों ओर सीसी टीवी कैमरा लगाया जा रहा है ताकि सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था हो सके। पंडाल में सुरक्षा के लिए अग्निशमन की व्यवस्था भी की गयी है। प्रवेश और निकास द्वार को अधिक विस्तृत रखा जा रहा है ताकि भक्तों को पंडाल के अंदर तक आने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। समिति के अध्यक्ष पंकज ने सभी से आग्रह किया कि वे पंडाल में आकर मातारानी के दर्शन करें और यहां के नयनाभिराम सज्जा का अवलोक करें।